

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 102 | सोमवार, 25 मई 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल नवमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर


### कॉकरोच विवाद के बीच एक और मामले पर घमासान


**नई दिल्ली :** देश में कॉकरोच विवाद अभी थमा नहीं था कि अब एक और मामले पर घमासान शुरू हो गया है। यह मामला भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की एक टिप्पणी से जुड़ी है। इस लेकर वकीलों और पूर्व नौकरशाहों में गुस्सा देखा जा रहा है। इन सभी ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया को एक खुला पत्र लिखा है, जिसमें 70 से अधिक सेवानिवृत्त सिविल सेवकों ने राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के एक आदेश के विरुद्ध अपील की सुनवाई के दौरान पर्यावरण संबंधी याचिकाकर्ताओं पर उनकी हालिया टिप्पणियों पर चिंता व्यक्त की है। 'संवैधानिक आचरण समूह' द्वारा जारी किया गया है। एनजीटी के 26 नवंबर, 2025 के आदेश में गुजरात के पिपावाव बंदरगाह विस्तार परियोजना को दी गई पर्यावरण और तटीय विनियमन क्षेत्र संबंधी स्वीकृतियों को बरकरार रखा गया था।

### 'केंद्र सरकार' पर जमकर बरसे केजरीवाल

**नई दिल्ली :** देश में पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने एक बार फिर पीएम मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है।आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वीडियो शेयर की जिसमें उन्होंने केन्द्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। वीडियो में उन्होंने कहा कि आज फिर से भारत सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ा दीं। पिछले 10-15 दिनों में ये तीसरी बार कीमतें बढ़ाई हैं। वो अंग्रेजी में एक कहावत है ना— 'स्लो पॉयजन' दे रहे हैं, धीमा-धीमा जहर दे रहे हैं। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10-15 दिन में पेट्रोल और डीजल की लगभग 4 से 5 पर लीटर दाम बढ़ गए हैं। गैस सिलेंडर के भी बहुत ज्यादा दाम बढ़ गए हैं। लोगों को घर चलाना मुश्किल हो रहा है और लोग इतने ज्यादा डरे हुए हैं, सदमे में हैं लोगों को ये नहीं पता। सरकार से पूछो, सरकार कुछ नहीं बता रही।

## ईरान वार्ता के बीच व्हाइट हाउस पर हमला, 25 राउंड हुई फायरिंग





**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की सुरक्षा जांच चौकी के पास अधिकारियों पर गोलीबारी करने वाले एक व्यक्ति की सुरक्षाकर्मियों की जवाबी कार्रवाई में मौत हो गई है। संघीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'यूएस सीक्रेट सर्विस' ने शनिवार देर रात एक बयान में कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, हमलावर पूर्वी समयानुसार (ईटी) शाम छह बजे के कुछ देर बाद एक जांच चौकी के पास पहुंचा, उसने ''अपने बैग से हथियार निकाला और वहां तैनात अधिकारियों पर गोलीबारी शुरू कर दी।''

'सीक्रेट सर्विस' के अनुसार अधिकारियों ने जवाबी गोलीबारी की जिसमें आरोपी घायल हो गया। उसने बताया कि आरोपी को क्षेत्र के एक अस्पताल ले जाया गया जहां बाद में उसकी मौत हो गई। इस दौरान एक राहगीर को भी गोली लगी है लेकिन कानून प्रवर्तन के एक अधिकारी ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि वह संदिग्ध द्वारा शुरू में चलाई गई गोलियों से घायल हुआ या अधिकारियों द्वारा की गई गोलीबारी के दौरान उसे गोली लगी। 'सीक्रेट सर्विस' ने कहा कि उसका कोई भी अधिकारी इस दौरान घायल नहीं हुआ और घटना के समय 'व्हाइट हाउस' में मौजूद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सुरक्षित हैं। 'व्हाइट हाउस' में शनिवार को मौजूद पत्रकारों ने कई गोलियां चलने की आवाज सुनाई देने की सूचना दी और उन्हें संवाददाता सम्मेलन कक्ष के भीतर जाने को कहा गया।

## पीएम के रूट पर विस्फोटक मिलने के मामले छह पुलिसकर्मी निलंबित



**नई दिल्ली।** बेंगलुरु में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा व्यवस्था में चूक के मामले में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई कर दी है। दरअसल, इस महीने की शुरुआत में पीएम मोदी के तय रूट के करीब विस्फोटक बरामद होने के बाद पुलिस विभाग कटघरे में आ गया था। अब इस मामले में विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए सुरक्षा बंदोबस्त में बड़ी लापरवाही और ढिलाई बरतने के आरोप में छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित (सस्पेंड) कर दिया गया है। निलंबित होने वाले पुलिसकर्मियों में एक पुलिस सब इंस्पेक्टर (PSI), एक असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर (ASI) और चार कांस्टेबल शामिल हैं।

यह पूरी कार्रवाई बेंगलुरु दक्षिण के पुलिस अधीक्षक (SP) श्रीनिवास गौड़ा की ओर से जारी आदेश के बाद की गई है। एसपी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि 10 मई को प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था (बंदोबस्त ड्यूटी) के लिए तैनात इन अधिकारियों ने अपने काम में गंभीर लापरवाही दिखाई। देश के सबसे वीवीआईपी (VVIP) नेता की सुरक्षा जैसे संवेदनशील मामले में इस तरह की ढिलाई को विभाग ने अक्षम्य माना है। दरअसल, ये विस्फोटक बेंगलुरु दक्षिण तालुक के वडेराहली गेट के पास से बरामद किए गए थे। चौंकाने वाली बात यह है कि यह इलाका ठीक उसी जगह के पास था, जहां इन छह निलंबित पुलिसकर्मियों की सुरक्षा ड्यूटी लगाई गई थी। अपने तय दायरे में संदिग्ध गतिविधियों या सामग्रियों पर नजर न रख पाना इन कर्मियों के लिए भारी पड़ गया।10 मई को जैसे ही रूट के पास विस्फोटक मिलने की बात सामने आई, पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। तुरंत मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एक आंतरिक विभागीय जांच बिठाई गई। जांच रिपोर्ट में ड्यूटी पर तैनात इन पुलिसकर्मियों को प्रथम दृष्टया दोषी और लापरवाह पाया गया, जिसके बाद विभाग ने अनुशासनहीनता के खिलाफ यह कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। फिलहाल, मामले की आगे की जांच जारी है।

# पाकिस्तान के क्वेटा में बड़ा आत्मघाती हमला ट्रेन में धमाके से 24 से ज्यादा लोगों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत राज्य बलूचिस्तान के क्वेटा में एक बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 50 लोग घायल हो गए। अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावर ने रेल में खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। हमले के बाद क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

विस्फोट क्वेटा स्थित चमन फाटक रेलवे स्टेशन के पास हुआ। पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया कि शटल ट्रेन में यात्री सवार थे और धमाके से इंजन समेत तीन बोगियां प्रभावित हुईं। उन्होंने कहा, 'ट्रेन रविवार सुबह क्वेटा कैंट स्टेशन से सिटी रेलवे स्टेशन जा रही थी, तभी यह विस्फोट हुआ।' पाकिस्तानी टीवी चैनलों और वेबसाइटों के मुताबिक, धमाके में 24 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। बीएलए के प्रवक्ता के दावे के अनुसार, हमला उस समय किया गया जब ट्रेन क्वेटा कैंट से सैन्यकर्मियों को लेकर जा रही थी। क्वेटा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उन्हें सार्वजनिक बयान देने से रोका गया है और घटना पर आधिकारिक जानकारी सरकार का प्रवक्ता जारी करेगा। धमाका इतना शक्तिशाली था कि आसपास खड़े वाहनों और इमारतों के शीशे टूट गए। यह ट्रेन यात्रियों को सिटी रेलवे स्टेशन ले जा रही थी, जहां से उन्हें ईद की छुट्टियों के लिए अपने गृह नगरों को जाने वाली ट्रेनों में सवार होना था।

गौरतलब है कि नवंबर 2024 में भी क्वेटा कैंट रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती हमले में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया है।

रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने इस हमले को कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए कहा कि इससे आतंकवाद के खिलाफ देश का संकल्प कमजोर नहीं होगा। पाकिस्तानी गृह मंत्री के प्रवक्ता बाबर यूसुफजई ने कहा कि विस्फोट के बाद सभी संबंधित संस्थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सुरक्षा कारणों से धमाका स्थल के पास भीड़ न लगाएं, ताकि राहत एवं बचाव कार्य बिना किसी बाधा के जारी रह सके।

## ट्रंप ने नए पोस्ट से चौंकाया: फोटो में यूएस के हवाई हमले जहाज पर ईरानी झंडा; स्पैनिश शब्द- Adios के मायने क्या?




**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने नए सोशल मीडिया पोस्ट से सबको चौंका दिया है। ट्रुथ सोशल पर साझा इस पोस्ट में ट्रंप ने स्पैनिश मूल के शब्द- Adios का इस्तेमाल किया है। एडियोस शब्द का शाब्दिक अर्थ 'अलविदा' है। शब्दकोष के अर्थ के मुताबिक अंग्रेजी भाषा में adios को कभी-कभी अनौपचारिक और सहज तरीके से अलविदा कहने के लिए भी इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, स्पैनिश में इस शब्द का इस्तेमाल विदाई के भाव या कम समय या अस्थायी विदाई से जुड़ी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।

चौंकाने वाले सोशल मीडिया पोस्ट के लिए मशहूर ट्रंप के इस बयान के मायने क्या हैं? नेटिजन्स इस पर कयास लगाना शुरू कर चुके हैं। ट्रंप ने एडियोस लिखने के साथ जो तस्वीर साझा की है, वह एआई जनित लग रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बनी इस तस्वीर में अमेरिकी विमान के माध्यम से हवाई हमले भी दिखाए गए हैं। इस विध्वंसक तस्वीर में ईरानी झंडा भी देखा जा सकता है। अब दोनों देशों के बीच करीब 12 हफ्ते से जारी जंग के बीच इसके कूटनीतिक मायने समझना टेढ़ी खीर है।

### समझौते में 60 दिनों का युद्धविराम विस्तार भी

दरअसल, अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आई रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच हफ्तों से चल रही वार्ता अब एक समझौते के करीब पहुंच गई है। अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले इस समझौते में 60 दिवसीय युद्धविराम का विस्तार शामिल हो सकता है। हाल ही में ईरान और पाकिस्तान ने अमेरिका को नया प्रस्ताव भेजा है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी बातचीत में प्रगति होने के संकेत दिए थे, जिससे इस समझौते पर सहमति बनने की संभावना नजर आ रही है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने अलविदा यानी एडियोस लिखा ये सोशल मीडिया पोस्ट भारतीय समयानुसार रविवार शाम करीब पौने छह (5.42) बजे किया। इस पर नेटिजन्स जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। करीब 40 मिनट में इसे 700 से अधिक यूजर्स रिपोस्ट कर चुके हैं। इस पोस्ट को 2.75 लाख से अधिक लोग लाइक कर चुके हैं। इस ताजा पोस्ट से पहले रविवार सुबह ईरान और अमेरिका के बीच समझौते की खबरें भी सामने आई थीं। इसके मुताबिक दोनों देश होर्मुज खोलने पर सहमति के बेहद करीब हैं।

## 'सरकार की विदाई तय' वाले कथित बयान पर गोयल ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया





**नई दिल्ली/ मुंबई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कथित तौर पर कांग्रेस पार्टी की एक बैठक के दौरान दावा किया कि अगले एक साल के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार अल्पमत में आ जाएगी और सरकार की विदाई तय है। उनके इस कथित दावे पर भाजपा नीत गठबंधन- एनडीए के नेताओं ने पलटवार किया है।

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 'विदाई' वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आरोप लगाया है कि विपक्ष देश में अस्थिरता और अराजकता का माहौल बनाने की कोशिश कर रहा है। दरअसल कांग्रेस की अल्पसंख्यक सलाहकार समिति की बैठक में राहुल गांधी ने बड़ा दावा करते हुए कहा था कि अगले एक साल में पीएम मोदी की विदाई तय है और बढ़ता आर्थिक असंतोष इसका कारण बनेगा। इस पर संबित पात्रा ने कहा कि भाजपा ने इस बयान को लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ मानसिकता का परिचायक बताया है। संबित पात्रा ने प्रेस वार्ता में कहा कि यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने इस प्रकार की टिप्पणी की हो। उन्होंने 2019 का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय भी राहुल गांधी ने संसद में ऐसा बयान दिया था जिसमें उन्होंने कहा था कि एक समय ऐसा आएगा, जब लोग सड़कों पर उतरकर प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन करेंगे। पात्रा के कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने उस समय भी बेहद शांत और संयमित प्रतिक्रिया दी थी। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के हालिया बयान से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि विपक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया के बजाय अस्थिरता के जरिए सरकार को गिराने की सोच रखता है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयान बिना किसी राजनीतिक मंशा के नहीं दिए जाते और यह देश में भ्रम तथा अशांति फैलाने की कोशिश है। संबित पात्रा ने कहा कि वर्तमान समय में पूरी दुनिया युद्ध और आर्थिक चुनौतियों से जूझ रही है, लेकिन भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

## 'वोट लूटकर सत्ता में बैठे लोग', ममता ने 150 सीटों पर गड़बड़ी का दावा दोहराया



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने वोट लूट, ईवीएम में गड़बड़ी और चुनाव बाद हिंसा का दावा करते हुए प्रशासन और लोकतंत्र की स्थिति पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने चुनाव प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी की गई और वोटों की लूट हुई, जिसके कारण उन्हें ममता बनर्जी ने दावा किया कि लगभग 150 सीटों पर परिणामों में हेरफेर किया गया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा नहीं होता तो उनकी पार्टी 220 से 230 सीटें जीत सकती थी। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि वास्तव में विपक्ष चुनाव जीता है तो लोग संतुष्ट क्यों नहीं हैं? कुछ लोग माथे पर पट्टी बांधकर बाइक में निकल रहे हैं और लोगों के घर और पार्टी दफ्तरों को लूट रहे हैं। मां-बहनों के आत्मसम्मान को लूट रहे हैं। लोग खुलकर बोल भी नहीं पा रहे हैं। ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राज्य में चुनाव परिणामों के बाद हिंसा और अराजकता का माहौल है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हिंसा और लूटपाट में शामिल हैं, जबकि प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि कई जगहों पर पार्टी दफ्तरों और नेताओं के घरों पर कब्जा किया जा रहा है और पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही। आज रक्षक ही भक्षक बन गया है।

## फलता विधानसभा सीट पर भाजपा की बंपर जीत, ममता की टीएमसी का हुआ बुरा हाल



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की चर्चित फलता विधानसभा सीट पर हुए ऐतिहासिक पुनर्मतदान के नतीजों ने राज्य की राजनीति में बड़ा संदेश दे दिया है। मतगणना के 22वें राउंड तक भाजपा प्रत्याशी Debangshu Panda ने एकतरफा बढ़त हासिल करते हुए जीत लगभग तय कर ली है। चुनाव आयोग की आधिकारिक गिनती के मुताबिक भाजपा उम्मीदवार को 1,49,666 वोट मिले हैं और उनकी बढ़त 1.09 लाख वोटों से अधिक हो चुकी है। विजेता की औपचारिक घोषणा बाकी है, लेकिन राजनीतिक तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है।

सबसे दिलचस्प बात यह रही कि इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और वाम दलों के बीच सिमट गया। दूसरे स्थान पर सीपीएम समर्थित उम्मीदवार शंभू नाथ कुर्मी रहे, जिन्हें 40,645 वोट मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी अब्दुर रज्जाक मोल्ला तीसरे नंबर पर रहे और उन्हें करीब 10 हजार वोट मिले। सबसे बड़ा झटका सत्तारूढ़ All India Trinamool Congress को लगा, जिसके उम्मीदवार जहांगीर खान चौथे स्थान पर पहुंच गए और उन्हें केवल 7783 वोट ही मिले। मतगणना के शुरुआती दौर से ही भाजपा ने निर्णायक बढ़त बना ली थी। दोपहर तक 15वें राउंड की गिनती में भाजपा उम्मीदवार 69 हजार से अधिक वोटों से आगे चल रहे थे। जैसे-जैसे राउंड आगे बढ़ते गए, अंतर लगातार बढ़ता गया और शाम तक यह बढ़त एक लाख के पार पहुंच गई। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पुनर्मतदान में मतदाताओं ने साफ संदेश देने की कोशिश की है। फलता सीट इस बार सिर्फ चुनावी मुकाबले की वजह से नहीं बल्कि विवादों के कारण भी राष्ट्रीय सुर्खियों में रही। 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के दौरान कई बूथों पर ईवीएम से छेड़छाड़ और गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे थे।

## अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने डोभाल से की मुलाकात



**मुंबई।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की। दोनों पक्षों की बैठक में रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तकनीक सहयोग सहित ट्रस्ट पहल पर चर्चा हुई। उन्होंने भारत-अमेरिका की व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया।

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमेरिकी विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मार्को रुबियो ने आज एनएसए अजीत डोभाल से मुलाकात की। चर्चा रक्षा, सुरक्षा और रणनीतिक तकनीक से जुड़े सहयोग के मुद्दे पर केंद्रित रही, जिसमें ट्रस्ट पहल भी शामिल है। दोनों एनएसए ने द्विपक्षीय व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को दी गई उच्च प्राथमिकता को दोहराया। उन्होंने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

**घोषणा** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को किया ऐलान

## भारत-अमेरिका के बीच जल्द होगा व्यापार समझौता



**नई दिल्ली।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौता जल्द अंतिम रूप ले सकता है। रूबियो ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के लिए लाभकारी और टिकाऊ होगा तथा दोनों के पारस्परिक हितों को आगे बढ़ाएगा। रूबियो ने यह टिप्पणी विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ व्यापक वार्ता के बाद संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। दोनों नेताओं के बीच व्यापार, दुर्लभ खनिज, ऊर्जा और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। अमेरिकी विदेश मंत्री की यह पहली भारत यात्रा ऐसे समय हो रही है जब पिछले एक वर्ष में व्यापार और शुल्क नीतियों को लेकर दोनों देशों के संबंधों में तनाव देखा गया था।

रूबियो ने कहा, ''हमने काफी प्रगति की है और मुझे लगता है कि अमेरिका और भारत के बीच ऐसा व्यापार समझौता होगा जो लंबे समय तक कायम रहेगा, यह दोनों पक्षों के लिए लाभकारी होगा और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखेगा।'' उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की व्यापार नीति किसी विशेष देश को निशाना बनाने के लिए नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य वैश्विक व्यापार व्यवस्था के प्रति अमेरिका के दृष्टिकोण को संतुलित करना है। रूबियो ने कहा, ''राष्ट्रपति ने यह नहीं कहा कि भारत के साथ व्यापार को लेकर तनाव पैदा किया जाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका की व्यापार व्यवस्था में असंतुलन है और इसे ठीक करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा केवल भारत तक सीमित नहीं है और दुनिया के लगभग हर देश के साथ बातचीत में व्यापार असंतुलन का विषय सामने आया है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा कि व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल बहुत जल्द भारत आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका के व्यापार संबंधी मुद्दे यूरोपीय संघ जैसे सहयोगी देशों के साथ भी रहे हैं। रूबियो ने कहा, ''भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और अमेरिका का प्रमुख व्यापारिक साझेदार भी है। ऐसे बड़े और व्यापक व्यापारिक संबंध वाले देश के साथ व्यापार असंतुलन को दूर करने की प्रक्रिया अधिक जटिल और व्यापक है। उन्होंने कहा कि अमेरिका का उद्देश्य ऐसे व्यापारिक समझौते करना है जो अमेरिका के साथ-साथ उसके व्यापारिक साझेदारों के लिए भी लाभकारी हों।

## दुनिया से खत्म होगा तेल-गैस का संकट, होर्मुज खोलने का इशारा



**नई दिल्ली।** ईरान ने रविवार को कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों की संख्या 30 दिनों के भीतर युद्ध-पूर्व के स्तर पर लौट आएगी। यानी एक महीने में उसी तरह से इस समुद्री गलियारे से जहाज और तेल टैंकर गुजरने लगेंगे, जैसे 28 फरवरी से पहले गुजर रहे थे।

ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम ने वरिष्ठ अधिकारियों के हवाले से बताया है कि होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर तक एक महीने में ठीक होने की उम्मीद है। 28 फरवरी को इजरायल-अमेरिका के ईरान पर हमलों के बाद होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों की आवाजाही में भारी गिरावट आई है। ईरान ने हमलों के बाद इस समुद्री रूट से यातायात रोक दिया था। ईरान में युद्ध शुरू होने यानी 28 फरवरी से पहले हर दिन होर्मुज स्ट्रेट से 125 से 140 जहाज गुजरते थे। ईरान की रोक और अमेरिकी नेवी की ओर से ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी ने इस रूट को तकरीबन बंद कर दिया था। इससे दुनिया के बड़े हिस्से, खासतौर से भारत और उसके पड़ोसी देशों को खाड़ी देशों से आने वाला तेल और गैस नहीं मिल सका है और उनको उर्जा संकट का सामना करना पड़ा है। भारत दौरे पर आए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने रविवार को संकेत दिया कि ईरान के साथ चल रही बातचीत में बड़ी सफलता मिल सकती है। उन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य से अच्छी खबर आने की उम्मीद जताई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि उनका देश ईरान के साथ समझौता करने के बहुत करीब हैं, जिससे युद्ध खत्म होगा और होर्मुज जलडमरूमध्य फिर से खुल जाएगा।

# कुष्ठ आश्रम की जमीन पर फूड कोर्ट का खेल, करोड़ों की डील, वेंडरों की उजड़ी रोजी रोटी पर हाईलेवल जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** डीडीपुरम स्थित कुष्ठ आश्रम भूमि एक बार फिर बड़े विवाद के केंद्र में आ गई है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाए जा रहे फूड कोर्ट को लेकर अब भ्रष्टाचार, नियमों की अनदेखी और स्ट्रीट वेंडरों के अधिकार कुचलने के आरोप तेज हो गए हैं। रुहेलखंड उद्योग व्यापार मंडल ने पूरे मामले में ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए विजिलेंस, ईओडब्ल्यू या किसी स्वतंत्र एजेंसी से हाईलेवल जांच कराने की मांग उठाई है।व्यापार मंडल ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव नगर विकास, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी समेत कई उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजकर पूरे मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन का दावा है कि अगर निष्पक्ष जांच कराई गई तो करोड़ों रुपये की वित्तीय अनियमितताओं का बड़ा खुलासा हो सकता है।

डीडीपुरम में कुष्ठ आश्रम की जमीन से सटी भूमि पर बनाए जा रहे फूड कोर्ट को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। अब व्यापार मंडल ने आरोप लगाया है कि पूरे प्रोजेक्ट में पारदर्शिता नहीं बरती गई। संगठन का कहना है कि एक निजी फर्म को फायदा पहुंचाने के लिए बेहद कम दरों पर टेंडर दिया गया, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मेहरोत्रा ने कहा कि वर्षों से यहां छोटे दुकानदार और स्ट्रीट वेंडर अपना रोजगार चला रहे थे, लेकिन बिना स्पष्ट नीति और पुनर्वास योजना के उन्हें हटाने की कार्रवाई कर दी गई। इससे सैकड़ों परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

### शिकायत में लगाए गए गंभीर आरोप

व्यापार मंडल की शिकायत में कई गंभीर बिंदु उठाए गए हैं। आरोप लगाया गया है कि भूमि के उपयोग और आवंटन में पारदर्शिता नहीं बरती गई। करोड़ों रुपये के वित्तीय लेनदेन में गड़बड़ी की आशंका है। प्रशासनिक अधिकारियों और संबंधित पक्षों की मिलीभगत से पूरे प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया गया। संगठन का दावा है कि यदि किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए तो बड़े स्तर पर अनियमितताओं की परतें खुल सकती हैं।

**विकास के नाम पर कुचले गए वेंडरों के अधिकार**

व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों की खुली अनदेखी की गई। वेंडरों का न सर्वे कराया गया और न ही उन्हें कोई वैकल्पिक व्यवस्था दी गई।संगठन का कहना है कि नगर निगम और प्रशासन को यह जानकारी थी कि वर्षों से यहां छोटे कारोबारी अपनी दुकानें चला रहे हैं। इसके बावजूद बड़े ब्रांड और कंपनियों को जगह देने के लिए गरीब वेंडरों को हटाया गया। व्यापार मंडल ने इसे "रोजगार पर बुलडोजर" करार दिया है।

### नगर आयुक्त बोले, कोई गड़बड़ी नहीं

नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि परियोजना में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं है। विकास कार्य तेजी से कराया जा रहा है और जल्द ही फूड कोर्ट बनकर तैयार हो जाएगा।

# बरेली क्लब में ग्लैमर, ग्रेस और कॉन्फिडेंस का शानदार कॉकटेल

## मई क्वीन 2026 बनीं आद्या सिंह, जानें कौन है रनरअप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली क्लब में शनिवार रात ग्लैमर, ग्रेस और प्रतिभा का ऐसा संगम दिखा कि हर नजर मंच पर थम गई। रैंप पर आत्मविश्वास से भरे कदम, चेहरे पर मुस्कान और जवाबों में बुद्धिमत्ता इन्हीं खूबियों के दम पर आद्या सिंह ने मई क्वीन बाल-2026 का प्रतिष्ठित ताज अपने नाम कर लिया। मुकाबला इतना जबरदस्त था कि अंतिम घोषणा तक दर्शकों की धड़कनें तेज रहीं।

तीन राउंड में हुई इस हाईप्रोफाइल प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। हर राउंड में सुंदरता के साथ प्रतिभा और व्यक्तित्व की परख हुई। कभी रैंप पर अदाओं का जादू चला तो कभी टैलेंट राउंड में शास्त्रीय नृत्य, गीत और कविता ने माहौल को तालियों से गूंजा दिया।



विजयी प्रतियोगी। -जागरण मोर्चा

**रैंप पर दिखा आत्मविश्वास, जवाबों में झलकी बुद्धिमत्ता**

प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के सामने सिर्फ खूबसूरत दिखने की चुनौती नहीं थी, बल्कि मंच पर खुद को साबित करने की भी परीक्षा थी। प्रश्नोत्तरी राउंड में प्रतिभागियों की समझ, आत्मविश्वास और सोच को परखा गया। निर्णायकों के सवालों का जवाब देते हुए आद्या सिंह ने जिस आत्मविश्वास और संतुलन का प्रदर्शन किया, उसने उन्हें बाकी प्रतिभागियों से अलग खड़ा कर दिया।प्रतियोगिता के दौरान बरेली क्लब का माहौल किसी बड़े फैशन शो जैसा नजर आया। रोशनी, संगीत और रंगीन परिधानों के बीच प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी मौजूदगी का असर छोड़ा। दर्शकों में मौजूद सेना के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य मेहमान भी प्रतिभागियों की प्रस्तुति देखकर लगातार तालियां बजाते नजर आए।कड़े मुकाबले के बाद अनुष्का आनंद को फर्स्ट रनरअप और श्वेता सिंह को सेकंड रनरअप चुना गया। विजेताओं को उत्तर भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा और वर्ष 2024 की मई क्वीन विजेता प्राची सिंह वधावन ने ताज पहनाकर सम्मानित किया।

**प्रियंका चोपड़ा की याद भी हुई ताजा**

कार्यक्रम के दौरान यह चर्चा भी खास रही कि बॉलीवुड स्टार प्रियंका चोपड़ा ने भी वर्ष 1999 में इसी प्रतियोगिता का ताज अपने नाम किया था। उसी मंच से उन्होंने ग्लैमर की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई थी।

कार्यक्रम में मेजर जनरल आईएस गिल, ब्रिगेडियर हरजीत प्रीत पाल सिंह, कर्नल विनय भूषण साहू, राजा चावला और अनंतबीर सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं प्रतिभागियों की ग्रूमिंग में मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड-2014 अमन ग्रेवाल की विशेष भूमिका रही।

### इन प्रतिभागियों ने भी जीते खास खिताब

- मिस फोटोजेनिक – आद्या मिश्रा
- मिस रैंप वॉक – ऐश्वर्या राय
- मिस टैलेंटेड – हर्षिता नेगी
- मिस फैशन आइकन – मानसी भदौरिया
- मिस इंटेलेक्चुअल – महिमा सिंह
- मिस चार्मिंग – मोनिका थापा
- मिस ब्यूटीफुल हेयर – उन्नति देवा

## अनामिका सिंह हटाई गईं, विपिन शर्मा बने प्रभारी रजिस्ट्रार



**बहेड़ी।** सब रजिस्ट्रार अनामिका सिंह का तबादला हो गया है।प्रभारी रजिस्ट्रार के तौर पर विपिन शर्मा को नियुक्त किया गया है।सब रजिस्ट्रार के तौर पर अनामिका सिंह का कार्यकाल सवालों में घिरा रहा। अधिवक्ताओं ने उनके खिलाफ कई दिन तक धरना दिया था। उनके कार्यकाल में सब रजिस्ट्रार कार्यालय में भ्रष्टाचार के आरोप आम बात बन गए थे। रजिस्ट्री में पैसों के लेन देन की बात वह बिना किसी डर के डायरेक्ट करती थीं, और डील न होने पर मनमाने तरीके से रजिस्ट्री न करने के उन पर आरोप रोज़ की बात हो गई थी।पिछले दिनों कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात विपिन शर्मा को उन्होंने अनबन होने के चलते रिलीव कर दिया था।यह मामला ऊपर तक पहुंचा, तो सब रजिस्ट्रार को यहाँ से हटाने और वरिष्ठ लिपिक विपिन शर्मा को प्रभारी रजिस्ट्रार की हैसियत से नियुक्त किया गया।

## सार संक्षेप

### खेत की मेड बनी खूनी संघर्ष की वजह, जाम खजूर में चली गोलियां

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जाम खजूर में खेत की मेड को लेकर दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और अचानक फायरिंग शुरू हो गई। गोली लगने से एक ही परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार खेत की मेड को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। रविवार को दोनों पक्षों के बीच फिर से बहस शुरू हुई, जो कुछ ही देर में हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि इसी दौरान ताबड़तोड़ गोलियां चलाई गईं। फायरिंग में आरिफ, शारिक, वामिक और शारिफ पुत्रगण जिलानी खान गोली लगने से घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने गांव में हालात को काबू में लेते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया है। गांव में किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। फायरिंग करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल बना हुआ है।

### ईद के पर्व पर शांति व्यवस्था बनाने की अपील एसएसपी ने दिए कड़े निर्देश

**बदायूं।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा आगामी पर्व ईद-उल-अज़्हा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद वासियों से अपील करते हुए कड़े निर्देश जारी किए हैं। आगामी त्यौहार बकरीद को गत वर्ष की भांति इस बार भी आपसी भाईचारे, सौहार्दपूर्ण वातावरण और समन्वय के साथ मनाने की अपील की गयी । महोदया द्वारा सभी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा गया कि किसी भी खुले स्थान एवं सार्वजनिक स्थान पर कुर्बानी न की जाए, इसके अतिरिक्त किसी भी प्रतिबंधित पशु जैसे हाथी, घोड़ा, ऊंट एवं गौवंश पशु की कुर्बानी न दी जाये, यह बीएनएस एवं गौवध नि0 अधिनियम के तहत कानून अपराध है। इस प्रकार का कृत्य पुलिस के संज्ञान में आने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़नें की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों / किसी भी प्रकार की आपराधिक, अवांछित गतिविधियों के दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे । किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें बल्कि अफवाहों की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें तथा जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन का सहयोग करें । जनपद में शान्ति व्यवस्था बनाये रखें । साथ ही सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भड़काऊ /गलत /अशोभनीय पोस्ट शेयर न करें तथा ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी व्यक्ति / सम्प्रदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हों।

### मादा कुत्ते के साथ क्रूरता का वीडियो वायरल, दो आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**बदायूं।** जनपद के थाना अलापुर क्षेत्र में एक मादा कुत्ते के साथ क्रूरता का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में दो युवक मोटरसाइकिल से कुत्ते को बांधकर घसीटते हुए ले जाते नजर आ रहे हैं। इस अमानवीय कृत्य ने लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया है और पशु प्रेमियों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे दोनों युवक ग्राम इकरी निवासी बताए जा रहे हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों ने शहजादे के भाई बताया है। वीडियो सामने आने के बाद मामला तेजी से चर्चा में आ गया और लोगों ने पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपील की। इस पूरे प्रकरण को लेकर यह सवाल भी उठ रहे हैं कि जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की उपाध्यक्ष होने के बावजूद इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी रोक क्यों नहीं लग पा रही है। क्षेत्र में लगातार पशुओं के साथ क्रूरता की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मामले में थाना अलापुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। यह मुकदमा अलापुर निवासी राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ता विकास कुशवाहा की तहरीर पर दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रंजिश में पार्टनर ने कनपटी पर मारी गोली

- स्कूल में लहूलुहान मिला युवक, हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में शनिवार रात कारोबारी रंजिश खूनी संघर्ष में बदल गई। गांव के एक युवक को कनपटी पर गोली मार दी गई और हमलावर उसे गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गए। देर रात युवक गांव के प्राथमिक विद्यालय में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिवार और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। घायल को कई अस्पतालों में ले जाया गया, लेकिन इलाज से मना किए जाने के बाद उसे निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस के मुताबिक मिर्जापुर निवासी 25 वर्षीय जयवीर कश्यप शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे खाना खाने के बाद घर से टहलने निकला था। आरोप है कि गांव के प्राइमरी स्कूल के पीछे खेत की ओर पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे छह लोगों ने उसे घेर लिया। इसी दौरान विवाद बढ़ा और आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया। घायल की मां ओम कुमारी की तहरीर पर पुलिस ने सरवन, प्रेमपाल, सुनील उर्फ बब्लू, अंशु, दीपक और पंकज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। आरोप है कि सरवन ने तमंचे से जयवीर की कनपटी पर गोली मार दी। गोली लगते ही जयवीर जमीन पर गिर पड़ा। परिजनों का आरोप है कि गंभीर हालत में घायल जयवीर को लेकर परिवार कई अस्पतालों में पहुंचा, लेकिन वहां भर्ती नहीं किया गया। इसके बाद उसे एक निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई है।कैंट इंस्पेक्टर संजय धीर ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से विवाद चल रहा था। जयवीर और उसके चचेरे भाई राजकरण का आरोपियों के साथ क्रॉकरी और टेंट का साझा कारोबार था। साझेदारी टूटने के बाद ग्राहकों को लेकर लगातार तनातनी बढ़ रही थी। दोनों पक्षों के बीच पहले भी कई मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। पुलिस कारोबारी रंजिश को घटना की मुख्य वजह मानकर जांच कर रही है। पुलिस ने घायल की मां की तहरीर पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राकेश कुमार को सौंपी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।



# मेड़ के विवाद में चली ताबड़तोड़ गोलियां

- एक ही परिवार के चार भाई घायल, गांव में मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जाम खजूर में खेत की मेड़ को लेकर चला आ रहा पुराना विवाद रविवार को खूनी संघर्ष में बदल गया। मामूली कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते गांव गोलियों की आवाज से दहल उठा। ताबड़तोड़ फायरिंग में एक ही परिवार के चार भाई गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

ग्रामीणों के मुताबिक दोनों पक्षों के बीच खेत की मेड़ को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत और समझौते की कोशिश भी हुई, लेकिन मामला शांत नहीं हो सका। रविवार सुबह फिर दोनों पक्षों के बीच खेत पर कहासुनी शुरू हुई। देखते ही देखते बहस गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई।

आरोप है कि इसी दौरान एक पक्ष ने अवैध हथियार निकाल लिए और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। अचानक चली गोलियों से गांव में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। फायरिंग की घटना में आरिफ, शारिक, वामिक और शारिफ पुत्रगण जिलानी खान गोली लगने से घायल हो गए। चारों घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। गोलियां चलते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। परिजन और ग्रामीण घायल युवकों को तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों ने कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई है।

### गांव में पसरा तनाव, पुलिस तैनात

घटना की जानकारी मिलते ही बहेड़ी थाना पुलिस और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। गांव में तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। सीओ बहेड़ी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि खेत की मेड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था, जिसमें फायरिंग की घटना सामने आई है। पुलिस ने फायरिंग करने के आरोपी यासीन को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

# डीएम के आदेश के बाद कब्र खोदकर निकाला गया मासूम का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अलापुर थाना क्षेत्र के गांव भसराला में निर्माणाधीन वाटर पार्क में आठ वर्षीय मासूम की डूबकर मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। जिस स्विमिंग पूल में लोग मौज-मस्ती और सेल्फी लेने पहुंच रहे थे, वही पूल अब एक मासूम की जान निगल गया। हादसे के बाद प्रशासन हरकत में आया और रविवार को जिलाधिकारी के आदेश पर दफनाए गए बच्चे के शव को कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पूरे घटनाक्रम के दौरान गांव में भारी पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस ने वाटर पार्क संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है, जबकि निर्माणाधीन वाटर पार्क को सील कर दिया गया है। गांव भसराला निवासी ज़फर का आठ वर्षीय बेटा हसनैन शनिवार दोपहर करीब तीन बजे गांव के पास बने निर्माणाधीन वाटर पार्क में पहुंच गया था। बताया जा रहा है कि खेलते-खेलते वह स्विमिंग पूल के गहरे हिस्से में चला गया और डूब गया। काफी देर तक बच्चा नजर नहीं आया तो परिजनों और ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में तलाश शुरू हुई तो मासूम का शव पानी में मिला। उसे बाहर निकालकर बचाने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बेटे की मौत के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में मातम फैल गया। हादसे के बाद गम में डूबे परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई और पोस्टमार्टम के बच्चे के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया था। मामला प्रशासन तक पहुंचने के बाद अधिकारियों ने इसे गंभीरता से लिया। रविवार को सदर एसडीएम मोहित कुमार सिंह की निगरानी में कब्र से शव निकलवाने की कार्रवाई कराई गई। मौके पर पुलिस, राजस्व विभाग और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक आमदपुर क्षेत्र में बना यह स्विमिंग पूल शुरू से ही सवालों के घेरे में था। करीब 45 दिन पहले ही इसका संचालन शुरू हुआ था। यहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग घूमने और फोटो खिंचवाने पहुंच रहे थे, लेकिन सुरक्षा इंतजाम नाम मात्र के भी नहीं थे।

लोगों का आरोप है कि पूल में न लाइफ जैकेट उपलब्ध थीं, न कोई प्रशिक्षित गोताखोर तैनात था और न ही बच्चों की सुरक्षा के लिए कोई निगरानी व्यवस्था थी।

**सम्मेलन** | इन्फ्लुएंसर्स करेंगे सहयोग, फेक कंटेंट से बचें

# फॉलोअर्स के दौर में सोशल मीडिया बनेगा पुलिस का डिजिटल हथियार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** अब सोशल मीडिया सिर्फ रील, लाइक और फॉलोअर्स का खेल नहीं रहेगा। बरेली पुलिस लाइन स्थित रविन्द्रालय में रविवार को ऐसा मंच सजा, जहां डिजिटल दुनिया के असर, जिम्मेदारी और कानून की खुलकर चर्चा हुई। कनेक्ट बरेली जोन इन्फ्लुएंसर्स मीट यूपी-2026 में बरेली ज़ोन के नौ जिलों से पहुंचे सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और डिजिटल वॉलंटियर्स को साफ संदेश दिया गया कि एक वायरल पोस्ट समाज में आग भी लगा सकती है और जागरूकता की मशाल भी बन सकती है।

सम्मेलन में साइबर अपराध, फेक न्यूज, डिजिटल अरेस्ट, महिला सुरक्षा, ट्रैफिक नियम और जिम्मेदार डिजिटल नागरिकता जैसे मुद्दों पर गहन मंथन हुआ। मंच पर पुलिस अफसरों ने सोशल मीडिया की ताकत को डिजिटल हथियार बताते हुए कहा कि इसका इस्तेमाल समाज सुधार के लिए होना चाहिए, न कि अफवाह फैलाने के लिए।बरेली, बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, संभल और बिजनौर से 100 से अधिक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में डिजिटल कंटेंट की ताकत और उसकी जिम्मेदारियों पर खुलकर चर्चा हुई। कम्युनिटी के अध्यक्ष यश गुप्ता, सचिव अज़हर, कोषाध्यक्ष हर्ष और एडवाइज़र सिद्धांत ने पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर डिजिटल जागरूकता अभियान को नई दिशा देने की बात कही।



कार्यक्रम में बोलते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**एडीजी बोले- सोशल मीडिया अब जनमत का सबसे बड़ा हथियार**

एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने कहा कि आज सोशल मीडिया जनमत निर्माण और सामाजिक चेतना का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि डिजिटल वॉलंटियर्स कार्यक्रम अफवाहों को रोकने, कानून व्यवस्था बनाए रखने और त्वरित सूचना आदान-प्रदान में बेहद अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स युवाओं पर गहरा प्रभाव रखते हैं, इसलिए उनकी जिम्मेदारी सिर्फ कंटेंट बनाना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा देना भी है।

**एसएसपी बोले- एक फेक पोस्ट बिगाड़ सकती है माहौल**

एसएसपी अनुराग आर्य ने साफ शब्दों में कहा कि असत्य और भ्रामक सूचनाएं समाज में तनाव और अव्यवस्था फैला सकती हैं। उन्होंने इन्फ्लुएंसर्स से अपील की कि किसी भी सूचना को पोस्ट करने से पहले उसकी सत्यता जरूर जांचें। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय लोगों को समझना होगा कि उनकी एक पोस्ट हजारों लोगों की सोच को प्रभावित कर सकती है।

**साइबर फ्रॉड से लेकर डिजिटल अरेस्ट तक पर खुली क्लास**

पीलीभीत के एएसपी विक्रम दहिया ने साइबर अपराधों, ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल सुरक्षा पर विस्तार से जानकारी दी। साइबर हेल्प डेस्क और साइबर पुलिस स्टेशन की कार्यप्रणाली समझाते हुए बताया गया कि किस तरह आम लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। संभल के एएसपी मनोज रावत ने सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों पर प्रेजेंटेशन दिया। हेलमेट, सीट बेल्ट और ओवरस्पीडिंग के खतरे समझाए गए।

**कंटेंट क्रिएटर्स को समझाया कानून का रेड लाइन**

एएसपी शिवम आशुतोष और एएसपी डॉ. नताशा गोयल ने आईटी एक्ट, नए आपराधिक कानूनों और डिजिटल कंटेंट से जुड़े कानूनी पहलुओं पर विशेष सत्र लिया। साफ किया गया कि ऐसा कोई भी कंटेंट, जिससे किसी धर्म, वर्ग या समुदाय की भावनाएं आहत हों, कानूनी कार्रवाई का कारण बन सकता है। महिला सुरक्षा पर एएसपी सोनाली मिश्रा ने कहा कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए होना चाहिए। उन्होंने वुमन पावर हेल्पलाइन 1090 समेत कई सुरक्षा सेवाओं की जानकारी दी।

**रील्स से आगे बढ़कर समाज बदलने का संदेश**

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सक्रिय युवा अगर जिम्मेदारी के साथ काम करें तो फेक न्यूज रोकने, साइबर सुरक्षा बढ़ाने, महिला सुरक्षा और ट्रैफिक जागरूकता जैसे अभियानों में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर वरुण वशिष्ठ ने किया। सम्मेलन में एडीजी रमित शर्मा, एसएसपी अनुराग आर्य, एएसपी विक्रम दहिया, मनोज रावत, शिवम आशुतोष, सोनाली मिश्रा और डॉ. नताशा गोयल समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें।
मोबाइल नंबर-
7906815587, 9758444242

# आंबेडकर पार्क बिजलीघर की क्षमता हुई दोगुनी, मिलेगी राहत

## पांच एमवीए का रखा गया ट्रांसफार्मर, डेढ़ घंटे बंद रही बिजली

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बिजली निगम के अधिकारियों ने आंबेडकर पार्क बिजलीघर में पांच एमवीए का एक ओर ट्रांसफार्मर रखवाया है। यानि अब इस बिजलीघर की क्षमता दोगुनी हो गई है। क्षमता वृद्धि का कार्य 95 फीसद हुआ है शेष 5 फीसद कार्य लोडिंग का रह गया है। इसके बाद देखा जाएगा कि सप्लाई में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत न है।

रविवार को 33/11केवी उपकेंद्र आंबेडकर पार्क में एक्सईएन अनुराग सिंह, एसडीओ एमबी सिंह, जेई राम सिंह की देखरेख में सुबह क्षमता वृद्धि कार्य कराए जाने के लिए सुबह 8 बजे शटडाउन लिया गया। जोकि 9:30 बज तक जारी रहा। इस दौरान नूरमहल कालोनी, कोठी खास बाग, वीआईपी कालोनी और नवाब गेट की आपूर्ति बंद रही। एसडीओ एमबी सिंह ने बताया कि उपकेंद्र की क्षमता 10 एमवीए की गई है यहां पर 5-5 एमवीए के ट्रांसफार्मर रखे गए हैं। पहले यहां पर 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखा था। इसके लगने से उपभोक्ताओं को निर्बाध रूप से आपूर्ति मिलेगी।


आंबेडकर पार्क के यार्ड में क्षमता वृद्धि कार्य का जायया लेते एक्सईएन, एसडीओ।

### पुरानी आवास विकास, रोशन बाग को मिलेगी आपूर्ति

एसडीओ एमबी सिंह ने बताया कि आंबेडकर पार्क बिजलीघर से पुरानी आवास विकास, रोशन बाग की उपभोक्ताओं की आपूर्ति मिलेगी। जिससे कि उपभोक्ताओं को आपूर्ति के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने बताया कि बिलासपुर गेट 33केवी लाइन के जर्जर तारों को बदलवा चुका है। जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिल सके।

> आंबेडकर पार्क बिजलीघर की क्षमता वृद्धि कराए जाने का कार्य कराया गया। इसलिए आपूर्ति सुबह 8 से 9 :30 बजे बंद रही। क्षमता वृद्धि होने पर उपभोक्ताओं को बेहतर आपूर्ति मिलेगी। -**एमबी सिंह, एसडीओ तकनीकी।**

### गली-मोहल्लों में रखे अतिभारित ट्रांसफार्मरों की होगी क्षमता वृद्धि

शहर को बिजली आपूर्ति 13 उपकेंद्र है। जिसमें अजीतपुर प्रथम, द्वितीय, सिविल लाइंस, आंबेडकर पार्क, नवाबगेट, रजा, डूंगरपुर, किला, नानकार, पहाड़ी गेट, शाहबाद गेट, पनवड़िया शामिल है। गली-मोहल्लों में रखे ट्रांसफार्मरों पर ओवरलोडिंग की समस्या को दूर करने के लिए क्षमता वृद्धि कराई जाएगी।

## एक नजर

### किसानों से एकजुट होने का किया आह्वान

**रामपुर।** भारतीय किसान संघ की एक बैठक स्वार तहसील क्षेत्र के ग्राम रहमतगंज में आयोजित की गई। इस दौरान भारतीय किसान संघ के मेरठ प्रांत मंत्री जितेंद्र सिंह ने किसानों के उत्पीड़न को किसी भी हालत में बर्दाश्त न करने की बात कही। उन्होंने किसानों से एकजुट होने का आह्वान किया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज किसानों को एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि किसान अब स्वावलंबी हो रहे हैं और खाद जैसी चीजें आसानी से उपलब्ध हैं। उन्होंने जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि रासायनिक छिड़काव से धरती माता बीमार हो रही है, जिससे बीमारियां भी बढ़ रही हैं। बैठक में विभाग संगठन मंत्री रमेश ने संगठनात्मक चर्चा की। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने और सदस्यता अभियान चलाने पर जोर दिया, जिसमें सभी को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

# खेल प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया दम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** एसआरएम इंटर कॉलेज मिलक में आयोजित समर कैंप के अंतिम दिवस पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग वॉलीबॉल कक्षा 12 की टीम (रितेश, यश, सोनू, अंशू, राजा, नदीम) विजेता रही।

जूनियर वर्ग दौड़ बालक में प्रथम आयुष,द्वितीय दीपांशु, तृतीय पर अतुल रहे। सीनियर वर्ग दौड़ बालकों में प्रथम ऋषि, दूसरे स्थान पर मोहित और तीसरे स्थान पर जितिन रहा। बालिकाओं में अंजलि प्रथम ,आरती द्वितीय,सेजल तृतीय स्थान पर रही। चेयर रेस सीनियर में रचिन और तान्या विजेता रहे। रस्सा कसी सबसे अंतिम और मनमोहक प्रतियोगिता रही।सभी छात्रों-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं को हॉल में एकत्रित किया गया। विद्यालय के संस्थापक संजय सिंघल ने खेलों के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।


दम खम दिखाते खिलाड़ी।

यह स्वस्थ रहने के साथ-साथ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास का माध्यम हैं।खेलने से शरीर की शक्ति बढ़ती है और विज्ञान, मनोविज्ञान, अनुशासन व नैतिकता की शिक्षा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या बबीता सिंघल ने अभिभावकों व प्रबंध समिति का आभार व्यक्त करते हुए ग्रीष्मावकाश की घोषणा की। इस अवसर पर गौरव शर्मा, विजय शर्मा, कपिल पाण्डेय, प्रतिभा, रूबी उपाध्याय, प्रज्ञा, अरुण कुमार, हेमेंद्र परमानन्द जी, शम्भू दयाल, विजय पाल, प्रेमपाल, यशवन्त, कृष्ण कुमार, प्रताप सिंह आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# चेस्ट फिजिशियन का मोबाइल हैक, साइबर क्राइम में शिकायत

**रामपुर।** शहर के जाने-माने चेस्ट फिजिशियन का मोबाइल साइबर हैकर ने हैक कर लिया है। इस पर डॉक्टर साहब के पास लगातार फोन आ रहे हैं। हैकर्स पैसों की मांग कर रहा है। फिजिशियन ने साइबर क्राइम पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी कई बार मोबाइल हैक हो चुका है। जिला पंचायत रोड स्थित चेस्ट फिजिशियन डॉ. हिमांशु गुप्ता का क्लीनिक है। यहां पर बैठकर मरीजों को देखते हैं। मरीजों की नब्ज को देखकर दवा लिखते हैं। लेकिन रविवार को उनके किसी परिचित का फोन आया। वह बोले कि आपने पैसे मांगे हैं। इस पर चेस्ट फिजिशियन डॉ. हिमांशु गुप्ता के होश उड़ गए। आनन फानन में उन्होंने अपने मोबाइल, अकाउंट को चेक किया। इसके बाद उन्होंने राधा रोड स्थित साइबर क्राइम कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। साइबर क्राइम में उनके मोबाइल को सही किया गया। डॉ. हिमांशु गुप्ता ने बताया कि मेरा नहीं, बल्कि और भी डॉक्टर है जिनके मोबाइलों को हैकरों से हैक कर लिया है। उन्होंने इस संबंध में साइबर क्राइम से शिकायत की है।



# पुलिस ने 250 तोतो के साथ आरोपी को पकड़ा

- मिलकखानम थाना क्षेत्र का मामला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को वन रक्षक बलविन्द्र सिंह की टीम द्वारा आरोपी फैसल पुत्र नईम निवासी टीचर कॉलोनी जयंतीपुर रोड आयशा मस्जिद मुरादाबाद को प्रतिबंधित प्रजाति के 250 तोते को कार से अर्टिगा से खरीद फरोख्त के लिए ले जाते समय स्वार मिलक खानम रोड पीला खार नदी पुल के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि तोतों को वन से चोरी से पकड़कर दुल्ला पुत्र नामालूम निवासी ग्राम नरपतनगर तहसील स्वार के घर पर इकट्ठा करता था। वन रक्षक टीम द्वारा बरामद अर्टिगा एवं 250 तोतो को सलारपुर चौकी पर सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया गया । वन रक्षक द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना मिलकखानम पर आरोपी फैसल निवासी टीचर कालोनी जयन्तीपुर रोड आयशा मस्जिद थाना मझौला जनपद मुरादाबाद, दुल्ला निवासी ग्राम नरपतनगर तहसील स्वार के खिलाफ पंजीकृत किया। एवं वन रक्षक द्वारा पकड़े गए आरोपी फैसल को थाना मिलकखानम पुलिस द्वारा नियमानुसार हिरासत पुलिस में लेकर विधिक कार्रवाई की।


तोतों के साथ पकड़ा गया आरोपी। -जागरण मोर्चा

# पंचों के हस्तक्षेप से जगी पांच भाइयों में सुलह की उम्मीद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के चमरोल गांव में पांच भाइयों के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर सालों से चले आ रहे विवाद का आखिरकार समाधान हो ही गया। पंचों की पंचायत के हस्तक्षेप के बाद किए गए बंटवारे से पांचों भाई संतुष्ट दिखाई दिए। जिसके बाद रिश्ते भी बच गए और भाइयों के दिलों में पड़ी दरार भी कम हो गई। साथ ही साथ आगे परिवार में एकजुटता की नई उम्मीद भी जाग उठी।मिली जानकारी के अनुसार शाहबाद के चमरोल गांव में पांच भाइयों में जमीन और मकान के बंटवारे का बहुत पुराना विवाद था। जिसके कारण रिश्तों में तनाव आ गया था। कई बार लोगों ने इस विवाद को हल कराने की कोशिश की, लेकिन बात बेनतीजा रही। रविवार को जिला पंचायत सदस्य भांबू प्रधान, मास्टर जमील अहमद, गुल मोहम्मद, अनवर अहमद और विनेश शर्मा की पहल पर पंचायत बैठी और पंचों के सामूहिक प्रयास के कारण पांचों भाइयों में सर्वमान्य बंटवारा संभव हो पाया। जिसके कारण पांच भाइयों में सालों से चला आ रहा विवाद शांतिपूर्ण ढंग से निपट गया। पंचों द्वारा किए गए बंटवारे से पांचों भाई संतुष्ट दिखे, जिसके कारण परिवार में शांति का माहौल बन गया।

# वाहनों की चेकिंग के लिए सड़कों पर उतरे एसपी

- बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की तलाश में जुटी पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** रविवार रात एक बजे एसपी सोमेंद्र मीणा के द्वारा शाहबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बदायूं बॉर्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहन, व्यक्तियों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान एसपी सोमेंद्र मीणा ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत भी दी।

चेकिंग अभियान के दौरान खनिज का परिवहन कर रहे वाहनों के वैध प्रपत्र, ओवरलोडिंग, वाहन फिटनेस और यातायात नियमों का अनुपालन की गहनता से जांच हुई। संदिग्ध दिख रहे वाहनों को रोककर उनसे पूछताछ की गई साथ ही साथ बिना वैध अभिलेखों के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई के लिए संबंधित को निर्देशित किया।एसपी सोमेंद्र मीणा ने वाहन चालकों को बिना ओवरलोडिंग के वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत की। पुलिस के मुताबिक सभी प्वाइंटों पर चेकिंग के दौरान 35 वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस मौके सीओ देवकीनंदन,कोतवाल प्रदीप कुमार मौजूद रहे।


चेकिंग के दौरान वाहन चालक से पूछताछ करते पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना।

# खेत से 200 यूकेलिप्टस के पेड़ काटने का आरोप

- पीड़ित ने तहसील प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** तहसील स्वार क्षेत्र के ग्राम भगवती नगर निवासी परवेज खान ने खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ों को चोरी से काटे जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन और कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में उन्होंने समाचार पत्र कार्यालय को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है।

पीड़ित परवेज खान के अनुसार वर्ष 2000 में उनकी मां के नाम 7.5 बीघा जमीन दर्ज थी, जो उनकी मृत्यु के बाद पांच भाइयों के नाम विरासत में दर्ज हो गई। उनका कहना है कि पिछले 26 वर्षों से वह उक्त भूमि पर काबिज हैं और जमीन की मेड़ पर करीब 200 यूकेलिप्टस के पेड़ खड़े थे। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने रात के अंधेरे में पेड़ों को काट दिया। जानकारी मिलने पर जब वह मौके पर पहुंचे और विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी तथा मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस को दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया है। शिकायती पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि करीब 20-25 दिन बाद नायब तहसीलदार और तहसील प्रशासन की मौजूदगी में खेत में पड़ी लकड़ी को तहसील पहुंचा दिया गया। परवेज खान का कहना है कि जब उन्होंने इस संबंध में जानकारी मांगी तो उन्हें कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखाया गया। सरकारी कार्य में बाधा डालने पर जेल भेजने की धमकी दी गई। पीड़ित ने प्रशासन और पुलिस पर दबाव में कार्य करने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।


स्वार क्षेत्र के ग्राम भगवती नगर खड़ी यूकेलिप्टस से भरी ट्राली।

# रंजिश में लाठी-डंडे व धारदार हथियार से युवक पर हमला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला फत्तावाला, इंदिरा कालोनी दढ़ियाल में पुरानी रंजिश को लेकर तीन युवकों ने एक व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। हमलावरों ने धारदार हथियार से पीड़ित की छाती पर वार किया और लाठी-डंडों व लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। पीड़ित की पत्नी बचाने आई तो उसके साथ भी गाली-गलौज की गई।

पीड़ित कुलदीप पुत्र नत्थुलाल निवासी मोहल्ला फत्तावाला, इंदिरा कालोनी दढ़ियाल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके ही मोहल्ले के निवासी अमन पुत्र विजयपाल, गौरव पुत्र साधुराम और बॉबी पुत्र विनोद ने पुरानी रंजिश के चलते 22 मई की रात करीब 9:30 बजे हमला कर दिया। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज शुरू की, फिर लाठी-डंडे व लात-घूसों से मारपीट की। जब कुलदीप की पत्नी उन्हें बचाने पहुंची तो आरोपियों ने उसके साथ भी अभद्रता की। अमन ने धारदार हथियार से कुलदीप के सीने पर वार कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपियों ने जान से मार देंगे की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।पीड़ित कुलदीप ने तुरंत थाना टाण्डा पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और अपना मेडिकल कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# आठ बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से कराया मुक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास किशोर बाल, मानव तस्करी, थाना एएचटीयू पुलिस, श्रम विभाग, चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह तथा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी देने के साथ-साथ जन जागरूकता अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान थाना अजीम नगर क्षेत्रान्तर्गत होटल ढाबा, मोटरसाइकिल दुकान, अन्य दुकानों आदि से 8 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई। इसी क्रम में भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बाल श्रम अधिनियम के बारे बताया। बाल श्रम रोकथाम के लिए दुकान संचालकों, मुख्य चौराहों ,होटल, ढाबा मालिक को हिदायत किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को काम पर न रखा जाए।




शिविर | रोडवेज बस अड्डे पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

# धूप में स्काउट गाइड के कार्यों की सराहना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** भारत स्काउट और गाइड संगठन के तत्वावधान में चौथे दिन निःशुल्क जल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया।शिविर 21 से 30 मई तक निरन्तर आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि विजय कुमार अग्रवाल, अवतार सिंह रहे।

डीएवी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर की प्रधानाचार्य डॉ. रूपा अग्रवाल ने कहा कि स्काउट और गाइड जिस प्रकार से जल पिला कर सेवा कर रहे हैं उससे उनका सेवा भाव प्रदर्शित होता है। शिविर के भोजन की व्यवस्था भी डॉ. रूपा अग्रवाल द्वारा की गई। इस अवसर पर बोलते हुए जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हरीश कुमार डुडेजा ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार छात्र जल सेवा कर रहे है वे निश्चित रूप से सराहनीय है।ये कार्य उन्हें जीवन में सफलता प्रदान करेगा। संगठन के मुख्य आयुक्त बलराम सिंह ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी सभी को स्कार्फ पहनाकर अभिनन्दन किया। इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, मुख्य अतिथि विजय कुमार अग्रवाल, अवतार सिंह, मुख्यालय आयुक्त हरीश कुमार डुडेजा, जिला सचिव ओम प्रकाश सैनी, डॉ. रूपा अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, जमाल फातिमा, संजय कुमार गुप्ता, जीतू कुमार, नरवन्त कौर, हीराकली अजीजुद्दीन अंसारी, प्रेमपाल सिंह, वीरवती आदि मौजूद रहे।



मालगोदाम स्थित यात्रियों को पानी पिलाते स्काउट गाइड व कार्यक्रम में अतिथि को शील्ड देते प्रधानाचार्य व अन्य।

# सूरज की तपिश को सहन नहीं कर पा रहे लोग

## सुबह से ही तेज धूप के साथ दोपहर में चल रही गर्म हवाएं, घरों में पंखे, कूलर भी नहीं दे रहे राहत



खौद चौराहे से सिर ढककर ट्राली में बैठकर जाते लोग। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** दिन-प्रतिदिन गर्मी बढ़ती जा रही है। लोग सूर्यदेव का प्रकोप झेल नहीं पा रहे हैं। सुबह से ही तेज धूप के साथ दोपहर में गर्म हवाएं चल रही है। लोग अपने रोजमर्रा के काम-सुबह शाम में ही कर रहे हैं। दोपहर में प्रमुख सड़कों के साथ बाजार की सड़के सूनी नजर आ रही है। जरूरी काम से निकलने वाले लोग खुद को पूरी तरह से कपड़े से ढककर निकल रहे हैं। घरों में पंखे, कूलर भी गर्मी से राहत नहीं दे रहे हैं।

मई महीने के अंतिम दिनों में लगातार सूर्य आग उगल रहा है। आसमान से बरसते अंगारों ने जनमानस को त्रस्त कर रखा है। आलम यह है कि सुबह 9 बजते ही लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। तन को झुलसा देने वाली धूप और प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन और रोजमर्रा के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। भीषण गर्मी के चलते कूलर, पंखा जवाब दे रहे है भरपूर ठंडक नहीं दे रहे हैं। गर्मी और चिलचिलाती धूप ने लोगों को इस कदर परेशान कर दिया है कि दोपहर में मुख्य सड़के और छोटी-छोटी गलियां सूनी पड़ रही है। तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों ने लोगों को घर में कैद रहने पर मजबूर कर दिया है। बहुत ही आवश्यक कार्य से ही कम संख्या में लोग सड़कों पर नजर आ रहे हैं। रविवार को गर्मी का असर शहर के प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर सन्नाटा पसरा मिला।

## सिर पर कपड़ा ढककर सफर करने को मजबूर लोग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**सैदनगर।** अजीमनगर क्षेत्र में इन दिनों सूरज की तपिश और भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों के बीच लोग जरूरी कार्यों के लिए घरों से बाहर निकलने को मजबूर हैं। रविवार को अजीमनगर थाना क्षेत्र के प्रसिद्ध खौद चौराहे पर एक ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जो इस जानलेवा गर्मी में आम आदमी की बेबसी को बयां कर रहा है।

यहां से गुजर रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार दर्जनों लोग चिलचिलाती धूप से बचने के लिए अपने सिर और चेहरे को कपड़ों व अंगौछों से पूरी तरह ढके हुए थे। खौद चौराहे पर मौजूद राहगीरों की नजरें इस दृश्य पर टिक गईं। दरअसल, ग्रामीण इलाकों में आज भी शादी-समारोहों या अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में आने-जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का धड़ल्ले से उपयोग किया जाता है। तपती दोपहर में खुले वाहन में सफर करना किसी सजा से कम नहीं है, लेकिन संसाधनों के अभाव में ग्रामीण सिर पर कपड़ा ओढ़कर इस जानलेवा सफर को पूरा कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि दोपहर के समय सीधे धूप के संपर्क में आने से हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए ऐसे सफर से बचना चाहिए। स्थानीय प्रशासन भी लगातार लोगों से अपील कर रहा है कि दोपहर के वक्त बहुत जरूरी होने पर ही सुरक्षित वाहनों से घर से बाहर निकलें।

## सार संक्षेप

### सभी प्रगणक सुबह 6 से 10 तथा शाम 5 से 8 बजे तक करें जनगणना: राम बहादुर



**रामपुर।** एससी, एसटी, बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम ने अधिकारियों को पत्र देकर कहा है कि राष्ट्रीय जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण कराने के लिए कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ है। किया जा रहा है, जिसके लिए हम केंद्र व राज्य सरकार के आभारी हैं। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राम बहादुर गौतम द्वारा जनगणना कार्य में लगे सभी प्रगणक साथियों से अपील की जाती है कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी एवं हीट वेव को देखते हुए अपने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। सभी प्रगणक साथी अपना फील्ड कार्य केवल प्रात: 6 बजे से 10 बजे तक एवं सायं 5 बजे से 8 बजे तक ही सम्पादित करें। दोपहर 11 बजे से 4 बजे तक धूप में कार्य करने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें एवं आवश्यक सावधानी बरतें। राष्ट्रीय जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है और आपको यह कार्य करने का गौरवपूर्ण अवसर मिला है। इसे पूर्ण निष्ठा एवं सावधानी से सम्पन्न कराएं। साथ ही एसोसिएशन द्वारा यह मांग भी की गई है कि 22 मई से 20 जून 2026 तक ग्रीष्मावकाश अवधि में जनगणना कार्य करने वाले सभी शिक्षक प्रगणकों को कार्य के बदले उपार्जित अवकाश प्रदान किया जाए। इस संबंध में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को मांग पत्र प्रेषित किया जा चुका है। हमें पूर्ण विश्वास है कि शासन शिक्षक हित में सकारात्मक निर्णय लेगा। सभी प्रगणक साथी सुरक्षित रहते हुए इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएंगे।

### समाजसेवी का हुआ निधन



**रामपुर।** जनसंघ वरिष्ठ एवं समाजसेवी रमेश चंद्र वर्मा का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया है उनके निधन के समाचार से सभी में शोक की लहर दौड़ गई ।उनके मुंडिया पिस्तौर स्थित आवास पर उनके शुभचिंतकों का तांता लग गया वह 76 वर्षीय रिटायर्ड अध्यापक थे तथा वह अंग्रेजी , गणित एवं उर्दू के भी ज्ञाता थे ।उनके निवास स्थान मुंडिया पिस्तौर पर संघ परिवार, भाजपा एवं अन्य सामाजिक संगठनों के लोगों एवं शुभचिंतकों का देर रात तक तांता लगा रहा ।परिवार के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्मा का अंतिम संस्कार सोमवार को प्रात : 10 बजे मोक्ष धाम बाजपुर में संपन्न होगा । निवास से प्रात : 10 बजे अंतिम यात्रा मोक्ष धाम बाजपुर के लिए प्रस्थान करेगी ।

### टीम ने भटके बालक को परिवार से मिलाया



**मिलक।** शनिवार को कस्बा मिलक में आयोजित खाटू श्याम बाबा संकीर्तन जागरण के दौरान भीड़ में बिछड़े एक बालक को थाना मिलक की मिशन शक्ति टीम ने कुशलतापूर्वक ढूंढकर उसके परिजनों को सौंप दिया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुशांत पुत्र हरपाल अपने बुआ और फूफा के साथ जागरण देखने आया था। भीड़ में हाथ छूट जाने के कारण वह स्वजनों से अलग हो गया और घबराकर रेलवे फाटक की ओर चला गया। मौके पर तैनात थाना मिलक की मिशन शक्ति टीम ने बालक को अकेला और घबराया हुआ देखकर तुरंत उसे अपने संरक्षण में लिया। पूछताछ और आसपास तलाश के बाद टीम ने बालक को उसके फूफा धर्मेन्द्र पुत्र बबलू कश्यप के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस टीम की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की।

# हारे का सहारा पर जमकर भक्तों ने लगाए जयकारे

- खाटू श्याम संकीर्तन में उमड़ा भक्तों का सैलाब
- श्री श्याम सरकार सेवा युवा समिति का संकीर्तन महोत्सव संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** खाटू श्याम बाबा के जयकारों से मिलक का रामलीला ग्राउंड गूंज उठा। श्री श्याम सरकार सेवा युवा समिति द्वारा आयोजित श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में देशभर से आए ख्यात गायकों ने देर रात तक भक्तों को भक्ति रस में डुबोए रखा। संकीर्तन में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि श्याम बाबा की भक्ति की डोर मिलक को देश के कोने-कोने से जोड़ती है।

आयोजित इस महोत्सव में कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल, दौसा के अजय शर्मा, प्रयागराज की स्वर कोकिला बुलबुल अग्रवाल, बाजपुर के युवा गायक अर्चित ग्रोवर और दिल्ली के नरेश पुनिया म्यूजिकल ग्रुप ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए। हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा,मैं खाटू धाम जाऊंगा, श्याम तुझे चरणों में जगह देना जैसे लोकप्रिय भजनों पर पूरा पंडाल झूम उठा। भक्त हाथों में निशान लिए देर रात तक नाचते-गाते रहे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की भारी भीड़ ने पूरे माहौल को आस्था और उल्लास से भर दिया। कार्यक्रम स्थल को मथुरा के प्रसिद्ध श्याम दरबार और गोयल डेकोरेटर द्वारा फूलों, झालरों और विशेष लाइटिंग से सजाया गया था। रोशनी से नहाया श्याम दरबार और चारों ओर गूंजते भजन ने भक्तों को ऐसा महसूस कराया जैसे वे सचमुच खाटू धाम में ही बैठे हों।

**सेवा समिति के पदाधिकारियों ने जताया आभार**

महोत्सव की सफलता पर समिति के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं और गायकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर सभासद जलज गुप्ता, परख गुप्ता, गौरव गुप्ता, वंशज गुप्ता, प्रभात गुप्ता, स्पर्श गुप्ता, भुवनेश भार्गव, प्रिंस गुप्ता, सुशील सर्राफ सहित समिति के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्तों का कहना था कि मिलक में पहली बार इतने बड़े स्तर पर श्याम संकीर्तन का आयोजन हुआ है।



कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

# शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत:मुकेश

- वार्षिक उत्सव में मेडल पाकर खिले छात्र छात्राओं के चेहरे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** रविवार को शाहबाद नगर के जयतोली रोड स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा परिणाम भी वितरित किए गए। सम्मान पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे।




एसएस पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव के मौके पर मौजूद मुख्य अतिथि और स्कूली छात्र।

मुख्य अतिथि मुकेश चंद्र गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है तथा छात्र देश और समाज का भविष्य हैं। विशिष्ट अतिथि जी.के. पाठक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने वाले छात्र ही जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचते है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वहीं देशभक्ति, लोकगीत एवं सांस्कृतिक नृत्यों की प्रस्तुति पर लोगों ने जमकर तालियां बजाईं।विद्यालय के प्रबंधक शावेज हुसैन उर्फ छोटे ने मुख्य अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों एवं पत्रकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यालय की उपलब्धियों एवं विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था बच्चों को बेहतर शिक्षा एवं संस्कार देने के लिए निरंतर प्रयासरत है।समारोह में पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव भटनागर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सभासद शराफत हुसैन हस्सानी, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, विधिक सलाहकार सुहैल खां, उपाध्यक्ष जहीर खान, संयुक्त सचिव फैजी खां, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, प्रचार मंत्री धर्मेंद्र सागर आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन सिफत मियां ने किया।

## युवक की मौत के मामले में अज्ञात चालक पर केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र में 19 मई को सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद युवक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने ट्रक के अज्ञात चालक पर केस दर्ज किया है। जिला सम्भल के धनुपुरा गांव निवासी राजकुमार के अनुसार वह अपने सगे भाई दीपक कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में करेथी से घर लौट रहा था, रास्ते में खेत के किए खाद लेने के लिए कच्चे रास्ते में बाइक को खड़ा कर लिया। तभी चंदौसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक के अज्ञात चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद उसके भाई दीपक कुमार की मौत हो गई। परिजन उसे लेकर सीएचसी शाहबाद पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दीपक के भाई राजकुमार की तहरीर पर ट्रक के अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।




# जल्द होगा महिला विंग की टीम का गठन: कमल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जा रहा है ।संगठन की महिला विंग , युवा टीम को भी जल्द नियुक्त किया जाएगा।

उन्होंने पदाधिकारी को गुटबाजी छोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करने के लिए प्रेरित किया। जिलाध्यक्ष शाहाबाद रोड ग्राम हाजी नगर में संगठन मंत्री रामप्रकाश के आवास पर बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1990 से आर्थिक सुधार के लिए निजीकरण हुआ था। शिक्षा संस्थान से लेकर विश्वविद्यालय तक प्राइवेट खुले हैं। ऐसे में सरकारी नौकरियां मात्र रह गई।

उद्योग फैक्ट्रियां यह प्राइवेट स्कूल कॉलेज विश्वविद्यालय में एससी एसटी को आरक्षण मिलना चाहिए था लेकिन नहीं मिल पा रहा है ।बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर संगठन को खड़ा किया जा रहा है और हम इसको 50 प्रतिशत पूरा कर चुके हैं। समाज की पिछड़ापन और बेरोजगारी का मुख्य कारण शिक्षा का अभाव है। आगामी पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए समाज के लोगों को आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 7 जून रविवार को मेधामी छात्र-छात्राओं को जिला पंचायत के हाल में सम्मानित किया जाएगा ।जिसमें समाज के बड़े नेता भी शामिल होंगे उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने की समाज के लोगों से अपील की ।इस मौके पर धर्म सिंह , अर्जुन कुमार, राम सिंह एडवोकेट, विनोद कुमार, राजेश कुमार, शरण कुमार, नंदकिशोर, दिनेश कुमार, राजीव कुमार, उमेश कुमार, कमल कुमार, रवि तुरैहा, पं पंडित जी रामगोपाल, रामकिशोर तुरैहा, अरविंद कुमार, कमल कुमार मुन्ना, अशोक कुमार, विक्की, आकाश, यश कुमार, शिवकुमार, मुरारी लाल, आदि लोग मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव का पदाधिकारियों ने किया स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव त्रिलोक त्यागी शनिवार को दिल्ली से बाया रोड रुद्रपुर, जनपद ऊधमसिंह नगर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान रामपुर-मूंढ़ापांडे हाईवे पर रालोद के जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनका फूल-मालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर रालोद किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह बिट्टू, महिला प्रकोष्ठ रुहेलखंड की क्षेत्रीय अध्यक्ष शशि बाला,रुहेलखंड क्षेत्रीय महासचिव सुमन सिंह परिहार, जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ कुलदीप कौर, जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ सरदार निर्मल सिंह, नगर अध्यक्ष नवाब खां, नगर महासचिव मोनी ख़ां, ज़िला महासचिव प्रभात भारद्वाज,कलावती सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।युवा प्रकोष्ठ से अल्तमश बिल्लू, अज़ीम, मोहम्मद सैफ़, दानिश अली तथा रालोद नेता सुरेंद्र सिंह, सरदार दर्शन सिंह,अक्तर अली, सुहैल, संकर लाल लोधी, विनोद कुमार यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे ।इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला तथा पार्टी संगठन को मज़बूत करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर चर्चा की गई ।रालोद जिलाध्यक्ष शाहिद हुसैन ने बताया कि बहुत जल्द रामपुर में राष्ट्रीय लोक दल द्वारा एक रालोद एकता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य संगठन को और अधिक मज़बूत करना तथा समाज के सभी वर्गों को जोड़ना रहेगा ।रालोद नेताओं ने कहा कि राष्ट्रीय लोक दल लगातार किसानों, युवाओं, मजदूरों और समाज के सभी वर्गों की आवाज़ मज़बूती से उठाने का कार्य कर रहा है।



मुख्य अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी।

## युवक पर रेप का प्रयास करने का आरोप, केस दर्ज

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के युवक पर युवती के साथ मारपीट और रेप का प्रयास करने के आरोप लगे है। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। युवती के पिता का आरोप है कि शाहबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत लोधीपुर गांव का रहने वाला निगम पुत्र नन्हे बीती 22 मई की दोपहर दो बजे उसके घर में घुस गया और उसकी बेटी को अकेली पाकर बुरी नियत से पीछे से दबोच लिया।

युवती के पिता का आरोप यह भी है कि जब उसकी बेटी ने खुद को छुड़ाने की कोशिश की तो डंडे से मारपीट करते हुए रेप करने की कोशिश भी की। युवती के शोर मचाने पर लोगों को आता देख युवक जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

**महोत्सव** प्रियतम के आने से पहले हर गली को उनके नाम से चहचहाना

# जात पात का भेदभाव भुला हर सनातनी को जोड़ रही श्रीनाथ की नाम यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अधिक मास के पावन अवसर पर श्रीनाथ जी रसकथा महोत्सव के निमित्त निकाली जा रही प्रभात फेरी इन दिनों पूरे शहर में भक्ति, समरसता और सनातन एकता का संदेश दे रही है। प्रतिदिन प्रातः निकलने वाली यह निमंत्रण यात्रा केवल कथा का आमंत्रण नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग, हर वर्ग और हर तबके को एक सूत्र में जोड़ने का माध्यम बनती जा रही है।

इस प्रभात फेरी की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें जात-पात, ऊंच-नीच और भेदभाव का कोई स्थान नहीं है। यह यात्रा हर सनातनी को एक स्वर में पुकार रही है कि नाम अलग हो सकते हैं, स्वरूप अलग हो सकते हैं, लेकिन हर रूप में वही एक ईश्वर विराजमान हैं। यही भाव लोगों के हृदय को गहराई से स्पर्श कर रहा है ।बिना किसी शोर-शराबे, बिना डीजे, बिना रथ और सवारियों के निकलने वाली यह प्रभात फेरी अपनी सादगी और भक्ति भाव से लोगों के मन को मोह रही है। गली-गली में जय जगन्नाथ, जय श्रीनाथ के उद्घोष के साथ श्रद्धालु प्रभात फेरी का स्वागत कर रहे हैं। कहीं पुष्प वर्षा हो रही है तो कहीं लोग अपने घरों से बाहर निकलकर यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं ।गोवत्स महाराज जी द्वारा दिए गए चार प्रमुख सूत्र गौ सेवा, प्रभात फेरी, युवा गोष्ठी और कथा वाचन को यह प्रभात फेरी एक माला में पिरोने का कार्य कर रही है। आयोजकों का कहना है कि इन चारों सूत्रों के माध्यम से समाज में धर्म, सेवा और संस्कारों की अलख जगाई जा रही है।

प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य श्रीनाथ जी के आगमन से पूर्व शहर की हर गली और हर घर तक नाम महिमा को पहुंचाना है। भक्तों के मन में यही भाव है कि मेरे प्रियतम मेरे शहर में आने वाले हैं, उससे पहले मैं शहर की हर गली में जाकर उनके नाम की महिमा पहुंचाना चाहती हूं और हर मार्ग को भक्ति से चहचहाना चाहती हूं। इसी भावना के साथ श्रीनाथ जी रस कथा महोत्सव से पूर्व पूरे रामपुर में प्रभात फेरियों का क्रम जारी है, जो अब केवल एक धार्मिक यात्रा नहीं बल्कि सामाजिक और आध्यात्मिक जागरण का स्वरूप ले चुकी है। प्रभात फेरी में गीता गुप्ता, दीपा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, गीतिका, शिवानी, अंशिका अग्रवाल, सुनील राजपूत, वरुण जोशी, शुभम, चेतन, हर्षित रस्तोगी, योगेश गुप्ता, पंकज अग्रवाल, हर्षल सक्सेना, मून आदि लोग मौजूद रहे।



भजन गाते हुए चलते भक्त। -जागरण मोर्चा





### एक नजर

## नशे के विरुद्ध अभियान तेज करने के दिए निर्देश

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नशे के विरुद्ध एक युद्ध अभियान के तहत जिला आबकारी विभाग की एनकॉर्ड समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में नशीले पदार्थों की रोकथाम, अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आबकारी,पुलिस एवं ड्रग विभाग को संयुक्त रूप से मेडिकल स्टोर्स एवं संदिग्ध स्थलों पर सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने पुलिस विभाग द्वारा नशे के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी देते हुए कहा कि सूचना मिलने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। समीक्षा बैठक में जिला आबकारी अधिकारी हिम्मत सिंह ने बताया कि नशे के विरुद्ध संचालित अभियान के तहत लगातार प्रवर्तन कार्रवाई, जनजागरूकता कार्यक्रम एवं विभागीय समन्वय के माध्यम से अवैध नशीले पदार्थों की रोकथाम हेतु प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य, अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रॉयल नवाब क्लब ने अनाया क्लब को हराकर जीता मैच

- रॉयल नवाब के बल्लेबाज ओसामा ने सबसे अधिक 48 रन

जागरण मोर्चा कार्यालय



बॉल मारकर मैच का आगाज करते समाजसेवी मामून शाह। -जागरण मोर्चा

**टांडा।** नगर के मनसब अली स्पोर्टस स्टेडियम में जाफर अली मेमोरियल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे मैच में रॉयल नवाब और अनाया के बीच मैच खेला गया। रॉयल नवाबने पहले बैटिंग करते हुए टॉस जीतकर निर्धारित 16 ओवर में 152 रन का एक विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें रॉयल नवाब के बल्लेबाज ओसामा ने सबसे अधिक 48 रन, सलाउद्दीन ने 33 रन और यमन कुरैशी ने 35 रन का योगदान दिया। अतिरिक्त रन 25 रहे। अनाया की तरफ से नावेद जीशान और शहजाद ने एक-एक विकेट प्राप्त की। 153 का पीछा करते हुए अनाया क्लब की पूरी टीम 134 रन ही बना सकी। जिसमें सबसे अधिक साहिल पाशा ने 45 रन, इनाम अली ने 19 और मुन्ना ने 10 रन का योगदान दिया। अतिरिक 32 रन रहे। रॉयल नवाब की तरफ से प्रवेश,अदनान और ऋषभ वासी ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच रॉयल नवाब के ओसामा को प्रदान किया गया।मैच के मुख्य अतिथि मामून शाह खां अध्यक्ष पति नगर पालिका परिषद रामपुर रहे।अंपायर अलकमा अमान सौर सुहैल रहे, कमेंटेटर मोहम्मद सईद सागर , जहीर जिया और अब्दुल रज़्ज़ाक़ रहे जबकि ऑनलाइन स्कोरर मौलाना जुनैद और आकिब गुल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मामून शाह अध्यक्ष पति नगर पालिका परिषद रामपुर, आसिफ कुरेशी, हिलाल खान, आयोजक, हाजी मुबीन, इसरार, नाजिम फरीदी, महफूज मुन्ना, अलकमा अमान, इनाम अली, मौलाना शाहफेद, सईद अनवर, तौसीफ आलम वासी खान, ज़ुबैर आलम, कारी रिजवान आदि मौजूद रहे।

## योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने का आह्वान

**शाहबाद।** रविवार को रमपुरा गांव के बी.आर.आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल में बीजेपी ग्रामीण मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर शाहबाद ग्रामीण मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा विकास दीक्षित शामिल हुए। बैठक के दौरान सरकार की नीतियां और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हर एक तक पहुंचने का संकल्प लिया। साथ ही महीने के आखिरी रविवार को मन की बात कार्यक्रम को हर बूथ स्तर पर सुनकर सरल ऐप पर अपलोड करने व पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पूनम देवी, मौनी पांडे, मदन लाल कश्यप,ठाकुर पुरुषोत्तम सिंह, वेदप्रकाश सागर आदि रहे।



बैठक करते बीजेपी कार्यकर्ता।

# अभियान चलाकर 300 किलो कचरा हटाया



स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, लखनऊ एवं नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा कोसी रामगंगा तट पर स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने किया।

अभियान के दौरान नदी किनारे फैले प्लास्टिक कचरे, जलकुंभी एवं अन्य अपशिष्ट पदार्थों को हटाते हुए लगभग 300 किलोग्राम कचरा एकत्रित किया।जिसे निस्तारण के लिए नगर पालिका को सौंपा गया। साथ ही स्वच्छता रैली निकालकर लोगों को नदी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।उल्लेखनीय है कि हर रविवार एक घंटा श्रमदान मुहिम गत जनवरी माह से निरंतर संचालित की जा रही है। अभियान में शुभम मिश्रा (आर्ट ऑफ लिविंग) एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने कहा कि नमामि गंगे अभियान जनभागीदारी आधारित पहल है, जिसके माध्यम से नदियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने नदी स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली।

# कन्हैया मित्तल ने राज्यमंत्री से की मुलाकात

जागरण मोर्चा कार्यालय



राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख से गले मिलते कन्हैया मित्तल।

**रामपुर।** बिलासपुर में राज्यमंत्री, कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग, बलदेव सिंह औलख के आवास पर सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल पहुंचे। इस अवसर पर कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं उनके पुत्र गुरकीरत औलख ने पटका पहनाकर सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल का आत्मीय स्वागत किया।राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं भजन गायक कन्हैया मित्तल की भेंट के दौरान धर्म, संस्कृति एवं समाज में सकारात्मक ऊर्जा के प्रचार, प्रसार तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ बनाने जैसे विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। दोनों ने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना के महत्व पर भी अपने विचार साझा किए।

## महिलाओं को पढ़ाया गया कानून का पाठ

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारें में बताया।

# भाजपा नगर मंडल शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय



बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**स्वार।** रविवार को स्वार नगर मंडल में 18 सेक्टरों पर शक्ति केंद्र की बैठक का आयोजन किया। जिसमें शक्ति केंद्र पर सभी बूथ अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता बूथ प्रवासी सेक्टर प्रभारी बूथ की समिति उपस्थिति रही। जिसमें स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर मंडल प्रभारी अमृता रंधावा ने सभी सेक्टरों पर जाकर सभी सेक्टर सहयोग को शक्ति केंद्र की बैठक के बारे में जानकारी दी।31 मई को मन की बात का एपिसोड देखने के लिए कहा। सरल ऐप पर अपलोड करने के लिए भी कहा। अंत में स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने बैठक की समाप्ति करते हुए कहा कि हमारा बूथ सबसे मजबूत तभी होगा। जब बूथ अध्यक्ष अपनी पूरी बूथ समिति अच्छी तरह से बनाकर पन्ना प्रमुख व्यक्तियों की सूची बनाकर अपने एक कार्यवाही रजिस्टर में नोट करके रखें। सभी सेक्टर संयोजक सेक्टर प्रभारी मंडल अध्यक्ष मंडल के प्रभारी अपना अपना कार्यवाही रजिस्टर बनाकर जरूर रखें ।जिसमें सारी जानकारी उपस्थित हो सभी का धन्यवाद देते हुए बैठक की समापन की घोषणा की। जिसमें उपस्थित अमित सक्सेना, राजेश कुमार शर्मा, राजीव वर्मा, रिंकू सैनी, लक्ष्मीकांत सैनी, किशन लाल, चंद्र आदि उपस्थित रहे।

सेक्टर लखीमपुर, छपरा, समोदिया, रसूलपुर के लोग मौजूद रहे।

# एआरपी संघ की शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन संगोष्ठी में उठे मुद्दे

जागरण मोर्चा कार्यालय



कार्यक्रम के दौरान मौजूद एआरपी। -जागरण मोर्चा

रामपुर। अकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षणिक गुणवत्ता उन्नयन संगोष्ठी एवं प्रदेश कार्यसमिति बैठक रविवार को सहारनपुर के दिल्ली रोड स्थित गुर्जर भवन में हुआ।इस अवसर पर प्रदेश एवं विभिन्न जनपदों से आए एआरपी साथियों ने सहभागिता करते हुए बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों, विद्यालयी वातावरण सुधार, मिशन प्रेरणा,शिक्षकों के शैक्षणिक सहयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। संघ के प्रदेश अध्यक्ष केशव प्रताप शाही द्वाराकार्यक्रम में संगठन की मजबूती, एआरपी की शैक्षणिक भूमिका, विद्यालयों में प्रभावी मॉनिटरिंग एवं शिक्षकों के सहयोगात्मक पर्यवेक्षण को और अधिक सशक्त बनाने पर विशेष बल दिया गया। प्रदेश महामंत्री प्रवीण चौधरी ने एआरपीचयन को सेवा पंजिका में अंकित करने, एक अतिरिक्त वेतन वृद्धि लगवाने तथा यात्रा भत्ता बढ़वाने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के वाहन व्यवस्था करने की मांग की। बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने अनुभव साझा किए तथा शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु अनेक सुझाव प्रस्तुत किए ।संगोष्ठी में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एआरपी साथियों को सम्मानित भी किया।अतिथियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जनपद रामपुर से जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह, महामंत्री पारितोष कुमार व मंडल अध्यक्ष आलोक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## मोबाइल नंबर से मिली धमकी

**मिलक।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष आदेश शंखधार को 23 मई की सांय 05 .16 बजे एक विदेशी मोबाइल नंबर +96594016002 से जान से मारने की धमकी मिली है। वॉइस रिकॉर्डिंग में कहा गया है कि एक हफ़्ता के अंदर अगर फेसबुक से सभी वीडियो डिलीट नहीं किए तो बाबा सिद्दीकी और सिद्धू मूसेवाला को कैसे उड़ाया गया था ठीक उसी तरह से तुम्हारा भी हाल करेंगे, पूरे परिवार के बारे में जानकारी हमारे पास है। आदेश शंखधार ने बताया कि उक्त सभी ऑडियो रिकॉर्डिंग और स्क्रीन शॉट तहरीर के संलग्न करके थाना मिलक को दे दिए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक से रिपोर्ट दर्ज़ कर अग्रिम कार्यवाही करने के साथ सुरक्षा की भी मांग की गई है। प्रकरण अत्यंत गंभीर है। कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। ऐसी संभावना है। पुलिस से अति शीघ्र सुरक्षा की माँग की गई है। अब देखना यह है कि पुलिस इस धमकी को कितनी गंभीरता से लेती है या फ़िर इतने गंभीर प्रकरण को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

# 'भाजपा सरकार में हो रहे विकास कार्य'



मुख्य अतिथि के ऊपर फूल डालकर स्वागत करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा





मुख्य अतिथि को रामपुरी चाकू भेंट करते भाजपाई। -जागरण मोर्चा

- ग्राम धनोरी में पंचायत सचिवालय का किया उद्घाटन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार।** धनोरी में ग्राम पंचायत सचिवालय का उद्घाटन समारोह मे उत्तर प्रदेश सरकार में कृषि , कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसन्धान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख द्वारा किया।इसके बाद स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने बड़ी माला ओर अंग वस्त्र भेट करके फूल मालाओ द्वारा स्वागत किया। इस दौरान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि प्रदेश सरकार में जितने विकास कार्य हो रहे हैं। कितने विकास कार्य आज तक किसी भी सरकार में नहीं हुए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटजाने का आह्वान किया।

इस दौरान स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर, ग्राम प्रधान शोभा रानी मौर्य ,पूर्व प्रत्यासी लक्ष्मी सैनी, संजय मौर्य , महेन्द्र सैनी , समर सिंह चौहान, योगेंद्र चौहान, डॉक्टर कृष्ण लाल चंद्र , लक्ष्मी कान्त सैनी, रिंकू सैनी, प्रेम सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे । जिसमे मुख्य अतिथि ने सचिवालय के बारे में विस्तार से बताया ओर कहा की ग्राम पंचायत का सचिवालय में ग्राम के सभी कार्ये लेखपाल सचिव के द्वारा जो कार्य किये जाते हैँ सभी इस सचिवालय में होंगे ओर अंत में स्वार नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दिवाकर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की ग्राम पंचायत में होने वाले सभी कार्ये पूर्ण रूप से पूरे होंगे ओर विकास की लहर बहेगी। ओर कार्येक्रम का समापन करते हुए सभी का धन्यवाद किया।

# ईदगाह, मस्जिदों के बाहर डलवाया जाए चूना: जावेद

- ईद उल अजहा को लेकर जमीयत उलमा ए हिंद ने सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** ईद उल अजहा को लेकर जमीयत उलमा ए हिंद ने जिलाधिकारी को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उनका कहना है कि जैसा कि आपको मालूम हो 28 मई को बकरीद का पर्व मनाया जाएगा। इसको ध्यान में रखते हुए जनपद में साफ-सफाई, जलापूर्ति के बेहतर इंतजाम किए जाए। जिससे कि लोगों को परेशान न होना पड़े।

जमीयत उलमा ए हिंद के जिलाध्यक्ष मौलाना असलम जावेद कासमी ने कहा कि कुर्बानी का सिलसिला तीन दिन तक जारी रहता है। इसलिए सभी ईदगाहों, मस्जिदों के बाहर चूना डलवाया जाए। कहा कि कुर्बानी के बाद अवशेषों को उठाने के लिए नगर पालिका का गाड़ियों आरै सफाई कर्मियों की डयूटी लगाई जाए। ताकि कहीं भी गदंगी या दुर्गंध की स्थिति पैदा न हो। इसके अलावा त्योहार के दिनो में मस्जिद में वज़ू और साफ-सफाई समेत अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए पानी की खपत बढ़ जाती है। इसलिए ईद के दिनों में बिना किसी कटौती के सुबह-शाम वाटर सप्लाई मुहैया कराई जाए। ज्ञापन पर मुफ्ती मोहम्मद साजिद, मौलाना मोहम्मद फुरकान, मुफ्ती जुनैद, कारी इमामुद्दीन, कारी उबैद उल्लाह, मौलाना समी उल्लाह के हस्ताक्षर है।

शिविर | विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ जनऔषधि केंद्र पर लगा विशेष शिविर

# पाचन स्वास्थ्य में मन और पेट का गहरा संबंध: डा. कुलदीप

जागरण मोर्चा कार्यालय



सीआरपीएफ में विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पाचन स्वास्थ्य की जांच करते डॉ .कुलदीप चौहान। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** विश्व पाचन स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को सीआरपीएफ प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र पर एक विशेष पाचन स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों ने पहुंचकर अपने पाचन स्वास्थ्य की जांच कराई।

शिविर में मुख्य परामर्शदाता के रूप में प्रसिद्ध आयुर्वेदिक मनोचिकित्सक डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने मरीजों की जांच कर उन्हें दैनिक आहार से जुड़े महत्वपूर्ण व्यावहारिक देते हुए कहा कि अच्छे पाचन में मन और पेट का गहरा संबंध है। आधुनिक जीवनशैली में बढ़ रही पेट की समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने शिविर में आए लोगों से कहा कि 'गट-ब्रेन एक्सिस पेट और मस्तिष्क के संबंध को आयुर्वेद 'सर्वे रोगाः अपि मंदाग्नौ' कहा गया है। यानी सभी बीमारियों की जड़ कमजोर पाचन (मंदाग्नि) है। आज के समय में लोग केवल शारीरिक कारणों से नहीं, बल्कि मानसिक तनाव और अधूरी नींद के कारण भी बदहजमी, गैस और आईबीएस जैसी समस्याओं का शिकार हो रहे हैं। हमारा मानसिक स्वास्थ्य सीधे हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित करता है। खराब पाचन तंत्र को महंगी दवाइयों से ठीक नहीं किया जा सकता है। इसका समाधान केवल दैनिक दिनचर्या (विहार) और भोजन के नियमों (आहार) में बदलाव को लागू करना है। उन्होंने कहा कि भोजन का समय एक दम निश्चित होना चाहिए। दोपहर का भोजन भारी और रात का भोजन हमेशा हल्का व सूर्यास्त के आसपास होना चाहिए। दूध के साथ नमक या खट्टी चीजों का सेवन करने जैसी गलत आदतों (विरुद्ध आहार) से बचें, यह शरीर में टॉक्सिन बनाता है।

खाते समय टीवी, मोबाइल का प्रयोग न करें और शांत मन से चबा-चबाकर खाएं। चिंता या गुस्से में खाया गया भोजन विष के समान काम करता है। सुबह या शाम को कम से कम 30 मिनट टहलने या वज्रासन में बैठने की आदत डालें, जिससे पेट की नसें सक्रिय रहें। सीआरपीएफ प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र की संचालक एवं फार्मासिस्ट सीता देवी ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को सस्ती जेनेरिक दवाओं के साथ-साथ आयुर्वेद और सही जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। शिविर में आए लोगों को पाचन से जुड़ी बुनियादी दवाओं के साथ-साथ ओआरएस और पोषण संबंधी जानकारियां भी दी गई है।

शिविर के अंत में डॉ. कुलदीप सिंह चौहान ने उपस्थित लोगों को स्वस्थ पेट स्वस्थ मन' का संकल्प दिलाया।दैनिक जीवन में गुनगुने पानी के सेवन को प्राथमिकता देने की अपील की। शिविर में 64 लोगों ले अपने पाचन स्वास्थ्य और प्रकृति का निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया।

एक नजर



## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के 40 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में 40 वर्षीय युवक अपने परिवार के साथ रहता था। शनिवार की रात युवक घर से एक गांव के बाजार के पास खेत पर पहुंचा और वहां जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजन व आसपास के लोग युवक को खोजते हुए मौके पर पहुंचे और युवक को निजी चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार की सुबह परिजनों ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि युवक का शनिवार को पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

# भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में सड़कों पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखती है यातायात पुलिस

### व्यापार मंडल ने कार्यक्रम आयोजित कर यातायात पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (युवा इकाई) ने कार्यक्रम में यातायात पुलिस कर्मियों को पटका पहनाकर और छाता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय मौजूद रहीं।

रविवार को कार्यक्रम का आयोजन फव्वारा चौक पर किया गया। जिसमें भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में सड़कों पर मुस्तैद रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने वाले ट्रैफिक पुलिस के जवानों के सम्मान में आज एक सराहनीय पहल की गई। व्यापार मंडल ने यातायात प्रभारी जगरोशन सिंह, मुख्य आरक्षी दिग्विजय सिंह, सोनू अहलताव, सचिन कुमार, विकास कुमार, सनी तोमर, सौरभ सिंह, राजेश कुमार, लोकेंद्र सिंह, लोकेश कुमार, नंदराम, हरीश पाल आदि पुलिस



यातायात प्रभारी को सम्मानित करती पालिकाध्यक्ष। –जागरण मोर्चा

कर्मियों को पटका पहनाकर व छाता भेंट कर सम्मानित किया गया। युवा इकाई के नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि तपती धूप और चिलचिलाती गर्मी में भी यातायात पुलिस के जवान बिना धके जनता की सुरक्षा और सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए सड़कों पर खड़े रहते हैं। उनके इस सेवा भाव और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यातायात पुलिस का सम्मान तब होगा जब हम यातायात नियमों का पालन करेंगे। हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और रेड लाइट न लांघना उनके काम को आसान बनाता है। पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने कहा कि नगर पालिका द्वारा फव्वारा चौक पर यातायात पुलिस के जवानों को बैठने की उचित व्यवस्था की जाएगी। आज हम सब मिलकर इन वर्दीधारी रक्षकों को दिल से सलाम करते हैं और उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। व्यापार मंडल के इस कदम की स्थानीय नागरिकों और पुलिस कर्मियों ने काफी सारहना की है। इस मौकके पर प्रभात कृष्णा, वसीम अख्तर, शाह आलम मंसूरी, सागर गुप्ता, शुभम अग्रवाल, निशांत शर्मा, उमेर, रितिक वार्ष्णेय, तुषार कुमार, सोनू आदि मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तिगरी में 60 पुलिसकर्मियों संग मुस्तैद रहेंगे बाढ़ राहत और पीएसी जवान

**जागरण मोर्चा कार्यालय, गजरौला।** ज्येष्ठ दशहरा पर तिगरी व ब्रजघाट गंगा में श्रद्धालुओं के सकुशल स्नान के लिए बाढ़ राहत पीएसी, पीएसी जवान व पुलिस कर्मी मुस्तैद रहेंगे। छह नावों में सवार गोताखोर गंगा में गश्त पर रहेंगे। तिगरी में शिव चौराहा से आगे कोई वाहन नहीं जाने दिया जाएगा। वहीं हाईवे पर पांच इंस्पेक्टर, 50 सिपाही और 20 दरोगा तैनात रहकर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था को चाक चौबंद रखेंगे। सोमवार को ज्येष्ठ दशहरा पर तिगरी गंगा में 20 से 25 हजार श्रद्धालु स्नान कर पुण्य कमाएंगे। इसके अलावा अमरोहा जिले की सीमा में ब्रजघाट गंगा में भी हजारों श्रद्धालु स्नान करेंगे। ज्येष्ठ दशहरा पर गंगा स्नान के दौरान हाईवे व गजरौला से तिगरी तक जाम न लगे। इसके लिए पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि हाईवे पर पांच इंस्पेक्टर, 50 सिपाही और 20 दरोगा मुस्तैद रहेंगे। गंगा किनारे चौकी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन पर श्रद्धालुओं को गहरे जल में जाने से रोकने की जिम्मेदारी होगी।



मुरादाबाद के जिला अस्पताल का निरीक्षण करते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

## कबाड़ एंबुलेंसों को हटाएं, पानी-कूलर व्यवस्था दुरुस्त करें : डिप्टी सीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजों से बातचीत कर अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने हीट वेव को लेकर अस्पताल में पेयजल, कूलर और जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा कबाड़ एंबुलेंस हटाने के आदेश भी दिए।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को उपचार व्यवस्था और अस्पताल के रखरखाव को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

अस्पताल परिसर में खड़ी कबाड़ एंबुलेंसों को जल्द हटाने के लिए भी कहा गया। डिप्टी सीएम ने निर्देश दिए कि मरीजों को जरूरत की हर सुविधा तत्काल उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस को हीट वेव को लेकर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर में शुद्ध पेयजल, कूलर और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी में लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक करना जरूरी है। इससे पहले डिप्टी सीएम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया और प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# शिविर शरीर स्वस्थ रखने को कराया जा रहा योगाभ्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायन्ट्स ग्रुप महिला शक्ति द्वारा योग शिविर का आयोजन किया जा रहा। जिसमें प्रत्येक दिन शिविर में आने वाले लोगों को योगाभ्यास कराया जा रहा है। ताकि उनका शरीर स्वस्थ बना रहा। जायन्ट्स ग्रुप महिला शक्ति के योग शिविर में योग प्रशिक्षक सुशील आर्य द्वारा योगाभ्यास कराया जा रहा है। रविवार को शिविर के चौथे दिन प्राणायाम, श्वासासन ज्ञान का अभ्यास कराया गया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ दिनचर्या और प्राकृतिकक चिकित्सा के बारे में बताया। कहा कि योग करने से मनुष्य का शरीर निरोग बना रहता



शिविर में योगाभ्यास करते हुए। –जागरण मोर्चा

है और योग में इतनी शक्ति होती है कि वह अनेक बीमारियों से लड़ सकता है और शरीर को नियोगी बनाता है। इसलिए मनुष्य को प्रत्येक योगासान करना चाहिए। ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया कि योग शिविर शारीरिक, मानसिक औरर आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुधारने के लिए आयोजित किए जाने वाला विशेष कार्यक्रम है। उक्त 21 जून तक आयोजित किया जाएगा। इसलिए शहर के लोग शिविर का लाभ उठाकर अपने शरीर को निरोगी बना सकते हैं।

## उत्साह के साथ सभी कलाओं को सीख रही बालिकाएं



समर कैंप में शामिल बच्चे। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बच्चों विशेषकर बालिकाओं एवं महिलाओं को क्रियात्मक कार्य से जोड़ने का कार्य किया है। इस वर्ष इस क्रियात्मक कार्य को समर कैंप नाम दिया। जो शिव मंदिर कैथल गेट वेणु गोपाल मंदिर के सामने चल रहा है। जो कि 30सितंबर तक चलेगा। रविवार को ब्यूटीशियन में राखी ने फेशियल टिप्स बताये, मेहंदी में सलोनी ने हाथ पर डिजाइन बनाना, ढोलक में निधि वार्ष्णेय ने बाएं हाथ की थपकी देना, सिलाई में स्तुति गोयल ने तुरपन करना सिखाया गया। क्राफ्ट में अनुराधा गोयल ने पेंटिंग बनानी सिखाई। सभी बालिका उत्साह के साथ सभी कलाओं को सीख रही है। इस दौरान डा मधू तोमर, डा मधुपमा वार्ष्णेय, कंचन बाला, राजेश्वरी श्रीवास्तव, अंजू राजपूत, रीता बुधियाल, सीमा वर्मा, पुष्पा वर्मा, मुन्नी देवी सक्सेना, ममता देवी,सुनीता आदि मौजूद रहीं।

# सीएचसी और कान्हा गौशाला का डिप्टी सीएम करेंगे निरीक्षण

### डिप्टी सीएम के दौरे को लेकर सरकारी विभागों में हलचल तेज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** 25 मई को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आगमन को लेकर सरकारी विभागों में हलचल मची हुई है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और गौशाला में रंगाई पुताई का काम चल रहा है।

बता दें कि 24 मई को डिप्टी सीएम शाम के समय अमरोहा स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे तो वहीं हाईवे स्थित एक औद्योगिक इकाई के अतिथिगृह में रात्रि विश्राम के बाद 25 मई की सुबह नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कान्हा



गौशाला और जल व्यवस्था का निरीक्षण करेंगे।

उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सरकारी विभागों में हलचल मची हुई है। शनिवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में रंगाई-पुताई का काम चलता रहा। शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ-नितिन गौड़ ने भी सीएचसी का जायजा लेकर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया था और सीएचसी प्रभारी डॉ-पल्लवी गंगवार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। वहीं शनिवार को गौशाला में भी दिन भर सफाई व्यवस्था के साथ ही अन्य सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराए जाने का सिलसिला चलता रहा। ईओ ललित कुमार आर्य ने गौशाला में पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं को देखा और जो भी कमियां थीं उन्हें दूर कराया।

## दूसरे समुदाय के युवक के घर मिली युवती, सूचना पर पहुंची पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र स्थित एक मोहल्ले में रविवार सुबह उस समय हलचल मच गई, जब अमरोहा जिले के थाना जोया क्षेत्र की रहने वाली एक युवती दूसरे समुदाय के युवक के घर पहुंच गई। मामले की जानकारी मिलते ही युवती के परिजन मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। जहां बता दे कि युवती काफी समय से युवक के घर पर मौजूद थी। परिजनों ने युवक पर युवती को बहला-फुसलाकर अपने पास रखने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी। वहीं पुलिस ने युवती और युवक से पूछताछ कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मामले को लेकर इलाके में काफी देर तक चर्चाओं का माहौल बना रहा। पुलिस का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगीकोतवाली निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने बताया कि युवती दूसरे समुदाय के युवक के घर पर मिली थी। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। युवती को सुरक्षित उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

# आज के समय में खेल शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी बेहद आवश्यक : नूतन चौधरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी द्वारा सम्भल ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में नगर के द ट्यूलिप्स स्कूप आफ एक्सीलेंस में जिला स्तरित ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें ट्यूलिप स्कूल आफ एक्सीलेंस, चंदौसी पब्लिक स्कूल, एबीसी मोंटेसरी स्कूल, सेंट थामस ताइक्वांडो एकेडमी, चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी, डिफेंस ताइक्वांडो एकेडमी के कुल 145 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल की डायरेक्टर मधुलिका सिंह व स्कूल की प्रधानाचार्य सिंथना मैरी ने किया। मुख्य अतिथि में सीडब्लूसी की सदस्य व प्रथम श्रेणी की मजिस्ट्रेट नूतन चौधरी ने कहा कि ताइक्वांडो जैसे खेल बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और आत्मरक्षा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज के समय में खेल शिक्षा



मुख्य अतिथि नूतन चौधरी को सम्मानित करते ताइक्वांडो एकेडमी के सदस्य।

के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक विकास के लिए भी बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा हैं, लेकिन खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण होती है। नूतन चौधरी ने अभिभावकों और कोचों की भी प्रशंसा की, जो बच्चों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का कार्य करती हैं और खिलाड़ियों को राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के अवसर प्रदान करती हैं। सभी खिलाड़ियों की फाइट पी वी, सबजूनियर, कैडेट, जूनियर व सीनियर की फ्रेशर व आफिशियल कैटेगरी में हुईं। फ्रेशर केटेगरी में आईश गोल्ड मेडल, सात्विक रजत पदक, दर्श स्वर्ण पदक, ध्रुव रजत पदक, तेजस कांस्य पदक सबजूनियर मेल अंदर 21 में अभिनव गोयल स्वर्ण पदक, सूर्यांश राजपूत रजत पदक व वीर राघव कांस्य पदक, अंदर 23 में अद्विक स्वर्ण पदक अंदर 25 में कृष्णा देव स्वर्ण पदक, अभिराज चौधरी रजत पदक व शौर्य राजपूत कांस्य पदक। अंडर 27 में चिराग़ शर्मा स्वर्ण पदक तनिष्क कौशिक रजत पदक, हितेन सिंह कांस्य पदक, अंडर 29 में शौर्य स्वर्ण पदक, अंडर 32 में सिद्धार्थ कुमार स्वर्ण पदक, अंडर 35 में अक्ष कुमार स्वर्ण पदक, अंडर 38 अक्षत स्वर्ण पदक जीते। रेफरी की भूमिका में नेशनल रेफरी केशव थापा, अर्जुन थापा, अभिषेक, सुमित शर्मा, प्रियांशु रस्तोगी, पूरब प्रकाश, मनन सिंह, रश्मि राज, कामिया सैनी, वैभव सक्सेना, रोहित कुमार, संदीप कुमार, हाकिमीन हसीब रहे। टेक्निकल इंचार्ज में पीयूष शर्मा रहे। वालेंटियर में पूर्वी, अक्षत, अनन्या, अपर्णा, आशीष, संतराम, श्याम प्रियांशु, निवेश, शौर्य, सृष्टि, वैभव, दिनेश ने अपनी भूमिका निभाई। इस दौरान जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में फर्स्ट पोजीशन डिफेंस ताइक्वांडो, सेकेंड पोजीशन सेंट थामस ताइक्वांडो एकेडमी, थर्ड पोजीशन चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी व चंदौसी पब्लिक स्कूल की रही।

## खिलाड़ियों को ताइक्वांडो की तकनीक, फिटनेस और फाइट की बारीकियों का अभ्यास कराया



कैंप में शामिल ताइक्वांडो खिलाड़ी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के मयूर विहार, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट स्थित अंकुश ताईक्वांड़ो एकेडमी में ताइक्वांडो फाइट कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप ओलंपिक सचिव आशु शर्म की देखरेख में संपन्न हुआ।

इस कैंप में लगभग 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कैंप के दौरान खिलाड़ियों को ताइक्वांडो की तकनीक, फिटनेस और फाइट की बारीकियों का अभ्यास कराया गया। कोच अंकुश राना ने बताया कि इस तरह के फाइट कैंप का उद्देश्य खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण देना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों और खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ कैंप में भाग लिया।

गुस्सा — जल्द समाधान नहीं हुआ तो कालोनीवासी ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

# संगम विहार कालोनी में नाली का गंदा पानी सड़क पर, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के समीप ग्राम पंचायत मौलागढ़ के अंतर्गत आने वाली संगम विहार कालोनी में इन दिनों नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से लोगों का जीना दूभर हो गया है। कालोनी की मुख्य सड़क पर जलभराव और गंदगी फैलने से राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कालोनीवासियों के अनुसार नालियों की नियमित सफाई न होने और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल



संगम विहार कॉलोनी में प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। –जागरण मोर्चा

रहा है। इससे बदबू के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि बरसात आने से पहले यदि व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो हालात और भी खराब हो सकते हैं। ऐसी समस्याएं अन्य क्षेत्रों में भी सामने आती रही हैं, जहां जल निकासी व्यवस्था खराब होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अयोध्या प्रसाद ने बताया सड़क पर हर समय गंदा पानी भरा रहता है। बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है और आए दिन लोग फिसलकर गिर रहे हैं। पंचायत को इस समस्या पर तुरंत ध्यान देना चाहिए। अनिल कुमार ने कहा हम लोग लंबे समय से नाली सफाई और पानी निकासी की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। कुशांक और संजीव का कहना है कि कालोनी में रहने वाले लोग बदबू और जलभराव से परेशान हैं। कई बार पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।राजीव और जुगलकिशोर ने प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराकर सड़क पर बह रहे गंदे पानी की निकासी कराई जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।मुनेश कुमार, पोथीराम, लीलाधर, पंकज और लकी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो कालोनीवासी पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ग्राम पंचायत से मांग की है कि संगम विहार कालोनी की जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त कर स्थायी समाधान कराया जाए, ताकि लोगों को गंदगी और बीमारी के खतरे से राहत मिल सके।

# स्वास्थ्य व्यवस्था में भ्रष्टाचार के खिलाफ किसान यूनियन का हल्ला बोल, पुलिस ने किया नजर बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर द्वारा मुरादाबाद और अमरोहा के चिकित्सालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार,व अनियमितताओं और कालाखेड़ा चीनी मिल घोटाले के खिलाफ उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घर पर ही किया नजर बंद। भाकियू कार्यकर्ताओं ने कार्रवाई न होने पर आंदोलन एवं भूख हड़ताल की चेतावनी दी। किसानों की चेतावनी पर पुलिस प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया,रविवार दोपहर नगर के कनेटा रोड पर प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और यूनियन के पदाधिकारियों को उनके आवास पर ही नजरबंद



भाकियू बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं को नजर बंद करती पुलिस। –जागरण मोर्चा



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए। –जागरण मोर्चा

कर दिया।इस दौरान यूनियन ने उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार मनोज कुमार को सौंपा। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि निजी अस्पतालों में मनमानी फीस वसूली जा रही है और मरीजों को महंगी दवाएं खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है। फायर सेफ्टी मानकों का उल्लंघन कर अवैध फ्लोर चलाए जा रहे हैं। सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया कि अयोग्य स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से ऑपरेशन कराए जा रहे हैं। यूनियन ने पारदर्शिता के लिए ऑपरेशन कक्ष में 'ग्लास विंडो' लगाने की मांग की है।इसके अलावा मुरादाबाद में 10-12 वर्षों से जमे एक अधिकारी को हटाने और कालीखेड़ा मिल घोटाले की उच्च स्तरीय जांच कराकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। बताया जा रहा है कि जनपद में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन के द्वारा यह कदम उठाया। इस मौके पर डॉक्टर दिग्विजय सिंह भाटी, सोनू, मेवाराम, रूम सिंह, सूरजपाल, रिहान सैफी, नन्हे यादव, देवकरं सिंह, अमरजीत गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर



### गजरौला मंडल के शक्ति केंद्रों पर बैठक का आयोजन

**गजरौला।** भाजपा के गजरौला मंडल के दरियापुर बुजुर्ग, वारसाबाद, शिव इंटर कॉलेज, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज, सलेमपुर गौसाईं, धनौरी माफी, नगलिया शक्ति केंद्रों पर रविवार को बैठकें की गईं। बैठकों में शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी, बूथ अध्यक्षों ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। वारसाबाद में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक तोताराम ने कहा कि कहा कि पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाएं। जिससे लोग उनका फायदा उठा सकें। इस मौके पर राम रतन जाटव, सतपाल पाल, शुभम शर्मा, मनमोहन सिंह सैन, सोनू कश्यप, मूलचंद चौहान, हिमांशु, रवि चौहान, जसवीर सिंह, अंजू जाटव, नरेंद्र चौहान, प्रियंका शर्मा आदि मौजूद रहे।

# भव्य रूप से आयोजित किया गया लघु उद्योग भारती का 33वां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह

## कार्यक्रम का संचालन मुरादाबाद इकाई के महासचिव अमित कपूर ने किया

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूपेंद्र सिंह कैबिनेट मंत्री, एमएसएमई उत्तर प्रदेश सरकार एवं विशिष्ट अतिथि नगर विधायक श्री रितेश गुप्ता जी का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इसी श्रृंखला में कुछ वरिष्ठ निर्यातकों सतपाल पूगला, सतीश धीर, अजमल व सोहल तथा युवा उद्यमियों अश्विनी गौतम, इरेश बंसल, पार्थ गोयल, कनिष्क सिंह एवं मिस सृष्टि सिंघल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए लघु उद्योग भारती द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही, लघु उद्योग भारती मेरठ संभाग एवं मुरादाबाद मंडल की विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों का भी अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। अजय गुप्ता 'जिम्मी' प्रदेश उपाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती ने संगठन के इतिहास एवं उसके कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा सभी को संगठन की गतिविधियों से अवगत कराया।

अमित अग्रवाल प्रदेश महामंत्री, लघु उद्योग भारती ने माननीय मंत्री जी के समक्ष निर्यातकों एवं उद्योगों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को रखा। अंशुल अग्रवाल उपाध्यक्ष मेरठ संभाग ने उद्योगों के लिए "सिंगल विंडो सिस्टम" की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि मुरादाबाद के उद्योगों के लिए एक प्रभावी सिंगल विंडो व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है। बैठक का समापन से रचित अग्रवाल (अध्यक्ष, मुरादाबाद इकाई) ने सभी का हृदय से आभार प्रकट किया। बैठक में हेमंत जुनेजा (मंडल अध्यक्ष), अतुल भूटानी (मंडल महामंत्री), मयंक अग्रवाल, राकेश ढल, रुचिर अग्रवाल, अमित चौधरी, हरिराज सिंह, अजय गोयल जी, श्री मनीष पोपली जी, श्री सचिन कपूर जी, श्री गौरव ओहरी जी, श्री नीरज रस्तोगी जी, श्री अंकुर सिंघल जी, श्री परिमल अग्रवाल जी, श्री उज्ज्वल अग्रवाल जी, श्री हिमांशु मेहरा जी, श्री प्रशांत त्यागी जी, श्री कौशल निरंजन जी, श्री राजीव गोयल जी, श्री सुमित चावला जी, श्री मनीष जैन जी, श्री मनीष अग्रवाल जी, श्री विकास अग्रवाल जी, श्री विकास गुप्ता जी, श्री विकास अरोड़ा जी, श्री विशाल अग्रवाल जी, श्री अनुशेष सिंह जी, श्री अभिषेक अग्रवाल जी, श्री रजत अग्रवाल जी, श्री अजय आनंद जी सहित अनेक गणमान्य उद्यमियों एवं पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

## सरकारी विद्यालय के सामने जल भराव एवं गंदगी से परेशानी

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के एक गांव में स्थित सरकारी विद्यालय के सामने गंदगी एवं जल भराव की समस्या से ग्रामीणों को काफी परेशानिया हो रही है ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कई वार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द जनपद के उच्च अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई जाएगी। ब्लॉक क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकडी स्थित सरकारी विद्यालय के सामने जल भराव एवं गंदगी की समस्या के चलते ग्रामीण एवं छात्र-छात्राओं को आवागमन में काफी दिक्कतें हो रही है, ग्रामीणों का कहना है कि कुछ समय पूर्व ग्राम प्रधान द्वारा विद्यालय की चार दिवारी के निकट सोकता बनवाया गया था, लेकिन वह सही नहीं बना जिसके कारण यह समस्या और विकराल हो गई। ग्रामीण रामौतार सिंह, श्याम लाल, राजेंद्र, भूरे सिंह, उमराव सिंह, लाखन सिंह, विक्रम सिंह, जयप्रकाश रावत, राकेश पाल एवं सोनू कुमार द्वारा बताया गया कि पूर्व में ग्राम प्रधान एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों से शिकायत दर्ज कर चुके हैं लेकिन इस समस्या का कोई भी समाधान नहीं हो पा रहा है।



घटना के बाद मौके पर पुलिस। -जागरण मोर्चा

## अलीगढ़ मार्ग पर ट्रक से बचने के चक्कर में एंबुलेंस ने गोवंशीय पशु को मारी टक्कर गोवंशीय पशु की मौके पर मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग स्थित कालका वाले डगरौली गांव के पास शनिवार की देर रात एक अनियंत्रित एंबुलेंस पेड़ से जा टकराई। हादसे में एक गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एंबुलेंस चालक बाल-बाल बच गया।

जानकारी के मुताबिक, निजी एंबुलेंस देर रात मरीज को छोड़कर वापिस नगर की ओर लौट रही थी। जैसे ही वह अलीगढ़ मार्ग पर कालका वाली डगरौली के समीप पहुंची, तो सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक को बचाने के प्रयास में एंबुलेंस बेकाबू हो गई। अनियंत्रित वाहन बिजली के पोल को तोड़ता हुआ सड़क किनारे खड़े गोवंश से टकराकर सीधे पेड़ में जा घुसा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गोवंश की मौके पर ही मौत हो गई। गनीमत रही कि एंबुलेंस में कोई मरीज नहीं था और चालक सुरक्षित है।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने जेसीबी की मदद से मृत गोवंश को गड्ढा खुदवाकर दफनाया। प्रभारी निरीक्षक राजेश तिवारी ने बताया कि फिलहाल किसी भी पक्ष से कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है, इसलिए कार्रवाई नहीं की गई है। तहरीर मिलने पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों की महापंचायत, पुलिस प्रशासन पर जमकर साधा निशाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** भाकियू संयुक्त मोर्चा की महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने पुलिस-प्रशासन पर जमकर निशाना साधा। कहा कि महापंचायत को विफल करने और किसानों की आवाज दबाने के मकसद से ही प्रदूषण के लिए जिम्मेदार औद्योगिक इकाई में डिप्टी सीएम का का रात्रि विश्राम रखा गया है। किसानों के बीच पहुंचे जिला कृषि अधिकारी ने मिट्टी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की। एसडीएम धनौरा व सीओ ने यह कहकर समझाया कि किसानों के मुद्दे से आला अफसरों को अवगत करा दिया गया है। नाईपुरा सामने हाईवे के अंडरपास नीचे रविवार को मोर्चा की आयोजित महापंचायत के कारण पंचायत स्थल को छावनी में तब्दील कर दिया गया था। कई थाना प्रभारियों और पुलिस बल व पीएसी जवानों के साथ एसडीएम व सीओ मुस्तैद हो गए। यहां राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि मोर्चा पांच महीने से हाईवे किनारे धरना दे रहा है। मगर किसी ने किसानों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। आरोप लगाया कि जिला प्रशासन संबंधित औद्योगिक इकाई के दबाव में काम कर रहा है। उसी के दबाव में महापंचायत को विफल करने के लिए डिप्टी सीएम का रात्रि विश्राम रखा गया है। मगर संगठन प्रदूषण पर कोई समझौता नहीं करेगा। अरुण सिद्धू ने कहा कि औद्योगिक इकाई के कारण ही लोग प्रदूषण की मार से बेहाल हैं। पानी पीने लायक नहीं रहा गया। आने वाली पीढ़ी का भविष्य बचाने के लिए आंदोलन किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने महापंचायत में पहुंच कर मिट्टी नमूनों की रिपोर्ट सार्वजनिक की। कहा कि मिट्टी बहुत अधिक खराब नहीं है। एसडीएम धनौरा ने समझाया कि एक सप्ताह में ही नाईपुरा में पीने के पानी की समस्या का समाधान किया जाएगा। एसडीएम व सीओ के आश्वासन पर महापंचायत समाप्त की गई। गंगाराम सिंह, इकबाल सैफी, सुरेंद्र सिंह, जसवीर सिंह, सुधीर कुमार, रामकृष्ण चौहान, चंद्रपाल सिंह, ओमपाल सिंह, ओम प्रकाश सिंह, डॉ डीएस हर्ष, फुरकान अली, साबिर अली, चरण सिंह, सोमपाल सिंह, तेजपाल सिंह, नंबरदार गौतम, लता सागर, दीपचंद, सती राम सिंह, कर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने कच्ची शराब बनाने के उपकरण सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश पर शनिवार की रात्रि चलाए गए अभियान के अंतर्गत नगर के पूठ रोड पंचायती के दौरान दो अभियुक्तों को 45 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त ब्रह्मानंद पुत्र ओमी एवं भीमसेन पुत्र लक्ष्मण निवासी ग्राम शाहपुर खुर्द कि निशान देवी पर कोतवाली पुलिस द्वारा 1400 लीटर लहन भी नष्ट कराया गया इसी के साथ कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध कच्ची शराब बनाने के उपकरण भी बरामद किए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि रात्रि चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को अवैध कच्ची शराब एवं उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# मुरादाबाद पहुँचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मीडिया से की बात

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** कोडीन कफसीरप मामले में चार्जशीट दाखिल मामले पर बोलते हुए कहा कि कानून अपना काम कर रहा है। कानून के तहत सभी अपराधियो को कड़ी से कड़ी सजा मिले इस दिशा में Up सरकार काम कर रही है।

कांग्रेस की बयानबाजी पर बोलते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से फ्रस्टेशन मे है मानसिक दिवालियेपन से गुजर रहे हैं। अपना धरातल कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से खो चुकी है। राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी को मंथन करना चाहिए, भाषा का स्तर कहाँ जा रहा है। देश के लोग कांग्रेस पार्टी को कभी माफ़ नही करेंगे। इन्हीं विचारों की वजह से कांग्रेस पार्टी रसातल की ओर जा रही है। बसपा की लखनऊ में बड़ी बैठक पर बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता लगातार जनता के बीच मे रहकर काम करते हैं 5 साल 365 दिन हम जनता के बीच रहकर काम करते हैं।

कानपुर की ITBP के द्वारा पुलिस चौकी को घेरने की घटना पर बोलते हुए कहा कि पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच करने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित पक्ष को पूरा न्याय मिले ये सुनिश्चित किया जायेगा।

## यूरिया नहीं मिलने से किसान खफा, हालात न सुधरने पर दी आंदोलन की चेतावनी



जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** किसानों को यूरिया न मिलने से भाकियू खालसा में नाराजगी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार रजिंदर सिंह धारीवाल ने कहा खाद के लिए किसानों को भटकना पड़ रहा है। जल्द ही हालात नहीं सुधरे तो संगठन आंदोलन के लिए मजबूर होगा। रविवार को जारी विज्ञप्ति में सरदार रजिंदर सिंह धारीवाल ने कहा कि इस समय गन्ने की फसल के लिए यूरिया लगाने की जरूरत पड़ रही है, लेकिन सहकारी समितियों, चीनी मिल के गोदामों पर किसानों को यूरिया नहीं मिल रहा। भीषण गर्मी में किसान खाली हाथ लौट रहे हैं। सहकारी चीनी मिल के

ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के कार्यालय में जाते हैं, यहां पर कोई नहीं मिलता। गन्ना विभाग के अधिकारी किसानों का फोन नहीं उठा रहे हैं। जिससे किसान इस समय खासे परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जल्द ही किसानों को भरपूर यूरिया मुहैया नहीं कराया गया तो संगठन के किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करेगा बी.एम.बी.एल. जैन सेवा न्यास

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** बाबू मुकुट बिहारी लाल (बी.एम.बी.एल.) जैन सेवा न्यास की एक महत्वपूर्ण बैठक माला निकेतन, बुद्धि विहार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता न्यास अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने की, जबकि संचालन सचिव नमन जैन द्वारा किया गया।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण तथा विशेष रूप से युवा पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि न्यास द्वारा पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

यह प्रतियोगिता 07 जून 2026 (रविवार) को आयोजित होगी। प्रतियोगिता का लिंक न्यास की वेबसाइट www.bmbljaintrust.com पर उपलब्ध रहेगा। परीक्षा हेतु लिंक सायं 03:00 बजे से 04:00 बजे तक सक्रिय रहेगा तथा प्रतिभागियों को निर्धारित समयावधि में प्रश्नों के उत्तर देकर शाम 04:00 बजे तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रतियोगिता में केवल पूर्व-पंजीकृत प्रतिभागी ही भाग ले सकेंगे। एक मोबाइल नंबर एवं एक ईमेल आईडी से केवल एक प्रविष्टि मान्य होगी। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी, जिसका उद्देश्य समाज में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता को बढ़ावा देना है। न्यास द्वारा स्पष्ट किया गया कि न्यास परिवार से जुड़े सदस्य प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन नमन जैन, सम्भव जैन एवं अमन जैन एडवोकेट द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 11,000, द्वितीय पुरस्कार 5,100, तृतीय पुरस्कार 2,100 तथा चार सांत्वना पुरस्कार 1,100-1,100 प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार राशि विजेताओं के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाएगी। बैठक में श्रीमती अलका जैन, अमन जैन एडवोकेट, सम्भव जैन, अभिनय जैन, प्रिया जैन, राशि जैन सहित न्यास के अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को बांटा शरबत



कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त को किया गिरफ्तार। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से परेशान राहगीरों को राहत देने के लिए रविवार को एक सराहनीय पहल की गई। नगर के झकडी अड्डे पर उस वक्त राहगीरों के चेहरे पर खुशहाली आ गई, जब तपती गर्मी में उन्हें पीने के लिए ठंडा और मीठा शरबत मिला। इस समाज सेवा के बारे में जानकारी देते हुए दीपक चौहान ने बताया कि यह स्टॉल इफको केंद्र की तरफ से लगाया गया था। बाजार और सड़कों से गुजरने वाले राहगीरों, रिक्शा चालकों और आम नागरिकों को रोक-रोककर ठंडा शरबत पिलाया गया, जिससे लोगों को इस झुलसाने वाली गर्मी में बड़ी राहत मिली। राहगीरों ने इस नेक कार्य के लिए आयोजकों की जमकर प्रशंसा की। इस मौके पर सेवा कार्य में मुख्य रूप से दीपक, धर्मवीर, उदयवीर, आदेश, जसमाल, सौरभ, विक्रम और विशाल आदि कार्यकर्ताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राहगीरों को शरबत वितरित किया।

# भाजपा मुरादाबाद महानगर का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

मुरादाबाद। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के तहत रविवार को मुरादाबाद महानगर भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन बुद्धि विहार स्थित व्हाइट हाऊस में सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण शिविर के समापन सत्र (ग्यारहवें सत्र) को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि कांग्रेस की सरकार आतंकवादियों को बिरयानी खिलाने का काम करती थी मोदी सरकार आतंकवादियों को घर में घुसकर मारने का काम करती है। भारत ने 2019 के पुलवामा हमले का करारा जवाब बालाकोट एयरस्ट्राइक के रूप में दिया था। पहलगाम में नागरिकों व पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण हमले के जवाब में, भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया, जिसके तहत सीमा पार स्थित आतंकवादियों के कई ठिकानों को पूरी तरह से नेस्तनाबूद कर दिया गया। मोदी सरकार ने रक्षा क्षेत्र में 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशीकरण को बढ़ावा दिया है। विदेशी हथियारों पर निर्भरता कम करने के लिए 'मेक इन इंडिया' के तहत तेजस लड़ाकू विमान, ब्रह्मोस मिसाइलें, और अग्नि-5 जैसे स्वदेशी हथियार सेना में शामिल किए गए हैं।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है कोई भी सामान्य से सामान कार्यकर्ता इसका नेतृत्व कर सकता है। भाजपा कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिए कि वह केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व देश में अमीरी और गरीबी की खाई बढ़ती जा रही थी अमीर अमीर होता चला जा रहा था और गरीब और ज्यादा गरीब होता चला जा रहा था। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने के केंद्र की सत्ता संभालने के बाद अमीरी और गरीबी की खाई पटती जा रही है। वर्ष 2014 के बाद देश में बहुत बड़ा बदलाव आना शुरू हुआ और वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में बड़े बदलाव की शुरुआत हुई। बृजेश पाठक ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में हवाई अड्डों की बात की जाए या सरकारी विश्वविद्यालय की बात की जाए तो यह प्रदेश सभी चीजों में अग्रणी है। वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में अगर सोलर ऊर्जा की बात करें तो भारत दुनिया का नंबर वन देश बन चुका है वही सोलर एनर्जी में उत्तर प्रदेश भारत में नंबर वन है। प्रदेश में योगी नेतृत्व की सरकार आने के बाद बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति, सड़क, रेल, हवाई अड्डा, बिजली, पानी सभी ने नए आयाम हासिल किए हैं




नवम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय महामंत्री और जिला वर्ग प्रभारी डॉ विकास अग्रवाल ने विचार परिवार विषय पर भाजपा का जो वृहद स्वरुप देखने को मिल रहा है। वह पांच पीढ़ियों कि तपस्या का प्रतिफल है। भाजपा केवल एक राजनीतिक पार्टी नहीं बल्कि सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है जो भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प है। भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को हुई थी। 2 सीटें जीतने वाली यह पार्टी आज दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दलों में से एक है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की थीम पर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही है। भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। साथ ही पार्टी का अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास एवं सुरक्षा पर भी विशेष जोर है। दशम सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय मंत्री अनूप बाल्मीकि ने मन की बात स्थाई कार्यक्रम पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का एक प्रमुख मासिक रेडियो कार्यक्रम है, जो हर महीने के आखिरी रविवार को सुबह 11 बजे ऑल इंडिया रेडियो, डीडी नेशनल और विभिन्न चैनलों पर प्रसारित किया जाता है। यह कार्यक्रम आम जनता के साथ संवाद स्थापित करने और देश के सकारात्मक विकास, प्रेरणादायक कहानियों, और समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डालने के लिए शुरू किया गया है। भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और प्रयास से दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है इसके लिए सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, व जनप्रतिनिधि बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में मुरादाबाद महानगर के अंतर्गत आने वाली नगर विधानसभा और देहात विधानसभा में हम सभी को कमल खिलाना है और दोनों प्रत्याशियों को विजयी बनाकर विधानसभा में भेजना है।

समापन सत्र की अध्यक्षता भाजपा महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने की व संचालन महानगर महामंत्री विशाल त्यागी ने किया। राष्ट्रगान के साथ दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। जिला प्रशिक्षण वर्ग में क्षेत्रीय महामंत्री जिला वर्ग प्रभारी डॉ विकास अग्रवाल, महानगर प्रभारी मोहनलाल सैनी, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, प्रशिक्षण अभियान के महानगर संयोजक धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, नगर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी गोपाल अंजान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली सिंह, निमित जायासवाल, अर्चित गुप्ता, विशाल त्यागी, शमी भटनागर, अमित शर्मा, अल्पना रितेश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, दीपक गोयल, डा विशेष गुप्ता, सुरेंद्र बिश्नोई, मुकेश भारद्वाज, महेंद्र सिंह बब्बू, संजय शर्मा, अभिषेक चौबे, दीपक चौधरी, मनीष गुर्जर, दीक्षांत चौधरी, सुमित ठाकुर, बंटी सैनी, हरिओम सैनी, भूदेव सिंह चौहान, भरत टंडन, राजीव गुप्ता, हेमराज सैनी, नवदीप टंडन, अशोक सैनी, कपिल देव, गेत्रपाल सिंह, मंगलसेन राजपूत, अनुराग सिंह, रंजना शर्मा, सुनीता शर्मा, विजयलक्ष्मी पंडित, वनीता मेहरोत्रा, सिमरन कौर जाटव, प्रदीप सक्सेना, विपिन प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# संपादकीय

## लू से हलकान जिंदगी

हाल के दिनों में आसमान से बरसती आग से देश में जन-जीवन बुरी तरह झुलस रहा है। रोज तापमान बढ़ने के नये रिकॉर्ड सामने आ रहे हैं। ये असहनीय तापमान केवल स्वास्थ्य की चुनौती मात्र नहीं है, बल्कि एक आर्थिक संकट भी है। देश में असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिक भीषण गर्मी में काम करने को मजबूर हैं। यदि वे ऐसा न करें तो उनके सामने आजीविका का संकट पैदा हो जाता है। स्कूल-कालेज तो लू के दौरान बंद किए जा सकते हैं, सरकारी व गैर सरकारी दफ्तरों में काम के घंटों में बदलाव किया जा सकता है, लेकिन खेत में काम करने वाले खेतिहर मजदूर व निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को तो तपती दोपहरी व लू के बीच काम करने को मजबूर होना पड़ता है। दरअसल, लू की मार जहां शारीरिक है, वहीं आर्थिक भी। लगातार बढ़ते तापमान से लोगों की आजीविका और श्रम उत्पादकता पर बुरा असर पड़ रहा है। इस संकट को हाल के दिनों में हुई ईंधन की कीमतों की वृद्धि और महंगाई ने और बढ़ा दिया है। लोगों को सीमित संसाधनों में जीवन यापन को मजबूर होना पड़ रहा है। विडंबना यह है कि इस संकट का सबसे घातक प्रभाव उस तबके को सहन करना पड़ता है जो 'रोज कुंआ खोदकर पानी पीने' को बाध्य है। एक दिन की कमाई से ही रात को उसके घर का चूल्हा जलता है। लू के निशाने पर वे अनौपचारिक श्रमिक हैं जो भारतीय आर्थिकी की रीढ़ है। सही मायनों में लू के खिलाफ लड़ाई को अब केवल एक मौसमी सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या ही नहीं माना जा सकता है। धीरे-धीरे यह एक गंभीर आर्थिक चुनौती भी बनी है। अनेक अंतर्राष्ट्रीय संगठन इस बाबत चेताते रहे हैं। वर्ष 2024 में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अनुमान लगाया था कि लू से उपजे हालात से भारत को सौ अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। इससे पहले वर्ष 2022 में विश्व बैंक ने चेतावनी दी थी कि भारत का तीन-चौथाई श्रमिक वर्ग लू से प्रभावित क्षेत्रों में काम करने को मजबूर है। अनुमान है कि लू के तनाव के कारण होने वाली विश्वव्यापी नौकरियों की कमी में भारत की हिस्सेदारी आधी हो सकती है। दरअसल, भारत में सबसे अधिक जोखिम वाले समूहों में निर्माण श्रमिक, खेतिहर श्रमिक, किसान, स्ट्रीट वेंडर और डिलीवरी एजेंट शामिल हैं। हालांकि, समय-समय पर केंद्र व राज्य सरकारों ने कार्य समय का पुनर्निधारण, छायादार विश्राम क्षेत्र बनाने, जलपान सुविधा, सुरक्षात्मक कपड़े और स्वास्थ्य निगरानी को लेकर एडवाइजरी जारी की है,लेकिन फिर भी संकट के दायरे को देखते हुए ये उपाय नाकाफी हैं। देखा जाए तो फिलहाल भारत में गर्मी के संकट से मुकाबले के लिये बनायी गई योजनाएं काफी हद तक अस्थायी रूप से राहत देने वाली हैं। वक्त की मांग है कि भीषण गर्मी वाले महीनों के लिये तत्काल व्यापक नीतिगत ढांचा तैयार किया जाए। ऐसा तंत्र विकसित करने की जरूरत है जो लू चलने के दौरान सुरक्षित कार्य परिस्थितियों को एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता प्रदान करे। इस साल के आरंभ में वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि भीषण गर्मी के दौरान चलने वाली लू को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अधिसूचित आपदाओं की सूची में शामिल किया जाए। निस्संदेह, इस वर्गीकरण से राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष से मिलने वाले धन का उपयोग लोगों को राहत और सहायता प्रदान करने में मदद देगा। इसके अलावा लू के दौरान कई अन्य नकारात्मक प्रभाव भी देखने में आते हैं। मसलन इस समय बिजली व पानी की खपत अप्रत्याशित रूप से बढ़ जाती है। इससे निबटने के लिये मजबूत और सक्रिय तंत्र विकसित करने की जरूरत है। निर्विवाद रूप से देश के नीति-निर्माताओं और अन्य हितधारकों के सामने इस संकट से मुकाबले के लिये स्पष्ट विकल्प मौजूद हैं। केंद्र व राज्य सरकारों को चाहिए कि समय रहते निर्णायक रूप से अनुकूलन का तंत्र विकसित करें। यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाया गया तो भविष्य में अधिक मानवीय क्षति व आर्थिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

# देश की वैश्विक पहचान बनाने और जड़ों से जोड़ने में मिली है कामयाबी

इन दिनों भारत की मीडिया में बंदिशों और लोकतंत्र के सिकुड़ते जाने की कथाएं हवा में तैर रही हैं। लोकतंत्र बचाने में वे सब आगे हैं जिनके शासन की कथाएं उन्हें खुद मुंह चिढ़ा रही हैं। मीडिया को दबाने, नियंत्रित करने की कहानियां आज की नहीं हैं। लेकिन मीडिया की हिम्मत भी आज की नहीं है। हमारे देश में पत्रकारिता की शुरुआत ही जेम्स आगस्टस हिकी की क्रांतिकारी लेखनी से प्रारंभ होती है, जिसने अंग्रेज लाट साहबों की बैंड बजा दी। अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध फूंककर उसने अंग्रेज होकर भी जेलें झेलीं, जुर्माने चुकाए और खामोश मौत पाई। किंतु हिकी यह बता गया कि पत्रकारिता क्यों और कैसे करनी है। इसके बाद आजादी के आंदोलन में यही पत्रकारिता 'खबर' की जगह 'पैगाम' देने वाली बन गयी। जिसके कारण शायर को कहना पड़ा कि जब तोप मुकाबिल तो अखबार निकालो।

हमारे देश के हर क्रांतिकारी और आजादी के नायकों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से पत्रकारिता को एक अस्त्र की तरह इस्तेमाल किया। लोकमान्य तिलक, विपिन चंद्र पाल, लाला लाजपत राय, सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, माधवराव सप्रे, गणेशशंकर विद्यार्थी, माखनलाल चतुर्वेदी सबने पत्रकारिता के माध्यम से राष्ट्र को जागृत किया। पत्रकारिता की भावभूमि आजादी के आंदोलन ने तय कर दी। वह थी जनपक्षधरता, न्याय के लिए संघर्ष



और सत्यान्वेषण। आजादी के बाद देश के नवनिर्माण का काम हो या आपातकाल विरोधी संघर्ष हमारे पत्रकारों ने हर जगह अपने उजले पदचिन्ह छोड़े। आज मीडिया का स्वरूप बहुत व्यापक हो गया है। वह अनेक मंचों से की जा रही है। प्रिंट, टीवी, रेडियो से अलग मोबाइल पर हो रही पत्रकारिता गजब कर रही है। कहा जा रहा कि डिजिटल का सूरज कभी नहीं डूबता। इसलिए आप देखें तो पाएंगे मीडिया की पहुंच मोबाइल के माध्यम से ज्यादातर लोगों तक हो रही है। मीडिया कन्वर्जेंस का माध्यम मोबाइल बने हैं। ऐसे में ज्यादातर चीजें सुनी और देखी जा रही हैं। पठनीयता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। फिर भी इतना बड़ा देश अगर कुछ प्रतिशत में भी पढ़ता है तो भी संख्या आसानी से करोड़ों में होती है। दुनिया के तमाम देश एक भाषा में सोचते, पढ़ते और बोलते हैं। हिंदुस्तान 22 बड़ी भाषाओं और तमाम बोलियों में सुनता, पढ़ता और देखता है। इसलिए भारत के मीडिया का आकार बहुत व्यापक है।

डिजिटल मीडिया ने हमारे माध्यमों को वैश्विक किया है। भारतीय भाषाओं को वैश्विक किया है। कभी फिल्में हमारे भारतीय समाज का वैश्विक चेहरा बनाती थीं। अब मीडिया इसके केंद्र में है। यू-ट्यूब,सोशल मीडिया, वेब माध्यमों , ई-पेपर और ई-बुक्स से एक नई दुनिया बन रही है, जिसने भारत की वैश्विक छवि बनाने का काम किया है। आज भारत और उसकी भाषाओं के साथ अंग्रेजी भाषा में भी भारतीयों की खास उपस्थिति है। वे जो लिख, कह और कर रहे हैं उसने देश को दुनिया में व्यक्त किया है। हिंदुस्तानी जहां-जहां गए अपनी भाषा और संस्कृति के साथ गए और वहां एक लघु भारत खड़ा किया। यह लघु भारत आज मीडिया और संचार माध्यमों से शक्ति पाता है। अपनी जड़ों से जुड़ा हुआ महसूस करता है। एक समय में अपनी भाषा के प्रकाशनों, पत्र-पत्रिकाओं, किताबों और मनोरंजन को प्राप्त करना मुश्किल था, किंतु डिजिटल माध्यमों ने इसे संभव किया है। दूरियां, भूगोल और भाषा सबके अंतर को पाटकर भारत आपके घर पहुंच जाता है। इससे भारत की शक्ति बन रही है। साफ्टपावर क्या कर सकती है, इसे हम सब महसूस कर रहे हैं।

एक नया भारत बनाने और उसके एकीकरण में भारतीय मीडिया की भूमिका को स्वीकार करना चाहिए। अपने प्रारंभ से ही उत्तर से दक्षिण, पूरब से पश्चिम भारतीय पत्रकारिता और साहित्य का स्वर एक रहा है। सबने भारत बोध को स्वर दिया है।


एकत्व को स्थापित किया है। जगदगुरु शंकराचार्य के बाद भारत के एकीकरण का काम पत्रकारिता और साहित्य ने ही किया है। अपने राष्ट्रीय विचारों के समाचार पत्र से तमिलनाडु के सुब्रम्यण्यम भारती जो कर रहे थे, वही काम हिंदी में माखनलाल चतुर्वेदी कर रहे थे। उनके साहित्य और पत्रकारिता दोनों में भारत बोलता है। इस तरह हम देखते हैं कि समाचार माध्यमों ने न सिर्फ सूचनाओं का आदान प्रदान किया बल्कि एक देश में एक भाव भी भरा। यही हमारी पत्रकारिता की मूल शक्ति है। पत्रकारिता के नायक लोकमान्य तिलक का वाक्य स्वराज हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, देश की वाणी बन गया। देश ने आजादी के सपने देखने प्रारंभ किए। उनकी प्रेरणा से अनेक लोग पत्रकारिता में आए और उसी भाव को लेकर आगे बढ़े। इनमें हिंदी के माधवराव सप्रे का उदाहरण सबसे खास है, जिन्होंने तिलक जी के मराठी अखबार 'केसरी' से प्रेरणा लेकर 'हिंदी केसरी' प्रारंभ किया। ऐसे अनेक नायक देश को जोड़ने के सूत्र खोजकर पत्रकारिता के माध्यम से सामने आते रहे। समस्त भारतीय भाषाओं के श्रेष्ठ संपादकों ने इस दौर में जो भाव जागरण किया है, वह अप्रतिम है। इतनी सारी भाषाओं, बोलियों, खानपान, स्थानीय प्रतीकों को लेकर चलता हुआ देश अगर एक है तो इसका कारण है, उसके सांस्कृतिक प्रवाह का एक होना।

लंबी गुलामी, वैचारिक दासता से घिरे बुद्धिजीवियों द्वारा किए लंबे अनर्थ चिंतन के बाद भी इस देश की प्रज्ञा अगर सो नहीं गयी तो इसका कारण इस देश की गहरी सांस्कृतिक जड़ें हैं। समय-समय पर नायक आते रहे हैं। जो हमें याद दिलाते हैं कि सब कुछ कभी खत्म नहीं हो सकता। भारतेंदु हरिश्चंद्र उनमें एक हैं, गांधी हैं, बाद के दिनों में दीनदयाल उपाध्याय, डा. राममनोहर लोहिया, अटलबिहारी वाजपेयी हैं। इनमें से सब पत्रकारिता को अपनी अभिव्यक्ति का केंद्र बनाते हैं। मीडिया के माध्यम से समाज को उसके बोध से जोड़ते हैं।

# बच्चों को डिजिटल खतरों से बचाने की बने नीति

सोशल मीडिया हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है, खासकर बच्चों और युवाओं के लिए इसका महत्व और भी अधिक है। शिक्षा से लेकर मनोरंजन तक और आपसी संचार से लेकर अपनी रचनात्मकता दिखाने तक सोशल मीडिया का प्रभाव हर क्षेत्र में महसूस किया जा रहा है। हालांकि, इसके व्यापक प्रसार के साथ युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों ने दुनिया भर में गंभीर बहस को जन्म दिया है। अनेक देश सोशल मीडिया के विनियमन की दिशा में कदम उठा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। ऐसे ही कड़े उपायों पर ब्रिटेन, नॉर्वे और फ्रांस जैसे देश भी विचार कर रहे हैं। अमेरिका में 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पहले से ही माता-पिता की सहमति अनिवार्य है, जबकि चीन ने नाबालिगों के इंटरनेट उपयोग के लिए सख्त समय-सीमा और कर्फ्यू जैसे नियम लागू किये हैं। भारत में ऐसा कोई कानून मौजूद नहीं है, पर यहां भी इस विषय पर चर्चा तेज हो रही है।सोशल मीडिया के नियमन के पीछे सबसे बड़ा तर्क छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाला नकारात्मक प्रभाव है। शोध स्पष्ट करते हैं कि सोशल मीडिया का अत्यधिक और बाध्यकारी उपयोग चिंता, अवसाद, कम आत्मसम्मान और एकाग्रता में कमी का कारण बन सकता है। सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर मिलने वाले 'लाइक्स', कमेंट्स और नोटिफिकेशन 'रिवॉर्ड मैकेनिज्म' की तरह काम करते हैं, जो युवाओं में लत पैदा कर देते हैं।

हाल ही में चर्चा में आया शब्द 'ब्रेन रॉट' इसी चिंता को उजागर करता है कि अत्यधिक डिजिटल उपभोग से संज्ञानात्मक दक्षता कम हो सकती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बच्चे अक्सर ऐसी सामग्री के संपर्क में आ जाते हैं, जो उनके लिए उपयुक्त नहीं होती। ऑनलाइन ट्रोलिंग की वजह से कुछ मेधावी छात्र भी गंभीर भावनात्मक तनाव का शिकार हुए हैं, जिससे उनमें सामाजिक दूरी और पछतावे जैसी भावनाएं पैदा हुई हैं।

अत्यधिक स्क्रीन टाइम का प्रभाव केवल मन तक सीमित नहीं है, यह शारीरिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। घंटों तक स्क्रीन स्क्रॉल करने की आदत के कारण बच्चों में शारीरिक गतिविधियों की कमी हो रही है, जिससे मोटापा, मधुमेह और हृदय संबंधी समस्याओं का जोखिम बढ़ रहा है। सामाजिक रूप से भी इसके परिणाम चिंताजनक हैं। बच्चे वास्तविक दुनिया में लोगों से संवाद करने के बजाय स्क्रीन पर अधिक समय बिता रहे हैं, जिससे उनके कम्युनिकेशन स्किल और इक्यू के विकास में बाधा आ रही है। सोशल मीडिया पर पूर्ण प्रतिबंध के व्यावहारिक क्रियान्वयन में कई बाधाएं हैं, जैसे लागू करने की कठिनाई। बच्चे गलत जानकारी देकर या अपने माता-पिता के खातों का उपयोग कर इन प्रतिबंधों को आसानी से बाइपास कर सकते हैं।

ऐसे ही, आयु सत्यापन के लिए संवेदनशील व्यक्तिगत डाटा की जरूरत होगी, जिससे डाटा सुरक्षा का खतरा बढ़ सकता है। जबकि डिजिटल प्रतिबंध से छात्र मूल्यवान शैक्षिक संसाधनों और अवसरों से वंचित हो सकते हैं। तमाम चिंताओं के बावजूद, सोशल मीडिया के फायदों को नकारा नहीं जा सकता। ये प्लेटफॉर्म शैक्षिक सामग्री तक आसान पहुंच प्रदान करते हैं और विविध विचारों एवं दृष्टिकोणों से युवाओं का परिचय कराते हैं। यह रचनात्मकता, आत्म-अभिव्यक्ति और नये कौशल सीखने के लिए एक बेहतरीन मंच है। विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों के छात्रों के लिए सोशल मीडिया सीखने और विकास का एक महत्वपूर्ण साधन साबित हो सकता है। इसीलिए असल बहस इस बात पर है कि इसका उपयोग कैसे किया जाए।

पूर्ण प्रतिबंध के बजाय विशेषज्ञों ने एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया है, जिसमें पांच मुख्य स्तंभ शामिल हैं- प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी : सोशल मीडिया कंपनियों को अपनी सामग्री की निगरानी और उपयोगकर्ता सुरक्षा के लिए अधिक जवाबदेह होना चाहिए। अभिभावकों की भागीदारी-माता-पिता को अपने बच्चों की डिजिटल गतिविधियों की सक्रिय निगरानी और मार्गदर्शन करना चाहिए।

## एंट्री बनाम एग्जिट टैक्स

हिमाचल के आर्थिक कारणों का विरोध, पड़ोसी राज्यों से हमारे संबंधों को आक्रोश के मुहाने पर ले आया है। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश ने जिस शिद्दत से एंट्री टैक्स का ढक्कन खोला था, उसी का विरोध अंतरराज्यीय सीमा पर शुरू हो गया। कुछ मसले थे जो सरहद बन कर निपट गए, लेकिन अब मोर्चाबंदी यह कि हिमाचल के 55 एग्जिट प्वाइंट पर पहली जून को चार घंटे का चक्का जाम होगा। इस आंदोलन की राह पर कई किसान मोर्चे और यूनियनें दरवाजे पर खड़ी दिखाई दे रही हैं। हिमाचल को कस्बा बनाने की कोशिशों का एक मुहाना सियासत हो सकती है, लेकिन सामाजिक तौर पर ये उकसाने की कार्रवाइयां हैं। पंजाब, हरियाणा और पड़ोस के कई राज्यों के साथ हिमाचल की सामाजिक व पारिवारिक किश्तियां दौड़ती हैं, इसलिए इन संदर्भों को लाल होने से बचाना होगा। इसके लिए वर्तमान सरकार में दोष निकालते अगर प्रदेश भाजपा के कई नेता बार्डर को सुलगाते हैं, तो यह सही परिप्रेक्ष्य में किया गया विरोध नहीं है। हिमाचल के अस्तित्व को लेकर राजनीतिक सहमति अनिवार्य है। अब अगर 55 एग्जिट प्वाइंट पर पंजाब की तरफ से मुद्दे को धकेला जाता है, तो यह समस्या को आग दिखाने का ही रास्ता है। पंजाब और हिमाचल के बीच सभ्यता-संस्कृति और विरासत के कई सेतु हैं और इनका विस्तार संभव है। बेशक सिख पर्यटन की कई मंजिलें हिमाचल में हैं और यह तीर्थाटन के लिए एक बड़ा वर्ग हर साल यहां आता है। इतना ही नहीं मंदिरों की मान्यता और श्रद्धा के कारण भी पंजाब, हरियाणा व पड़ोसी राज्यों से श्रद्धालु प्रवेश करते हैं।

ऐसे में कुछ रियायतें इस वादे के साथ तैयार हो सकती हैं कि हिमाचल के लंबित मामले भी हल किए जाएं। मसलन पंजाब पुनगर्ठन से निकले हिमाचल के अधिकार आज भी हासिल नहीं हुए, तो इसकी वजह आपसी सहमति न होना ही रहा। हिमाचल ने मैदानी इलाकों को बाढ़ से बचाने और गर्मियों में सिंचाई की नियमित आपूर्ति के लिए भाखड़ा, पौंग तथा चमेरा जैसे बड़े बांध अपनी छाती पर उगाए हैं। मैदानी इलाकों को हरा भरा बनाने के लिए हिमाचल ने अपनी घाटियां बर्बाद की हैं। आज जब पंडोह डैम से बरसाती पानी छोड़ा जाता है, तो इसके दंश नूरपुर की उपजाऊ जमीन को सहने पड़ते हैं। आश्चर्य यह कि हिमाचल के आर्थिक संसाधन यानी पानी और पानी से बनती बिजली पर भी हिमाचल को अधिकार नहीं मिलता। शानन परियोजना की मिलकीयत छोडने तक को पंजाब तैयार नहीं, तो अधिकारों की नुमाइश में यह सुलूक सही नहीं। पंजाब-हरियाणा को पानी चाहिए तो हिमाचल को आर्थिक सुरक्षा। देश के कानून प्रदेश को पर्यावरण संरक्षण के नाम पर ताले में बंद रखना चाहते हैं, तो विद्युत उत्पादन पर जनरेशन, वाटर सैस तथा हिमाचल में लीज पीरियड गुजार चुके केंद्रीय उपक्रमों से माकूल लाभांश चाहिए।

## मां-बाप का हक

संवेदनाओं के क्षरण व आत्मकेंद्रित होती नई पीढ़ी के दौर में मां-बाप की बेकद्री विचलित करने वाली है। यह विडंबना ही है कि उन मां-बाप की देखभाल करने का निर्देश अदालत को देना पड़ रहा है, जिनका ऋण वे कभी चुका ही नहीं सकते। मां के रक्त से सींचे गए और पिता की पसीने से पले-बढ़े बेटे से यदि अदालत को कहना पड़े कि 'मां को घर में रहने के लिये एक कमरा, अलग बाथरूम और बुनियादी सुविधाएं दी जाएं', तो यह बात शर्मसार करने वाला है। जिस मां ने नौ माह तक बेटे को अपने पेट में पाला, उसे घर में रहने देने के लिये अदालत को निर्देश देना पड़े, इससे बड़ा कृतघ्नता का दूसरा उदाहरण नहीं हो सकता। भले ही यह कोर्ट का आदेश हो, लेकिन यह एक अलिखित नैतिक दायित्व पहले से ही है। निश्चय ही यह घटनाक्रम हमारे समाज की बेहद कष्टदायक होती तसवीर को ही उकेरता है। सामान्य तौर पर मां-बाप अपना पेट काटकर, अपने सुख-सुविधाओं पर समझौता कर, बच्चों को बेहतर से बेहतर देने



का प्रयास करते हैं। एक मां-बाप ही होते हैं जो सच्चे मन से अपने बच्चों की तरक्की चाहते हैं। निस्संदेह, ऐसी पढ़ी-लिखी संतानों से अनपढ़ संतानें बेहतर हैं, जो कम से कम अपने वृद्ध माता-पिता के पास रहकर उनका ख्याल तो रखती हैं। यह सवाल परेशान करने वाला है कि जिस समाज में 'मातृ देवो भव' की सर्वस्वीकार्य मान्यता रही हो, वहां ये कैसी कलयुगी संतानें जन्म ले रही हैं? मां-बाप की बेकद्री की यह अकेली कहानी नहीं है, हर रोज अखबारों में ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जिसमें धन-संपत्ति के लिये मां-बाप से क्रूरता की जा रही होती है। निस्संदेह, यदि उनकी अवहेलना व उत्पीड़न का यह क्रम यूं ही चलता रहा तो बहुत संभव है भारत में भी पश्चिमी देशों जैस चलन शुरू हो जाएगा, जहां मां-बाप बच्चों को होश संभालने के बाद ही उन्हें पैरों पर खड़ा होने के लिये चलता कर देते हैं।

दरअसल, पश्चिमी देशों में मां-बाप मानकर चलते हैं कि बड़े होकर बच्चों ने उनकी देखभाल नहीं करनी, अतः इनसे पहले ही किनारा कर लो। आधुनिकता व तरक्की की लाख इबारतें लिख ली जाएं, भारतीय समाज कभी पश्चिमी समाज की तर्ज पर नहीं चल सकता। भारत श्रवण कुमार का देश है और आज भी अधिसंख्य संतानें अपने मातृ-पितृ ऋण उतारती हैं। उनका ख्याल रखती हैं। विकृतियां महानगरीय संस्कृति की भी देन हैं। बच्चों की भी अपनी दुश्वारियां हैं। फिर भी भारतीय संस्कृति में वो शक्ति है जो पारिवारिक मूल्यों को सींचती है।

# स्मार्ट बॉर्डर प्रोजेक्ट क्या है?

स्मार्ट बॉर्डर प्रोजेक्ट भारत की सीमाओं को पारंपरिक तारबंदी और मानव गश्त से आगे बढ़ाकर तकनीक आधारित "इलेक्ट्रॉनिक सुरक्षा कवच" में बदलने की योजना है। इसे मुख्यतः कम्प्रिहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम (CIBMS- Comprehensive Integrated Border Management System) के तहत विकसित किया गया है। हाल में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर बड़े स्तर पर "स्मार्ट बॉर्डर प्रोजेक्ट" लागू किया है।

स्मार्ट बॉर्डर प्रोजेक्ट एक ऐसा सिस्टम है जिसमें सीमा पर केवल बाड़ (Fence) नहीं होती, बल्कि एआई (AI) आधारित निगरानी, सेंसर नेटवर्क, ड्रोन और रडार, थर्मल कैमरे, भूमिगत



सेंसर, सैटेलाइट और फाइबर नेटवर्क, रियल टाइम कमांड सेंटर आदि सभी को परस्पर जोड़कर "इंटेलिजेंट बॉर्डर" बनाया जाता है।

सवाल है कि आखिर स्मार्ट बॉर्डर प्रोजेक्ट में कौन-कौन सी तकनीकें अनुप्रयुक्त होती हैं? तो यह जान लीजिए कि स्मार्ट बॉर्डर प्रोजेक्ट में नअनुप्रयुक्त तकनीकें निम्नलिखित हैंः- पहला, थर्मल इमेजर और नाइट विजन का उपयोग किया जाता है जो रात, कोहरा, बारिश या धूलभरी आंधी में भी गतिविधि पकड़ लेते हैं। दूसरा, लेजर और इन्फ्रारेड अलार्म का उपयोग किया जाता है जिससे कोई व्यक्ति सीमा पार करे तो तुरंत अलर्ट मिलता है। तीसरा, ग्राउंड सेंसर की खासियत यह है कि ये भूमिगत सुरंग (Tunnel) या कंपन तक पहचान सकते हैं। चौथा, ड्रोन और एरोस्टेट के अनुप्रयोग से ऊपर से लगातार निगरानी होती रहती है और बड़े क्षेत्रों में तेजी से ट्रैकिंग सम्भव हो पाता है। पांचवां, रडार और सोनार के उपयोग से नदी या दलदली क्षेत्रों में नावों और गतिविधियों पर निगरानी सम्भव हो जाती है। छठा, कमांड और कंट्रोल सेंटर (Command & Control Centr) से सभी सेंसरों की जानकारी एक ही कंट्रोल रूम में पहुंचती है, जहाँ BSF/ITBP तुरंत प्रतिक्रिया दे सकते हैं। सवाल है कि आखिर भारत को इसकी जरूरत क्यों है? तो यह जान लीजिए कि निम्नलिखित वजहों से भारत को इसकी जरूरत हैः- पहला, आतंकवाद और घुसपैठ रोकने के लिए क्योंकि विशेषकर पाकिस्तान सीमा पर आतंकियों की घुसपैठ बड़ी चुनौती रही है। दूसरा, अवैध प्रवासन रोकने के लिए, क्योंकि बांग्लादेश सीमा पर अवैध घुसपैठ, मानव तस्करी और तस्करी लंबे समय से समस्या रही है।

## एक नजर

### पीड़िता की तहरीर पर जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में मुकदमा दर्ज

**खटीमा।** पीड़िता की तहरीर पर जबरन धर्म परिवर्तन व जान से मारने की धमकी के आरोप में पीड़िता के पति समेत तीन लोगों के खिलाफ कोतवाली खटीमा में मुकदमा दर्ज हुआ है। ग्राम दिंया खटीमा निवासी विमलेश राणा पत्नी संदीप सिंह राणा ने कोतवाली खटीमा में तहरीर देकर बताया कि संदीप सिंह राणा पुत्र नामालूम, ग्राम मोहम्मद पुर भूड़िया निवासी कमलजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय मुन्ना सिंह व दान सिंह राणा पुत्र चमन सिंह द्वारा उसको जबरन ईसाई धर्म अपनाने के लिए विवश किया जा रहा है। वहीं ईसाई धर्म ना अपनाने पर उसके साथ व बच्चों के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी जा रही है। वहीं तहरीर के आधार पर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा संख्या 151/26, धारा 196(2), 351(2), 352 बीएनएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### क्रय-विक्रय सहकारी समिति की अध्यक्ष बनीं आशा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र

**खटीमा।** खटीमा क्रय-विक्रय सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव में अध्यक्ष पद पर आशा पांडे और उपाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र मौर्य को निर्वाचित घोषित किया गया है। इसके साथ ही संचालक मंडल में गोविंद सिंह राणा, विमला देवी, राम अवतार, धाना भंडारी, पूजा पाण्डेय और ठाकुर प्रसाद को सदस्य निर्वाचित किया गया है। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों तथा सदस्यों का स्वागत किया गया तथा उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। इस शानदार विजय पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, राज्य सहकारी बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष दान सिंह रावत, नगर पालिका अध्यक्ष रामू जोशी, मंडी समिति के निवर्तमान अध्यक्ष नंदन सिंह, जिला सह-प्रभारी हिमांशु बिष्ट, तराई विकास संघ के निवर्तमान अध्यक्ष गोपाल बोरा, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा सहित भाजपा खटीमा-नानकमत्ता के सभी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। वहीं नवनियुक्त पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप सहकारिता और किसानों के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

# बिजली संकट दूर करने गए कर्मियों पर जानलेवा हमला

## हमलावरों ने बिजली कर्मियों की बाइक तोड़ी और उपकरण भी छीने, रिपोर्ट दर्ज

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** लखनऊ में बढ़ती गर्मी के साथ बिजली संकट भी बढ़ता जा रहा है। इस बीच बिजली कर्मियों को पीटने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं।

जीपीआरए उपकेंद्र के मिश्रपुर इलाके में शनिवार आधी रात 1:30 बजे 150 परिवारों का बिजली संकट को दूर करने गए दो कर्मियों पर 4-5 दबंग लोगों ने लाठी डंडों से जान लेवा हमला बोल दिया। हमलावरों ने कर्मियों को लाठी-डंडों और लात-घूंसों से इस कदर मारा कि उनकी पीठ व टांगों पार चोट के निशान पड़ गए। इस घटना से नाराज कर्मियों ने मिश्रपुर फीडर को बंद कर दिया, जिससे 1500 घरों में अंधेरा हो गया। गुडंबा पुलिस ने 4-5 अज्ञात आरोपितों के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा, नुकसान पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

सहायक अभियंता, जीपीआरए सौरभ उपाध्याय ने बताया कि मिश्रपुर फीडर के आनंद टाइल्स के पास लगे ट्रांसफार्मर की एमसीबी ट्रिप होने की उपकेंद्र पर रात 11:30 बजे शिकायत दर्ज की गई थी। पहले से दर्ज शिकायतों को समाधान करने के बाद संविदाकर्मी अमरदीप अपने सहकर्मी ओमप्रकाश के साथ रात 1:15 बजे मौके पर पहुंचे। एमसीवी ठीक कर बिजली आपूर्ति चालू कर दी। लौटते समय मौजूद 10-15 लोगों में से 4-5 अज्ञात व्यक्तियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया। अमरदीप गिर पड़े तो हमलावरों ने उन पर और उनके सहकर्मी ओमप्रकाश पर लाठी-डंडों व लात-घूंसों से हमला किया। हमलावरों ने दोबारा इलाके में आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। हमले में विभाग की टॉर्च टूट गई और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।

घटना की सूचना अमरदीप के साथियों को मिली तो मिश्रपुर का पूरा फीडर बंद कर दिया गया। इससे 4-5 लोगो की हरकत से 1500 घरों के लोगों के घरों की बत्ती गुल हो गई। हालांकि, अफसरों के हस्तक्षेप से यह बिजली रात 2 से 3 बजे तक बंद रही।

## नैनीताल रोड पर जूता-चप्पल की दुकान में लगी आग उठती लपटों से दहला इलाका, सड़क पर मच गई भगदड़

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर नैनीताल रोड पर सड़क किनारे बनी टीन शेड की जूता-चप्पल दुकान में अचानक भीषण आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग की लपटें आसमान छूने लगीं और दुकान से निकलता काला धुआं दूर तक दिखाई देने लगा। आग लगते ही आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों से सामान समेटकर बाहर भागने लगे।

स्थानीय लोगों के मुताबिक दुकान के भीतर अचानक धुआं उठना शुरू हुआ और कुछ ही देर में आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान में रखे जूते-चप्पल और प्लास्टिक का सामान आग पकड़ते ही धू-धू कर जलने लगा। टीन शेड होने की वजह से अंदर गर्मी और धुआं तेजी से भर गया। लोगों ने बाल्टियों और पाइप से आग बुझाने की कोशिश भी की, लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि कोई पास जाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। आग की भयावह लपटें देखकर नैनीताल रोड पर गुजर रहे राहगीरों में भी दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।

### हाई प्रेशर वाटर मिस्ट से बुझाई गई आग

दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचते ही मोर्चा संभाला और तेजी से पाइप लाइन बिछाकर आग बुझाने का अभियान शुरू किया। हाई प्रेशर वाटर मिस्ट तकनीक का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया गया। काफी मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। राहत की बात यह रही कि आग आसपास की दूसरी दुकानों तक नहीं पहुंची, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। सीएफओ मनु शर्मा ने बताया कि आग की सूचना मिलते ही टीम को मौके पर भेजा गया था। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई की वजह से आग को तेजी से नियंत्रित कर लिया गया। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

## प्रदेश में प्रचंड गर्मी जारी, कल 33 जिलों में लू का अलर्ट, 14 जिलों में आंधी और बूंदाबांदी की भी चेतावनी

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम के तेवर इन दिनों पूरी तरह बदले हुए हैं। एक ओर नौतपा की शुरुआत के साथ प्रदेश के दक्षिणी हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं, तो दूसरी ओर तराई और पूर्वांचल में आंधी, गरज-चमक और हल्की बारिश के आसार बन रहे हैं। 25 मई से 2 जून तक चलने वाले नौतपा के दौरान गर्मी और तेज होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने सोमवार के लिए प्रदेश के 10 जिलों में लू का रेड अलर्ट और 23 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं तराई और पूर्वांचल के 14 जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक और हल्की बूंदाबांदी की चेतावनी दी गई है। इन इलाकों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

रविवार को बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में गर्मी का प्रकोप चरम पर रहा। बांदा 46.8 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर दर्ज किया गया। प्रयागराज, झांसी, उरई और आगरा में भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे दिनभर लोगों को भीषण गर्मी और लू का सामना करना पड़ा।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार पुरवा हवाओं और नमी की मौजूदगी के कारण तराई क्षेत्रों में मौसम बदलने के संकेत हैं, जबकि प्रदेश के बाकी हिस्सों में फिलहाल लू और तेज गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं।

# खटीमा उत्तराखंड भव्य सांस्कृतिक महोत्सव में कलाकारों का धमाल

जागरण मोर्चा कार्यालय




- राकेश डांस एकेडमी एवं सनातन परिवार के सहयोग से आयोजित हुआ था भव्य कार्यक्रम
- खटीमा सहित उत्तराखंड एवं यूपी के विभिन्न इलाकों से आए कलाकारों ने लिया हिस्सा

**खटीमा।** रामलीला ग्राउंड में राकेश डांस एकेडमी एवं सनातन परिवार द्वारा उत्तराखंड सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसमें खटीमा सहित उत्तराखंड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न इलाकों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, दीपक बत्रा, गौरी शंकर अग्रवाल, सुनील रैदानी, केसर पारूथी ने दीपक प्रज्वलित कर किया। दो चरणों में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने सोलो डांस एवं सिंगिंग ग्रुप में अपना हुनर दिखाया। नृत्य प्रतियोगिता में मनीषा धामी ने प्रथम स्थान, मनीषा उपाध्याय एवं नव्या ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में निहारिका प्रथम, नंदिनी एवं जानवी ने नृत्य में द्वितीय एब तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिंगिंग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में अभिजीत राणा प्रथम स्थान, राजुल एवं खुशाल सिंह ने दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में प्रियांशी ने प्रथम स्थान, अदिति युवा ने द्वितीय एवं हर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं कार्यक्रम के आयोजक राकेश कुमार रॉक्सी तथा पंडित भानु प्रकाश तिवारी को जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, दीपक बत्रा, पवन अग्रवाल, गौरी शंकर अग्रवाल, सुनील रैदानी, केसर पारूथी, जितेंद्र पारुथी, राज अग्रवाल, मधु शर्मा, रविंद्र कुमार रवि, कमल गहतोड़ी, प्रेमिता मार्क ने साधुवाद दिया। वहीं उन्होंने प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हेतु आयोजक समिति के साथ सदैव साथ खड़े रहने की बात कही। राकेश कुमार रॉक्सी एवं पंडित भानू प्रकाश तिवारी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि वह क्षेत्र की प्रतिभाओं को उचित मंच दिलाने के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर सीके बिष्ट, प्रीति धोनी गीतू, आशा भंडारी, संगीता गोवारी, ममता चौपाल राहुल कुमार, बिट्टू टाइगर, वीरेन्द्र कुमार एवं रोनित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## सपा-बसपा के कई नेता-कार्यकर्ता सुभासपा में शामिल

### राजभर बोले- एसी और पीसी वाले नेता है अखिलेश यादव

एजेंसी समाचार





**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीति में दल-बदल का सिलसिला शुरू हो चुका है। रविवार को राजधानी लखनऊ स्थित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और आम आदमी पार्टी के सैकड़ों पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सुभासपा की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सभी को सदस्यता दिलाई।

कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं आम आदमी पार्टी के नेता सुनील गौतम, समाजवादी पार्टी के संजय तिवारी और रवि विश्वकर्मा, घोसी लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी व पूर्व ब्लॉक प्रमुख अक्षय राजभर, समाजसेवी रामदेव वर्मा और महिला समाजसेवी विजय लक्ष्मी समेत बड़ी संख्या में नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ली। इसके अलावा बाराबंकी, लखनऊ, अयोध्या, कानपुर देहात, वाराणसी, संतकबीरनगर, रायबरेली, इटावा और अमेठी समेत कई जिलों से पहुंचे नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी सुभासपा का दामन थामा।

इस दौरान ओमप्रकाश राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर उनकी पुरानी ऑटो चलाने वाली तस्वीर वायरल कर टिप्पणी करना सपा की संकीर्ण मानसिकता और गरीब विरोधी सोच को दर्शाता है। राजभर ने कहा कि वह मेहनतकश, मजदूर और संघर्षशील समाज से आते हैं और मेहनत करने में उन्हें गर्व महसूस होता है। ओम प्रकाश ने कहा कि अखिलेश यादव एसी और पीसी वाले नेता हैं। उनका गरीब, मजदूर और पिछड़े समाज के संघर्षों से कोई लेना-देना नहीं है। जो लोग संघर्ष की जमीन से निकलकर आते हैं, वही समाज का दर्द समझ सकते हैं।



## जनगणना 2027 के प्रथम चरण में घर-घर जा कर नम्बरिंग का कार्य कर रहे प्रगणक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** जनगणना 2027 के कार्य प्रारम्भ हो चुका है जिसके प्रथम चरण में प्रगणक घर घर जा कर उनकी गणना कर नम्बरिंग का कार्य कर रहे हैं वार्ड नम्बर 18 के सभासद ताहिर पप्पू लगातार प्रगणकों के साथ जा कर अपने वार्ड में जनगणना कराने का कार्य कर रहे है और लोगों से लगातार अपील कर रहे है कि जनगणना में प्रगणकों का सहयोग करें उनके साथ अच्छा व्यवहार करें ताहिर पप्पू ने लोगों से कहा कि प्रगणक को अपने परिवार और और अपने मकान की सही और सटीक जानकारी दें सभासद ताहिर पप्पू ने आज प्रगणक जुल्फी हसीब के साथ वार्ड में जा कर जनगणना कराई और लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक किया।

## गांव हो या शहर भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली देना सुनिश्चित करें : सीएम

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में बढ़ती बिजली मांग के बीच उत्पादन क्षमता बढ़ाने और सभी इकाइयों को पूरी दक्षता से संचालित करने के निर्देश दिए और कहा कि आम जन को बिजली आपूर्ति के बारे में सही जानकारी दें, समाधान कब तक, यह भी बताएं।

यूपी में बिजली कटौती को लेकर मचे हाहाकार के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी स्तरों पर सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में ऊर्जा विभाग पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे। मुख्यमंत्री रविवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाने तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है।

## भारत विकास परिषद द्वारा कैंप आयोजित कर दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व 130 से अधिक रोगियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित दिव्यांग शिविर में एवं निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लोगों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में 13 दिव्यांगों के कृत्रिम अंग लगाएं। शिविर में 9 दिव्यांगों को पंजीकृत कर उन्हें शीघ्र शिविर आयोजित कर कृत्रिम अंग लगाए जाएंगे । शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर 130 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां बांटी गई। टनकपुर रोड स्थित बंसल हॉस्पिटल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष अजय मौर्या एवं अस्पताल के एचडी एवं वरिष्ठ व्यवसाय ईश्वर बंसल ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया । परिषद अध्यक्ष दीपक बतरा एवं सचिव विवेक अग्रवाल ने कहा कि भारत विकास परिषद समाज के असहाय लोगों की सहायता करता है। कोषाध्यक्ष अमरनाथ गोयल ने भावीं योजनाओं से अवगत कराया। संयोजक विक्रम गुलाटी ने शीघ्र ही अगला शिविर आयोजित कर जरूर जरूरतमंदों की सहायता का आश्वासन दिया। शिविर में 13 दिव्यांग जनों के पैर कैलिपर्स लगाए गए। इसके अतिरिक्त 8 ट्राई साइकिल, 6 व्हील चेयर, पांच बैसाखी, 8 वाकर वितरित किए। शिविर में डॉ विनीत बंसल, डॉ दीपिका अग्रवाल, डॉ शुभम शर्मा, डॉ ज्योति बिष्ट ने 130 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की। इस अवसर पर हरीश शर्मा प्रांतीय सचिव, हरिश्चंद्र जोशी, एडवोकेट नीरज रस्तोगी, दीपक चंद खर्कवाल, सुनील रैदानी, संतोष अग्रवाल, साकेत शाही, अतुल अरोरा, विष्णु दत्त शर्मा, मुकेश गुप्ता, टीडी कांडपाल , हरप्रीत सिंह महल आदि मौजूद रहे।

## मुरादाबाद के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद आधारित नवविकास मॉडल की उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने की सराहना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**मुरादाबाद।** उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का महानगर मुरादाबाद आगमन शहर के लिए गौरवपूर्ण एवं प्रेरणादायी रहा। उनके आगमन के अवसर पर नगर निगम मुरादाबाद द्वारा विकसित देश की प्रथम संविधान साहित्य वाटिका एवं हनुमान वाटिका का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान उपमुख्यमंत्री ने इन अभिनव एवं राष्ट्रभावना से ओतप्रोत स्थलों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि मुरादाबाद सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं आधुनिक विकास का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने दौरे के दौरान सर्किट हाउस परिसर में निर्मित योग पथ, दिल्ली रोड पर विकसित भव्य म्यूरल्स, विभिन्न स्मारकों एवं त्रिशूल-भारतीय रक्षा संग्रहालय सहित नगर निगम मुरादाबाद द्वारा कराए गए जनहित एवं सांस्कृतिक विकास कार्यों का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम मुरादाबाद द्वारा नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल (आईएएस) के नेतृत्व में महानगर के नव निर्माण की जो संकल्पना साकार की जा रही है, वह अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल एक दूरदर्शी, ऊर्जावान एवं संवेदनशील अधिकारी हैं, जिनके कुशल नेतृत्व में तेजी से महानगर की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने कहा कि शहर में विकसित हो रहे नवाचार, सांस्कृतिक विरासत को समर्पित स्थलों का निर्माण, स्वच्छता अभियान एवं जनसुविधाओं का विस्तार मुरादाबाद को आधुनिक और व्यवस्थित शहर के रूप में स्थापित कर रहा है। सर्किट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी नगर निगम मुरादाबाद द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की करतल ध्वनि के साथ सराहना की। सभी ने माना कि नगर निगम ने सांस्कृतिक और आधुनिक विकास को साथ लेकर जो कार्य किए हैं, वे अन्य नगर निकायों के लिए भी प्रेरणा का विषय हैं। इस दौरान नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल अपनी सुपुत्री के अस्वस्थ होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके। इस पर उपमुख्यमंत्री ने आत्मीयता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दूरभाष के माध्यम से नगर आयुक्त से वार्ता की तथा उनकी सुपुत्री का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने मुरादाबाद के समग्र, सांस्कृतिक एवं आधुनिक विकास के प्रति नगर निगम की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह प्रयास “स्वच्छ, सांस्कृतिक एवं विकसित मुरादाबाद” के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

## अखिलेश बोलेः बीते दस वर्षों में भाजपा ने बिजली उत्पादन के लिए कुछ नहीं किया

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में बिजली संकट के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भीषण गर्मी में अघोषित बिजली कटौती से जनता बेहाल है। भाजपा ने दस साल में बिजली के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने केवल बिजली का बिल बढ़ाकर जनता से लूट की है। आज प्रदेश में जो बिजली मिल रही है, वह सपा सरकार में लगाए गए बिजलीघरों से आ रही है।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित एक बैठक में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को गंभीर आर्थिक संकट में धकेल दिया है। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गए हैं। भाजपा असत्य के रास्ते पर है। भाजपा ने पूरे उत्तर प्रदेश को अंधकार में धकेल दिया है। रोज-रोज पेट्रोल-डीजल को महंगा करने का क्या अर्थ है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद आमजन का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने दो कार्यकाल में पीडीए समाज के साथ सबसे अधिक अन्याय किया है। लोक कल्याणकारी राज्य के लिए ईमानदार नेतृत्व आवश्यक है, जिसका भाजपा में अभाव है। भाजपा समाज में नफरत फैलाकर राजनीति करने का पाप कर रही है।

# भीषण गर्मी में महामारी का खतरा

# कुंवरगढ़ में सड़ते कूड़े के ढेर से लोग हो रहे परेशान

## सड़क पर जगह-जगह जमा कूड़ा नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की खोल रहा है पोल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** वार्ड नंबर 25 के मोहल्ला कुंवरगढ़ में फैली गंदगी और सड़ते कूड़े के ढेर लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गए हैं। होली चौराहे से लेकर लेखराज चौराहे तक जाने वाली मुख्य सड़क पर जगह-जगह जमा कूड़ा नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोल रहा है।

भीषण गर्मी में कचरे से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। क्षेत्र में मच्छरों और मक्खियों का प्रकोप बढ़ने से लोगों में बीमारी फैलने का डर बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते सफाई नहीं हुई तो हैजा, डायरिया और मलेरिया जैसी बीमारियां फैल सकती हैं।


पीलीभीत के मोहल्ला कुंवरगढ़ में फैली गंदगी। -जागरण मोर्चा

मोहल्ले के निवासी कैलाश बिहारी सक्सेना एडवोकेट, प्रशांत सक्सेना, निशु साहनी, सतीश चंद्र सक्सेना, मोहित सक्सेना, अवधेश सक्सेना और राजू शर्मा ने नगर पालिका पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में नियमित सफाई नहीं होती और सड़कों पर फैली गंदगी बीमारियों को न्योता दे रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द कूड़ा हटवाकर नियमित सफाई व्यवस्था कराने की मांग की है।

## हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यकः विधायक

**पूरनपुर।** क्षेत्र के रम्पुरा फकीरे गांव में मां गोमती नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण को लेकर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत नदी किनारे बड़े स्तर पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित होगा। क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासबान ने ग्रामीणों से श्रमदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नदियों का संरक्षण केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गोमती नदी क्षेत्र की जीवनरेखा है और इसकी स्वच्छता बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधायक ने बताया कि अभियान के दौरान नदी किनारे फैले कचरे की सफाई, प्लास्टिक व अन्य अपशिष्ट पदार्थों का निस्तारण, तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही, नदी के किनारों पर पौधरोपण की भी योजना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल सके। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया जाएगा।

## भाकियू राष्ट्रीयतावादी संगठन की हुई बैठक

- सदस्यों को वितरित किए गए कार्ड, कई लोग रहे मौजूद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** भाकियू राष्ट्रीयतावादी संगठन का विस्तार जोरों से हो रहा है। संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर लोग इसमें जुड़ रहे।

रविवार को कस्बा घुघंचाई में सत्यप्रकाश कश्यप उर्फ नत्थू लाल की अध्यक्षता में भाकियू राष्ट्रीयतावादी संगठन की पंचायत का आयोजन किया गया।जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर अपने विचार व्यक्त किए। संगठन के जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र दद्दा ने बताया कि यह कोई राजनीतिक संगठन नहीं है जिसमें कि मुंहदेखी बात की जाये। यह किसानों का संगठन है,जिसमें मजदूर,असहाय,गरीबों,पीड़ितों की मदद की जातीहै।जिलाध्यक्ष ने बताया कि हम लगातार लोगों की मदद करते चले आ रहे।हमने हमेशा अन्याय के खिलाफ ही जंग लड़ी है।और प्रशासन के भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्यवाई भी करवाई है।जिला महामंत्री जाहिदनूर सिद्दकी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुये बताया कि अब प्रशासनिक महकमे में भ्रष्टाचार चरमसीमा पर पहुंच चुका है।बिना पैसों के कोई भी अधिकारी काम नहीं करना चाहता है।


सदस्यों को स्वागत संगठन के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

पीड़ितों से ही कार्यवाई करने के नाम पर पैसा ऐंठ लिया जाता है। और बाद में उनको ही धमकाकर उन्हीं पर कार्यवाई कर दी जाती है। जिला कोषाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने भी अपने विचारों पर प्रशासन को अड़े हाथों लिया।बताया कि किसान ही देश की रीढ़ की हड्डी है और उसी के साथ शोषण किया जा रहा है।पंचायत में पहुंचे काफी लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। पंचायत में मुख्य रुप जिलाध्यक्ष रमेश चंद्र दद्दा,जिला महामंत्री जाहिदनूर सिद्दकी,जिला कोषाध्यक्ष अशोक मिश्रा,युवा जिलाध्यक्ष ठा. पंकज सिंह, मो.अहमद मंडल अध्यक्ष, अखिलेश स्वर्णकार, संतराम, गुरु प्रसाद पाल,नत्थू लाल,वेदप्रकाश भारती, संजय बाजपेई,कमलेश,जीशान,नितिन बाजपेई,मुश्ताक अली,कपिल शर्मा,सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नौकरी और विवाह का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

- विरोध करने पर पीडित को धमकाया, वीडियो वायरल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ क्षेत्र में सरकारी नौकरी आर्थिक सहायता और विवाह का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि गांव में कुछ लोग लंबे समय से भोले-भाले लोगों को बहला-फुसलाकर अपने प्रभाव में लेने का प्रयास कर रहे थे। मामले की जानकारी सामने आने के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल बताया जा रहा है, जिसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया है। ग्रामीणों ने वताया कि कुछ बाहरी लोगों का आना-जाना पिछले कई दिनों से बढ़ गया था। आरोप है कि ये लोग गांव के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों और युवाओं को सरकारी नौकरी दिलाने, बेहतर भविष्य बनाने और विवाह कराने जैसे प्रलोभन दे रहे थे।

ग्रामीणों का कहना है कि बातचीत के दौरान धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जाता था। ग्रामीणों ने बताया कि जब कुछ लोगों को इस गतिविधि की जानकारी हुई और उन्होंने इसका विरोध किया तो उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की गई। इस दौरान किसी ग्रामीण ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी पहुंच कर पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में आरोपित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त हुई है और वायरल वीडियो सहित सभी बिंदुओं की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## परेशानीः राहगीरों को दर्द दे रहा टूटा पडा सिकरहाना लिंक मार्ग

- केंद्रीय मंत्री से शिकायत के बाद भी नही बन सका मार्ग

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** बंडा-घुंघचाई हाईवे से सिकरहना तक वना सम्पर्क मार्ग जर्जर हालत में है। शिकायत के वावजूद अभी तक निर्माण शुरू नही हो सका है। जिससे उखडा रोड राहगीरों को दर्द दे रहा है। लोगों ने शीघ्र मार्ग का निर्माण कराने की मांग की है।

घुंघचाई थाना क्षेत्र के बंडा हाईवे से सिकरहना गांव तक जाने वाला सम्पर्क मार्ग कई साल से टूट कर गड्ढे में तब्दील पडा हुआ है। मार्ग में बडे बडे गड्ढे हो जाने से आवागमन में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन वाहन सड़क के गढ़ों में फंसकर पलट रहे हैं। कई वाहन चालक चोटिल भी हो चुके हैं। बिभाग की ओर से ध्यान न दिए जाने से मार्ग की हालत बिगडती जा रही है,जिससे लोग आए दिन फिसल रहे हैं। कई बार शिकायती पत्र देने के वावजूद सडक की मरम्मत नहीं हुई। सड़क की मरम्मत न होने से स्कूली बच्चों को भी आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस मार्ग से गुलडिया भूपसिंह, सिकरहाना, पिपरिया मझरा, सुंदरपुर, पुन्नापुर, बिलंदपुर अशोक, बलरामपुर, जल्लूपुर,भगौतीपुर सहित करीव एक दर्जन से अधिक गांवो के लोगों का आवागमन होता है। यह मार्ग सिकरहाना वांया पिपरिया मजरा होते पूरनपुर-खुटार हाईवे को जोडता है। मार्ग की हालत खराब होने से लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड रही है। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को भी अवगत कराया गया था। लेकिन निर्माण अभी तक शुरु नही हो सका है। जिससे राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। बारिश के मौसम में इस रोड पर जलभराव और कीचड हो जाती है।जिससे आवागमन बाधित हो जाता है। शीघ्र ही सडक निर्माण कराए जाने की मांग की है।


टूटा पडा हाईवे सिकरहाना लिंक रोड।

## धनाराघाट शारदा नदी का जलस्तर बढ़ाने से परेशानी

- धनाराघाट से रात में आवाजाही पर लगाई गई रोक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** शारदा नदी के धनाराघाट क्षेत्र में जलस्तर बढ़ने के बाद रात के समय नदी किनारे और जोखिम वाले मार्गों से आवाजाही न करने के निर्देश जारी किए हैं।

धनाराघाट क्षेत्र में हर साल बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने से आवागमन प्रभावित होता है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रात के समय दृश्यता कम होने और नदी के तेज बहाव के कारण दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।

रविवार को शारदा नदी का जल स्थर बढ गया है। जिससे खलवली मची हुई है,तेज बहाव और जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। ऐसे में लोगों को बिना आवश्यकता नदी पार न करने और वैकल्पिक सुरक्षित मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी गई है।

स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था भी की जाएगी।

ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। रात के समय आवागमन पर रोक लगाई है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सफाई अभियान में विधायक ने श्रमदान करने अपील की।

## टाइगर के बाद अब पीलीभीत में होगी लेपर्ड सफारी की शुरुआत


निरीक्षण करती वन विभाग की टीम। -जागरण मोर्चा

- लेपर्ड सफारी के लिए फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह व वन विभाग की टीम निरीक्षण करते हुए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जल्द ही लेपर्ड सफारी शुरू की जाएगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर रविवार को फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह समेत पीलीभीत और शाहजहांपुर वन विभाग की संयुक्त टीम ने प्रस्तावित स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने सफारी क्षेत्र में पानी की उपलब्धता, तेंदुओं के लिए प्राकृतिक शिकार, एंट्री गेट के स्थान और भूमि अभिलेखों की समीक्षा की। प्रस्तावित लेपर्ड सफारी का क्षेत्रफल करीब 1716 हेक्टेयर रखा गया है। अधिकारियों ने भविष्य में विकसित किए जाने वाले बुनियादी ढांचे को लेकर भी चर्चा की। लेपर्ड सफारी शुरू होने से पीलीभीत में ईको-टूरिज्म को नई पहचान मिलेगी और पर्यटकों को टाइगर के साथ-साथ लेपर्ड देखने का भी रोमांच मिल सकेगा।

## ओवरलोडिंग के खिलाफ चला संयुक्त अभियान, दो वाहन निरुद्ध

**पीलीभीत।** ओवरलोडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ रविवार को पुलिस प्रशासन और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उप जिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी, क्षेत्राधिकारी जहानाबाद नताशा गोयल, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह तथा यात्रीकर अधिकारी बर्डीस चतुर्वेदी ने सितारगंज मार्ग से जनपद में प्रवेश करने वाले माल वाहनों की सघन जांच की। चेकिंग के दौरान तीन मालवाहन निर्धारित क्षमता से अधिक गिट्टी और रेता का परिवहन करते पाए गए। इस पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए एक वाहन का चालान कर मौके पर प्रशमन शुल्क वसूला गया, जबकि दो अन्य वाहनों को थाना अमरिया और तहसील अमरिया में निरुद्ध कराया गया। अधिकारियों ने वाहन चालकों और स्वामियों को चेतावनी देते हुए कहा कि ओवरलोडिंग पाए जाने पर आगे भी कठोर वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

## मेड काटने का विरोध करने पर ग्रामीण पीटा, शिकायत

- ग्रामीण ने खेत की मेड काटकर अवैध रूप से निकाली मिट्टी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** खेत की मेड काटने का विरोध करने पर एक ग्रामीण को पीट दिया। शिकायत पुलिस से कर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सुआवोझ निवासी अशोक वर्मा ने वताया कि पडोस के रहने वाले कुछ लोग अवैध खनन कर रहे। आरोप है कि उसके खेत की मेड काट कर उनके खेत से खनन करते हुए मिट्टी निकाल ली। इसके अलावा रिस्तेदार के खेत से भी अवैध रुप से मिट्टी निकाल ली। आरोप है कि जब उसने मौके पर पहुंचकर इसका विरोध किया तो आरोपित भड़क गए। पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, इसके बाद आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर युवक के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की गई। मारपीट में युवक को चोटें आई हैं।

शोर-शराबा सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देख आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों की मेड को लेकर गांव में पहले भी कई बार विवाद हो चुके हैं।

## भीषण गर्मी के बीच गांवों में बिजली व्यवस्था वेपटरी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** भीषण गर्मी के बीच पूरनपुर घुंघचाई विद्युत उपकेंद्र से जुड़े गांवों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। दिनभर उमस और तेज धूप झेलने के बाद रात में भी लगातार बिजली की ट्रिपिंग और घंटों कटौती से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

उपभोक्ताओं का आरोप है कि सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली देने के फरमान हवाहवाई साबित हो रही है। शनिवार की रात 9 बजे बिजली मिली। कुछ देर सप्लाई मिलने के बाद फिर पूरी रात बिजली बार-बार गुल होती रही। इस वजह से लोग चैन की नींद नहीं सो पाए। बच्चे, बुजुर्ग व मरीजों को इससे काफी परेशानी हुई। शाम ढलते ही कटौती शुरू हो जाती है और रातभर आंख-मिचौली चलती रहती है। बिजली संकट ने लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग पूरी रात छतों और खुले आसमान के नीचे समय बिताने को मजबूर हैं। शनिवार की रात असलम, रंजीत साहनी, सुनील,विद्यासागर, राहुल, शोभित,अशीष सहित कई उपभोक्ताओं ने विजली घर पहुंच कर शिकायत कर नाराजगी जताते हुए जल्द सुधार की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इससे पहले कईबार शिकायतें की जा चुकी हैं। उसके वावजूद कोई सुधार नही हो पा रहा है। बिजली अधिकारियों ने बताया कि कटौती कंट्रोल से की जा रही है। उच्चाधिकारियों को अबगत कराया गया है।




## प्रशासन की अपील :खुले में न करें कुर्बानी, साफ-सफाई का रखें ध्यान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के लिए कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने की। अधिकारियों ने लोगों से भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की।


कोतवाली में ईद-उल-अज़हा की पीस मीटिंग में मौजूद पुलिस प्रशासन व मुस्लिम समुदाय के लोग। -जागरण मोर्चा

बैठक में संजय खान ने ब्लॉक रोड बरनाला की जर्जर हालत और नगर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर कराने की मांग उठाई। हाफिज नूर अहमद अजहरी ने कहा कि शासन और मजहबी गाइडलाइंस के अनुसार खुले में कुर्बानी न करें और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी से बचें। उन्होंने अवशेषों का सुरक्षित निस्तारण करने की भी अपील की। सीओ प्रतीक दहिया और कोतवाल पवन कुमार पांडे ने बताया कि त्योहार के दौरान पुलिस लगातार गश्त करेगी तथा हुड़दंग और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

बैठक में हाफिज असलम नूरी, हाफिज अरशद खान, हाजी रियाजत नूर खान, सैफ रजा मोन्टू, तकी खान, जावेद खान, अमानत खान, नूरुल खान, ताज मोहम्मद और हाजी फैयाज अहमद सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

टूर्नामेंट | घुंघचाई क्रिकेट क्लब ने जीता टूर्नामेंट का पहला मैच

## घुंघचाई में क्रिकेट टूर्नामेंट का थाना प्रभारी ने किया शुभारंभ

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पूरनपुर।** रविवार को कस्बा घुंघचाई के पैट्रोल पंप के पास क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हो गया। मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे घुंघचाई थाना प्रभारी राजीव कुमार ने फीता काटकर कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। खेल प्रतियोगिताओं से आपसी भाईचारा बढ़ता है और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला घुंघचाई क्रिकेट क्लब और खडसार इलेवन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए घुंघचाई क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजों ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी खडसार इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। घुंघचाई क्रिकेट क्लब ने खडसार इलेवन को 24 रन से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।शुभारंभ के दौरान प्रधानपति सुनील पासबान,तौलेराम पासबान,शेखर वाजपेयी, मंयक मिश्रा,जसबंत सिंह, द्रोणपाल सिंह,लकी शुक्ला,रोहित भारती,अभिषेक शर्मा, अतिनेश शुक्ला,अनुपम बाजपेई सहित मैदान पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमें हिस्सा ले रही हैं। आगामी दिनों में लगातार मुकाबले खेले जाएंगे।


क्रिकेट मैच के दौरान मौजूद ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

# प्रेम प्रसंग के चलते पति ने दोस्त संग मिलकर की पत्नी की हत्या

## मायके से विदा कराकर लाया था घर, रात में गला दबाकर उतारा मौत के घाट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं/संभल।** प्रेम प्रसंग में अंधे एक युवक ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोप है कि युवक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर पहले शराब पार्टी की और फिर पत्नी का गला दबाकर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा आरोपी पति को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

मामला संभल जनपद के थाना बहजोई क्षेत्र के गांव नाधौस से जुड़ा है। यहां के निवासी रामवीर


नीलम का फाइल फोटो।

ने अपनी 23 वर्षीय बेटी नीलम की शादी करीब छह माह पूर्व बदायूं जनपद के इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव नौगवां निवासी दिनेश पुत्र आनंदपाल के साथ बड़े धूमधाम से की थी। शादी के बाद परिवार को उम्मीद थी कि नीलम का वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा, लेकिन किसी को यह अंदाजा नहीं था कि प्रेम प्रसंग एक दिन उसकी जान ले लेगा।

बताया जा रहा है कि दिनेश का शादी से पहले ही पड़ोसी गांव की एक युवती से प्रेम संबंध था। शादी के बाद भी वह अपनी प्रेमिका से लगातार संपर्क में था। हालांकि युवती शादी का हवाला देकर उससे दूरी बनाने का प्रयास कर रही थी, लेकिन दिनेश उस रिश्ते को खत्म करने को तैयार नहीं था। इसी बात को लेकर वह मानसिक रूप से परेशान बताया जा रहा था।

परिजनों के अनुसार घटना वाले दिन दिनेश अपनी पत्नी नीलम को उसके मायके से विदा कराकर घर लाया था। शाम के समय उसने अपने गांव के दोस्त गोवर्धन को घर बुलाया। दोनों ने घर पर मछली की सब्जी बनाई और शराब पार्टी की। आरोप है कि पहले से बनाई गई योजना के तहत दोनों ने देर रात नीलम का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

हत्या के बाद आरोपी पति ने मायके पक्ष को फोन कर नीलम की तबीयत खराब होने की सूचना दी। बेटी की हालत खराब होने की खबर सुनते ही परिजन आनन-फानन में उसकी ससुराल पहुंचे, जहां नीलम मृत अवस्था में पड़ी मिली। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक का माहौल फैल गया। मृतका के परिजनों ने तुरंत पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी पति दिनेश को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस उसके साथी गोवर्धन की तलाश में भी जुटी हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद मृतका के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## टेंट की दुकान में पीछे से दीवार काटकर हजारो की चोरी

जागरण मोर्चा

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के आसफपुर मार्ग पर आर सी फूड्स के समीप अजीतपुर निवासी विनोद की बाला जी टेंट की दुकान में बीती रात अज्ञात चोरो ने नकब लगाकर हजारो का माल पर हाथ साफ कर दिया। चोरो के हौसले इतने बुलंद है कि हाइवे किनारे दुकानों को भी नहीं छोड़ रहे है। फ़िलहाल विनोद ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है।

शनिवार सुबह अजीतपुर निवासी विनोद ने बताया मेरी बालाजी टेंट की ओरछी चौराहे आसफपुर रोड पर आर सी फूड्स के सामने दूकान है जो रोजाना की तरह शाम को दूकान बंद कर घर चला गया था। सुबह जब दूकान पर पंहुचा तो देखा शटर उठाते ही देखा कि पीछे से दीवार कटी हुई नजर आई और उसमें से कीमती सामान गायब था। जिसकी सूचना 112 पुलिस को दी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर थाना फैजगंज बेहटा पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया, उसके बाद आसपास के सीसीटीवी


जांच पड़ताल करती पुलिस। -जागरण मोर्चा


चोरी की धटना को दिखाता पीड़ित। -जागरण मोर्चा

कैमरे खांगलजा रहे हैं। अजीतपुर निवासी विनोद विनोद कुमार ने शिकायती पत्र देकर बताया साथी लोकेश पुत्र वीर सिंह व सोनू पुत्र जबर सिंह ने एक टेंट की दुकान साझे में खोली है उसमे अज्ञात चोरों ने दूकान के पीछे दीवार काटकर उसमे से कीमती सामान 25 मये ढक्कन के भगोने सिल्वर के,25 परात सिल्वर की,100 प्लास्टिक की कुर्सी,12 हॉट केश बर्तन,12 गैस के चूल्हे, 20 स्टील की बाल्टी तथा चार बंडल तार के व कुछ लाईट का सामान चोरी हो गया है।

## जुआ-सट्टा और स्मैक के धंधों के खिलाफ मैदान में आया दलित समाज

**बदायूं।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ ने नगर पालिका में प्रदर्शन किया। इसके बाद कलक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के नाम का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा है। जिसमें बदायूं शहर के अंदर चल रहे अवैध जुआ, सट्टा और स्मैक के कारोबार को बंद करने की मांग की है। इससे पहले नगर पालिका में जमकर नारेबाजी की। जिसमें साफ कहा कि अवैध कारोबार बंद किया जाये और अपराधियों पर शिकंजा कसा जाये। जिलाध्यक्ष सत्यवीर बाल्मीकि व नगर अध्यक्ष रमेश डीलाल बाल्मीकि, नगर अध्यक्ष अमरदीप बाल्मीकि के नेतृत्व में दलित समाज व विशेषतौर पर बाल्मीकि समाज ने ज्ञापन सौंपा है। जिसमें शहर में जुआ, सट्टा और स्मैक बंद कराने की मांग की है। डीएम और एसएसपी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि बदायूं शहर में सट्टा, जुंआ व स्मैक का कारोबार बहुत बड़े स्तर पर कई गैंग मिलकर करा रहे हैं। इन अवैध धंधों से बदायूं शहर कररी जनता बर्वाद हो रही है। दलित समाज व बाल्मीकि समाज की आर्थिक स्थिति पहले से ही बहुत खराब है। बाल्मीकि समाज जुआ, सट्टा, स्मैक के कारोबार की वजह से बर्वाद हो रहा है।

## पानीपत में डंपर के नीचे दबकर बदायूं के युवक की मौत

जागरण मोर्चा

आसफपुर। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम नूरनगर कौड़िया निवासी युवक की हरियाणा के पानीपत में डंपर के नीचे दबकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की खबर गांव पहुंचते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। पूरे गांव में शोक का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

ग्राम नूरनगर कौड़िया निवासी जितेंद्र (24) पुत्र नन्हे पानीपत में रहकर मजदूरी करता था। वह जेसीबी चालक के रूप में कार्य कर अपने परिवार का पालन-पोषण



करता था। बताया जा रहा है कि पानीपत में मिट्टी भराव का कार्य चल रहा था। इसी दौरान अचानक वह डंपर के नीचे दब गया। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास मौजूद मजदूरों ने उसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। परिजनों के अनुसार जितेंद्र चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। वह मेहनत मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। उसकी कमाई से ही परिवार का गुजारा हो रहा था। जितेंद्र की मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। पत्नी पूजा बदहवास हो गई और बार-बार बेहोश हो रही थी। मां मालदेई का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की मां मालदेई बिलखते हुए कह रही थीं, "मेरा बेटा घर चलाने के लिए बाहर कमाने गया था, हमें क्या पता था कि उसकी लाश आएगी। भगवान ने मेरा सहारा छीन लिया।" वहीं पत्नी पूजा पति को याद कर फफक पड़ी और बोली, "वह हमेशा कहते थे कि मेहनत करके बच्चों और परिवार का भविष्य अच्छा बनाएंगे, लेकिन अब हमें अकेला छोड़ गए।" मृतक के पिता नन्हे ने फोन पर मिली सूचना के बाद तुरंत पानीपत के लिए रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि परिवार को हादसे की जानकारी मजदूर साथियों द्वारा दी गई। पिता ने नम आंखों से कहा, "मेरा बेटा परिवार का सहारा था। उसकी मौत से सब कुछ उजड़ गया।"

हादसे की सूचना मिलते ही जितेंद्र के घर के बाहर ग्रामीणों और रिश्तेदारों की भारी भीड़ जुट गई। गांव की महिलाएं परिवार को संभालने में लगी रहीं, जबकि पुरुष परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए। घर के बाहर हर किसी की आंखें नम थीं और लोग घटना को लेकर दुख जताते दिखाई दिए। गांव में दिनभर मातमी सन्नाटा पसरा रहा।

परिजन शव को पानीपत से गांव लाने की तैयारी में जुटे हैं। गांव में शव पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार किया जाएगा। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है और ग्रामीण लगातार परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

## बिना शटडाउन लाइव तार जोड़ने का वीडियो वायरल

**बदायूं, संवाददाता।** जिले के कादरचौक थाने के सामने बिना शटडाउन लिए बिजली के खंभे पर चढ़कर लाइव तार जोड़ने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। नियमों की अनदेखी कर जान जोखिम में डालने की इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। कादरचौक निवासी एक प्राइवेट व्यक्ति, शिव शंकर नाथू, कादरचौक थाने के ठीक सामने बिजली विभाग की लापरवाही और नियमों को ताक पर रखकर खंभे पर चढ़ा। उसने बिना पावर शटडाउन लिए चलते हुए लाइव बिजली के तारों को आपस में जोड़ना शुरू कर दिया। इस खतरनाक हरकत को देखकर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने अपने मोबाइल में इसका वीडियो कैद कर लिया। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली चलते हुए इस तरह काम करना न सिर्फ नियमों का सख्त उल्लंघन है।

# किसना के एक्सक्लूसिव शोरूम का सदर विधायक महेश चंद्र ने किया शुभारंभ

- **लूट करने वाले लोगों की खुलेगी पोल, नहीं कर सकेंगे मनमानी**

जागरण मोर्चा

**बदायूं।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने उत्तर प्रदेश के बदायूं में अपने 29वें एक्सक्लूसिव शोरूम के भव्य उद्घाटन की घोषणा की।

उद्घाटन समारोह में हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया और बदायूं विधायक महेश चंद्र गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस नए शोरूम के साथ किसना ने क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति को और विस्तार दिया है।

भव्य उद्घाटन के अवसर पर किसना ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स लेकर आया है। ग्राहक डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 75% तक की छूट तथा मंगल्यम कलेक्शन की गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर 50% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा, लॉन्च डे पर नेचुरल डायमंड ज्वेलरी की खरीद पर ग्राहकों को अतिरिक्त 5% की विशेष छूट




भी दी जाएगी। ग्राहकों के लिए किसना का ओल्ड गोल्ड एक्सचेंज ऑफर भी उपलब्ध है, जिसके तहत किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए पुराने सोने पर 0% कटौती की सुविधा मिलेगी। इससे ग्राहक अपने पुराने आभूषणों को अधिकतम मूल्य पर नए और आकर्षक डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी डिजाइनों में अपग्रेड कर सकेंगे।

हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया ने कहा,

"उत्तर प्रदेश हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण और संभावनाओं से भरपूर बाजार है। यहां उपभोक्ताओं की बदलती पसंद और




बढ़ती आकांक्षाएं विकास के नए अवसर प्रदान कर रही हैं। बदायूं में हमारे 29वें एक्सक्लूसिव शोरूम की शुरुआत 'हर घर किसना' के हमारे विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जिससे देश के हर परिवार तक नेचुरल डायमंड ज्वेलरी पहुंचाई जा सके।" किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के सीईओ पराग शाह ने कहा, "हमें बेहद खुशी है कि हम बदायूं के ग्राहकों के लिए एक ऐसा शोरूम लेकर आए हैं, जहां उन्हें भरोसेमंद कारीगरी, आधुनिक डिज़ाइन और प्रीमियम ज्वेलरी शॉपिंग का शानदार अनुभव मिलेगा। विशाल और आकर्षक रिटेल वातावरण में तैयार यह शोरूम त्योहारों, दैनिक उपयोग, सॉलिटेयर, हल्के वजन की डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी की विस्तृत रेंज प्रस्तुत करता है, जो आधुनिक ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।" किसना के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट पार्टनर्स अनमोल गुप्ता एवं अनुपम जिमी ने कहा कि किसना जैसे भरोसेमंद, नवाचार और गुणवत्ता से जुड़े प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ जुड़ना हमारे लिए गर्व और खुशी की बात है। किसना के बढ़ते रिटेल सफर का हिस्सा बनना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमें विश्वास है कि बदायूं के ग्राहक ब्रांड की उत्कृष्ट कारीगरी और विविध उत्पादों को बेहद पसंद करेंगे।"

सामाजिक जिम्मेदारी के तहत किसना ने लॉन्च अवसर पर जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन वितरण अभियान का आयोजन किया। इसके साथ ही स्वच्छ भारत अभियान के समर्थन में स्वच्छता अभियान तथा रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया। किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के बारे में साल 2005 में शुरू हुआ किसना, हरी कृष्णा ग्रुप का प्रमुख डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी ब्रांड है। 'हर घर किसना' के विजन के साथ ब्रांड ने भारत के 28 राज्यों में 1,500 से अधिक शॉप-इन-शॉप आउटलेट्स के जरिए मजबूत उपस्थिति बनाई है। वर्तमान में देशभर में किसना के 153 से अधिक एक्सक्लूसिव शोरूम हैं।

माइंस से मार्केट तक नैतिक रूप से प्राप्त किए गए हीरों के साथ किसना अपने ग्राहकों को अनूठे डिजाइनों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराता है। ब्रांड की उत्पाद श्रृंखला में रिंग्स, इयररिंग्स, पेंडेंट्स, मंगलसूत्र, नेकलेस, बैंगल्स, ब्रेसलेट्स, नोज़ पिन और पुरुषों की ज्वेलरी शामिल हैं, जो 9KT, 14KT, 18KT और 24KT गोल्ड में उपलब्ध हैं। सभी उत्पाद 100% IGI प्रमाणित एवं BIS हॉलमार्क युक्त हैं। कंपनी डायमंड ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज सहित 90% बायबैक और 95% एक्सचेंज वैल्यू की सुविधा भी प्रदान करती है। किसना का ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ग्राहकों को घर बैठे नवीनतम डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी डिजाइनों की सुविधाजनक खरीदारी का अनुभव देता है।

## 111 कुण्डीय यग में तीसरे दिन भी लगी आहुतियां

जागरण मोर्चा

**ओरछी।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के क़स्बा ओरछी चौराहे आसफपुर चंदौसी मार्ग पर आयोजित भव्य 111-कुण्डीय महायज्ञ के तीसरे दिन भी भरी भरकम भीड़ जुटी, आस-पास के गाँवो से श्रद्धालु पहुच कर यग में शामिल हो रहे है यहाँ पर श्रधा और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है जहाँ दूर-दराज से प्रातः 7 बजे से साधू-संत व श्रद्धालु पधार कर विश्व शांति,लोक-कल्याण और पर्यावरण का शुद्धिकरण के लिए श्री श्री 1008 श्रद्धेय केशवानंद गिरी जी महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ 9 बजे तक आहुतियाँ लगवाई। उसके बाद परिक्रमा में लीन दिखाई दिए श्रद्धालु। यग में बैठे सभी जजमानो तथा आस-पास के श्रधालुओ ने यग के बाद प्रसाद ग्रहण किया।


महायज्ञ में शामिल भक्त। -जागरण मोर्चा

# फ़ैज़गंज बेहटा में डिजिटल जनगणना का प्रथम चरण शुरू

- **डिजिटल मोबाइल ऐप के जरिए ऑनलाइन फीड किया जा रहा है डेटा, जनता से सहयोग की अपील**
- **भीषण गर्मी के बीच घर-घर जाकर मकान सूचीकरण व नंबरिंग के कार्य में जुटी टीमें**

**फ़ैज़गंज बेहटा ।** नगर पंचायत फ़ैज़गंज बेहटा और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भारत सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय जनगणना के प्रथम चरण का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। इसके तहत कस्बे के विभिन्न वार्डों में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का काम पूरी सक्रियता से किया जा रहा है। भीषण गर्मी और तेज धूप की परवाह किए बिना प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर पहुंचकर आंकड़ों को जुटाने में लगे हैं। इस बार की जनगणना को पूरी तरह हाईटेक और डिजिटल रूप दिया गया है। मौके पर तैनात प्रगणक और पर्यवेक्षक अधिकारियों द्वारा जारी विशेष मोबाइल ऐप के माध्यम से सीधे मौके पर ही मकानों का नंबर डाल


जनगणना कार्य के दौरान सार्वजनिक शौचालय परिसर पहुंचकर मकान सूचीकरण की प्रक्रिया पूरी करते प्रगणक और सुपरवाइजर।

रहे हैं और परिवारों से जुड़े बुनियादी आंकड़े ऑनलाइन दर्ज कर रहे हैं। टीमों ने कस्बे के आवासीय परिसरों के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों और सामुदायिक केंद्रों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। कार्य के दौरान प्रगणक और सुपरवाइजर अपने आधिकारिक पहचान पत्र, विशेष टोपी और विभागीय बैग के साथ मुस्तैद दिखाई दिए। सर्वे टीम ने बताया कि इस चरण में प्रत्येक भवन को एक विशिष्ट नंबर दिया जा रहा है, जो भविष्य की विकास योजनाओं और सटीक जनसंख्या गणना का मुख्य आधार बनेगा। क्षेत्रीय सुपरवाइजरों और प्रशासनिक अधिकारियों ने कस्बे व क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि जब भी प्रगणक आपके दरवाजे पर आएं, उन्हें सही और प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराएं। इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य को समय पर और त्रुटिहीन तरीके से पूरा करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों के साथ स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

पत्रकार वार्ता | एक अधिकारी की वजह से जिला पंचायत बन गई थी पंगु, अब विकास कार्य कर निभाया दायित्व

# 184.35 करोड़ रुपये से विकास कार्य कराने के बाद बदायूं जिला पंचायत उत्तर प्रदेश में बनी नंबर वन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ग्रामीण आंचल में विकास कार्यों में सहयोग के रूप में खड़ी रहने वाली जिला पंचायत की पंचवर्षीय योजना पूर्ण होने वाले हैं। इस पंच वर्षीय योजना का कार्यकाल विरोधाभास के बीच गुजरा है। पांच वर्षों तक सदस्य बैठकों में चिल्लाते रहे कि हमारे यहां विकास नहीं हुआ और हमारे यहां विकास नहीं हुआ। बोर्ड की बैठकों में आश्वासन दिया गया और फिर अगली बैठकों तक यही स्थिति रही। ऐसी स्थिति के बीच जिला पंचायत के पांच वर्ष गुजर गये। इन पांच वर्षों में विरोधाभास के बीच भी बड़े स्तर पर विकास कार्य कराने का दावा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने अपना लेखा-जोखा पेश कर दिया है।

शनिवार को जिला पंचायत सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने पत्रकार वार्ता की। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पांच वर्ष में किये विकास कार्यों का लेखा-जोखा मीडिया के सामने रखा और



अपने विकास कार्यों को गिनाया है। क्योंकि मई अंत में या फिर जून महीने में जिला पंचायत का कार्यकाल भी समाप्त हो जायेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने बताया कि पांच वर्ष में 184 करोड़ 35 लाख 72 हजार रुपये का बजट खर्च किया है। जिसमें अब तक कुल 147 विकास कार्य कराये हैं। जिसमें 687 विकास कार्यों में मिट्टी कार्य, खडंजा, सीसी रोड़, लेपन कार्य कराये हैं। इसके अलावा 354 नाला और नाली का निर्माण कार्य कराया है। इसके अलावा छह अमृत सरोवर के कार्य कराये हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव का कहना था कि पांच साल गुजर गये पता नहीं चला कब गुजर गये। यह पांच वर्ष जिला पंचायत जैसी संस्था में परिवार की तरह गुजरे हैं, पांच वर्ष में कुछ खट्टी और कुछ मीटी बातें हुई लेकिन बिना भेदभाव के कार्य कराये गये। वहीं अगर पूरे पांच वर्ष के कार्यकाल पर गौर करेंगे तो हर बोर्ड की बैठक में जिला पंचायत सदस्यों की काफी नोकझोंक होती रही और हंगामा भी होते रहे। आरोप लगाते, धरना देते पांच वर्ष गुजर गये लेकिन सदस्यों की इच्छा अनुसार विकास कार्य नहीं हो सके। इसके बाद भी 184 करोड़ 35 लाख 72 हजार के विकास कार्य करा दिया है।

**अध्यक्ष और पति के खिलाफ धरना पर बैठे थे सदस्य**

जिला पंचायत में विकास कार्यों में बंदरबांट किया और कुछ सदस्यों को काम दिया गया और कुछ सदस्यों के पूरे कार्यकाल में एक-एक, दो-दो काम ही स्वीकृत किये गये तो छह महीने पहले जिला पंचायत के सदस्य जिला पंचायत में आकर धरना पर बैठ गये। जिला पंचायत सदस्य एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहर सिंह लोदी, राजेश कुमार सिंह झंडू भईया, राजवती, भूपेंद्र सहित कई सदस्य बैठे थे और जिला पंचायत अध्यक्ष और उनके पति पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव के खिलाफ नारेबाजी की थी, जैसे-तैसे आश्वासन देकर सदस्यों को शांत किया लेकिन फि भी बाद में विकास कार्य नहीं दिये गये।

### एएमए ने लगाया था मारपीट का आरोप

बदायूं जिला पंचायत में मेला ककोड़ा के दौरान जिला पंचायत बोर्ड की बैठक की गई। जिला पंचायत बोर्ड की बैठक खत्म होने के बाद सदस्य और अन्य बाहर निकल आये थे, इसके बाद तत्कालीन एएमए मासूम रजा ने जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव के पति जितेंद्र यादव पर कमरा में बंद करके मारपीट का आरोप लगाया था। जिला पंचायत पर हंगामा हुआ था और फिर तत्कालीन एएमए मासूम रजा और उनके साथ कर्मचारी तत्कालीन डीएम आवास पर जाकर मिले थे और फिर एसएसपी के आवास पर जाकर एसएसपी से मिले और थाने में तहरीर दी।

### प्रदेश में प्रथम स्थान पर आई जिंप

शनिवार को बैठक करते समय जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने बताया कि जिला पंचायत के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने बेहतर कार्य किया है तो बदायूं जिला पंचायत विकास कार्यों में प्रदेश में नंबर प्रथम पर आ गई है। प्रदेश में प्रथम स्थान पर आने से सभी में खुशी है और गर्भ की बात है।

### जिला पंचायत से बनाये गये अमृत सरोवर

जिला पंचायत की ओर से पांच वर्ष में अमृत सरोवर पर भी धन को खर्च किया गया है। जिसमें जिला पंचायत की ओर से छह अमृत सरोवर अलग-अलग विधानसभाओं में बनाकर चलाये गये हैं। बिल्सी तहसील में कौल्हाई गांव, बिल्सी विधानसभा में खंदक गांव में, बिसौली विधानसभा में मैंथरा गांव में, बदायूं विधानसभा में पुठी सराय गांव में, शेखूपुर विधानसभा के ककोड़ा गांव में, दातागंज विधानसभा के घिलौर गांव में अमृत सरोवर बनाये गये हैं।

# दिल्ली ने कोलकाता को दिया 204 रनों का लक्ष्य

**कोलकाता।** आज आईपीएल 2026 का आखिरी लीग मैच यानी 70वां मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच ईडन गार्डन्स में खेला जा रहा है। केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है।



दिल्ली को चौथा झटका वरुण चक्रवर्ती ने दिया। उन्होंने अक्षर पटेल को रिंकू के हाथों कैच कराया। वह 25 गेंदों में 39 रन बनाकर पवेलियन लौटे। अब डेविड मिलर और आशुतोष शर्मा क्रीज पर मौजूद हैं। 18 ओवर के बाद स्कोर चार विकेट पर 175 रन है। दिल्ली को तीसरा झटका अनुकूल रॉय ने दिया। उन्होंने केएल राहुल को पॉवेल के हाथों कैच कराया। वह 60 रन बनाकर आउट हुए। अब अक्षर पटेल का साथ देने डेविड मिलर आए हैं।

केएल राहुल ने 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी के साथ दिल्ली का स्कोर भी दो विकेट पर 100 के पार पहुंच गया। फिलहाल केएल का साथ देने के लिए अक्षर पटेल मौजूद हैं।

दिल्ली को दूसरा झटका सुनील नरेन ने दिया। उन्होंने कप्तान रहाणे के हाथों साहिल परख को कैच कराया। वह 24 रन बनाकर आउट हुए। अब अक्षर पटेल आए हैं। 10 ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 88 रन है। दिल्ली को पहला झटका सौरभ दुबे ने दिया। उन्होंने अभिषेक पोरेल को तेजस्वी दहिया के हाथों कैच कराया। वह 18 गेंदों में 22 रन बनाकर लौटे। अब केएल राहुल का साथ देने साहिल परख आए हैं।

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ में जगह बना ली है। राजस्थान ने ग्रुप चरण के अपने आखिरी मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराया और इसके साथ ही वह प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम बन गई है। मौजूदा सीजन में आरसीबी, गुजरात, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 175 रन ही बना सकी। दिल्ली की पारी शुरू हो चुकी है। अभिषेक पोरेल और केएल राहुल क्रीज पर मौजूद हैं।

### दोनों टीमों की प्लेइंग-11

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), तेजस्वी दहिया (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, रोवमन पॉवेल, मनीष पांडे, रिंकू सिंह, सुनील नरेन, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी :** फिन एलन, सार्थक रंजन, वैभव अरोड़ा, रमनदीप सिंह, राहुल त्रिपाठी।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), साहिल परख, ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड मिलर, अक्षर पटेल (कप्तान), आशुतोष शर्मा, माधव तिवारी, आकिब नबी डार, मिचेल स्टार्क, लुंगी एनगिडी।

**इम्पैक्ट खिलाड़ी :** त्रिपुराणा विजय, समीर रिजवी, विपराज निगम, नीतीश राणा, कुलदीप यादव।

# म्यूनिख निशानेबाजी विश्व कप के लिए भारतीय टीम घोषित, तीन वर्ग में हिस्सा लेंगी मनु भाकर




**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर म्यूनिख निशानेबाजी विश्व कप में तीन वर्ग में हिस्सा लेंगी। इस टूर्नामेंट के लिए भारत ने टीम का एलान कर दिया है।

आईएसएसएफ वर्ल्ड कप म्यूनिख के लिए नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की चयन समिति ने 22-सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है। इस टीम में ओलंपिक में दो मेडल अपने नाम कर चुकीं मनु भाकर और उनकी साथी ओलंपियन और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता ईशा सिंह ही ऐसी सदस्य हैं, जो दो व्यक्तिगत पिस्टल इवेंट्स में हिस्सा लेंगी। मनु मिक्स्ड टीम पिस्टल इवेंट में भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। आईएसएसएफ राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप 26 से 31 मई के बीच जर्मनी के म्यूनिख में आयोजित किया जाएगा। खेल जगत में इसे पारंपरिक रूप से एक अत्यंत प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन माना जाता है। जर्मनी की राजधानी में स्थित प्रतिष्ठित 'ओलंपियाशीबानलागे' में मंगलवार को 25 मीटर पिस्टल विमेंस प्रेसिजन स्टेज इवेंट से होगी। इसके साथ ही, 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष वर्ग का क्वालिफिकेशन राउंड और महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन्स का एलिमिनेशन राउंड भी शुरू होगा, जिसके बाद 10 मीटर एयर राइफल मेंस इवेंट के लिए क्वालिफिकेशन राउंड होगा। पहले दिन दो फाइनल मुकाबले होंगे। इन इवेंट्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मेंस और 10 मीटर एयर राइफल मेंस शामिल हैं।

इस विश्व कप के लिए 80 देशों के कुल 696 एथलीट्स ने दावेदारी पेश की है। इनमें कई ओलंपिक और वर्ल्ड चैंपियन भी शामिल हैं, जो इस साल के अंत में होने वाले प्रमुख मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट और शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप से पहले अपनी तैयारी को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाजों के सामने परखने के लिए तैयार हैं। यह इस वर्ष का दूसरा राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले, अप्रैल में हुए ग्रेनाडा वर्ल्ड कप में भारत ने एक गोल्ड मेडल जीता था। उस टीम में घरेलू रैंकिंग में 3 से 6 के बीच स्थान रखने वाले निशानेबाज शामिल थे।

# कर्नाटक के पूर्व गेंदबाज अक्षय का दिल का दौरा पड़ने से निधन, रणजी ट्रॉफी विजेता टीम का थे हिस्सा

**बंगलूरू।** क्रिकेट के मैदान से एक दुखद खबर सामने आई है। कर्नाटक के पूर्व तेज गेंदबाज एसएल अक्षय का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। अक्षर रविवार को केएससीए तीसरे डिवीजन मैच में सैफायर सीसी की ओर से खेल रहे थे। लेकिन तभी उन्हें कुछ दिक्कत हुई।



कर्नाटक के पूर्व तेज गेंदबाज एसएल अक्षय का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 39 वर्ष के थे। अक्षय उस टीम का हिस्सा रहे थे जिसने 2014-15 सत्र में रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता था। वह रविवार को केएससीए तीसरे डिवीजन मैच में सैफायर सीसी की ओर से खेल रहे थे। मैच के दौरान चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद अक्षय ने असहज महसूस होने की शिकायत की और मैदान से बाहर चले गए। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 'अक्षय ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कर्नाटक का शानदार प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद भी उन्होंने पूरे समर्पण और जुनून के साथ क्रिकेट की सेवा जारी रखी।' जूनियर स्तर के कोच के रूप में उन्होंने युवा खिलाड़ियों को निखारने और उनका मार्गदर्शन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका राज्य में क्रिकेट प्रतिभाओं के विकास पर स्थायी प्रभाव पड़ा। एसएल अक्षय ने 2011 से 2013 के बीच कर्नाटक के लिए छह प्रथम श्रेणी, तीन लिस्ट ए और नौ टी20 मुकाबले खेले थे। खेल से संन्यास के बाद वह राज्य की अंडर-19 टीम के साथ कोचिंग से जुड़े हुए थे। पूर्व क्रिकेटर डोडा गणेश ने अक्षय के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट जगत के लिए बेहद दुखद खबर। 39 वर्षीय तेज गेंदबाज एसएल अक्षय, जिन्हें मैंने अंडर-19 दिनों से करीब से देखा था का, उनका आज एक डिवीजन मैच खेलते हुए निधन हो गया। मेरे पास अपने दुख को व्यक्त करने के लिए शब्द नहीं हैं। शांत स्वभाव के इस शख्स ने 2011/12 में कर्नाटक के लिए खेलते हुए अच्छी सफलता हासिल की थी, वह अब हमारे बीच नहीं हैं। अक्षय की आत्मा को शांति मिले।

# आईपीएल जिताने वाले कप्तान को एसआरएच ने किया ब्लॉक! डेविड वॉर्नर के खुलासे ने मचाई हलचल



**नई दिल्ली।** डेविड वॉर्नर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रिश्तों में आई खटास एक बार फिर चर्चा में आ गई है। ऑस्ट्रेलियाई स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने रविवार को खुलासा किया कि सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें अब तक इंस्टाग्राम पर ब्लॉक कर रखा है।

वॉर्नर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सनराइजर्स हैदराबाद के आधिकारिक अकाउंट का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें अकाउंट 'प्राइवेट' दिखाई दे रहा था। आमतौर पर ऐसा तब होता है जब किसी यूज़र को ब्लॉक किया गया हो। इसके साथ ही वॉर्नर ने फैंस से पोल के जरिए पूछा कि क्या यह वास्तव में सनराइजर्स हैदराबाद का ऑफिशियल अकाउंट है। मामला तब और ज्यादा चर्चा में आ गया जब एक फैन ने वॉर्नर की इंस्टाग्राम पोस्ट पर कमेंट करते हुए हैदराबाद को उन्हें अनब्लॉक करने की सलाह दी। इस पर वॉर्नर ने जवाब देते हुए लिखा, 'वे मुझे कभी अनब्लॉक नहीं करेंगे।' मौजूदा हालात तनावपूर्ण हैं, लेकिन डेविड वॉर्नर और सनराइजर्स हैदराबाद की जोड़ी आईपीएल इतिहास की सबसे सफल साझेदारियों में गिनी जाती है। वॉर्नर साल 2014 में इस टीम से जुड़े थे और जल्द ही टीम के सबसे अहम बल्लेबाज़ बन गए। 2015 में उन्हें कप्तानी सौंपी गई और उनकी अगुवाई में हैदराबाद ने 2016 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। उस सीजन में वॉर्नर ने बल्ले से शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने हैदराबाद के लिए खेलते हुए तीन बार ऑरेंज कैप (2015, 2017 और 2019) भी जीती।

डेविड वॉर्नर ने हैदराबाद के लिए 95 मुकाबलों में 4014 रन बनाए। इस दौरान उनका औसत 49.56 रहा। उन्होंने टीम के लिए दो शतक और 40 अर्धशतक भी लगाए। वॉर्नर सिर्फ अपने प्रदर्शन ही नहीं, बल्कि तेलुगु फिल्मों के गानों और डायलॉग्स पर बनाए गए उनके मजेदार वीडियो की वजह से भी 'ऑरेंज आर्मी' के बीच बेहद लोकप्रिय थे।

वॉर्नर और हैदराबाद के रिश्तों में दरार 2021 सीजन के दौरान आई। खराब फॉर्म और लगातार हार के बाद फ्रेंचाइज़ी ने बीच सीजन में उनसे कप्तानी छीन ली थी। इसके बाद वॉर्नर को प्लेइंग इलेवन से भी बाहर कर दिया गया। यूएई लेग के दौरान वह कई बार टीम डगआउट से अलग स्टैंड्स में बैठे नजर आए थे, जिसने दोनों पक्षों के बीच बढ़ती दूरी को साफ दिखाया। आखिरकार 2022 मेगा ऑक्शन से पहले हैदराबाद ने वॉर्नर को रिलीज कर दिया और उनका हैदराबाद अध्याय समाप्त हो गया। गौरतलब है कि दिसंबर 2023 में भी वॉर्नर ने खुलासा किया था कि जब वह पैट कमिंस और ट्रेविस हेड को हैदराबाद के साथ बड़ी डील मिलने पर बधाई देना चाहते थे, तब उन्हें पता चला कि फ्रेंचाइजी ने उन्हें ब्लॉक किया हुआ है।

# एफपीआई ने मई में ही निकाले 25,472 करोड़, साल 2026 में अब तक 2.14 लाख करोड़ की भारी निकासी

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मई में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से 25,472 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। शुद्ध निकासी एफपीआई द्वारा बाजार में लगायी गयी पूंजी और बाजार से निकाली गयी पूंजी का अंतर है।

एफपीआई का इक्विटी में निवेश मई में 30,374 करोड़ रुपये कम हो गया। म्यूचुअल फंड में भी उनके निवेश में कमी आयी है जबकि डेट और हाइब्रिड उपकरणों में उन्होंने पैसे लगाये हैं। म्यूचुअल फंड में एफपीआई का निवेश शुद्ध रूप से 702 करोड़ डॉलर घट गया। वहीं, डेट में उनका निवेश 4,563 करोड़ रुपये बढ़ा है। हाइब्रिड में उन्होंने 1,036 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। यह लगातार तीसरा महीना है जब एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले अप्रैल में उन्होंने 70,786 करोड़ रुपये और मार्च में रिकॉर्ड 1,26,991 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। फरवरी में उन्होंने बाजार में निवेश बढ़ाया था जबकि जनवरी में भी वे बिकवाल रहे थे। इस साल अब तक एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से शुद्ध रूप से 2,14,473 करोड़ रुपये निकाले हैं।

# लखनऊ सुपर जाएंट्स में हो सकता हैं बड़े बदलाव पंत से छिन सकती है कप्तानी; टॉम मूडी ने दिए संकेत




**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत की कप्तानी में लखनऊ सुपर जाएंट्स का प्रदर्शन एक बार फिर खराब रहा है। लखनऊ ने बहुत उम्मीदों से पंत को रिकॉर्ड दाम पर खरीदा था और केएल राहुल की जगह उन्हें कप्तान बनाया था। लेकिन लखनऊ के लिए पिछले दो सीजन खराब रहे, ऐसे में एक बार फिर बदलाव की मांग ने जोर पकड़ लिया है।

पिछले दो सत्र में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाने के कारण ऋषभ पंत से लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) की कप्तानी छिन सकती है। फ्रेंचाइजी के क्रिकेट निदेशक टॉम मूडी ने स्वीकार किया है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज दबाव को झेलने में असफल रहा है। एलएसजी 2025 में सातवें स्थान पर रहा था, जबकि इस सत्र में उसका प्रदर्शन पिछले साल से भी खराब रहा। पंत की कप्तानी में फ्रेंचाइजी ने दो सत्र में 28 मैचों में केवल 10 में जीत हासिल कीं। ऐसे में यह सवाल उठ रहे हैं कि क्या पंत का भी केएल राहुल जैसा ही हाल होगा? लखनऊ को पंजाब किंग्स के खिलाफ सीजन के अपने आखिरी ग्रुप चरण के मैच में सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मूडी ने कहा, अगर कप्तानी की बात करें तो निश्चित तौर पर उन्हें यह चुनौतीपूर्ण लगी है और परिणाम इसे दर्शाते हैं। हमें इस पर विचार करना होगा कि इस दबाव का बल्लेबाजी में उनके प्रदर्शन पर भी तो असर नहीं पड़ रहा है। मैं जानता हूं कि यह सत्र हमारे लिए मुश्किल रहा है, लेकिन हम इस पर विचार करेंगे। हम हर पहलू पर गौर करेंगे।

मूडी ने कहा, निश्चित रूप से हम अपनी अपेक्षाओं या मानकों पर खरे नहीं उतरे हैं। जहां तक फ्रेंचाइजी के नेतृत्व की बात है तो यह निश्चित रूप से एक ऐसा मुद्दा है जिस पर हम भविष्य में गंभीरता से विचार करेंगे। हम प्रत्येक सत्र में हर विभाग के प्रदर्शन पर गौर करते हैं और कुछ सोच-समझकर निर्णय लेते हैं, लेकिन निश्चित रूप से ऐसा लगता है कि हमें नए सिरे से शुरुआत करने पर विचार करने की जरूरत है।

# अंडर-23 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का जलवा, मांसी-काजल और सुमित ने जीते स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को आयोजित अंडर-23 एशियन रेसलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। भारतीय पहलवानों ने दूसरे दिन दमदार खेल दिखाते हुए कुल आठ पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया।

महिला 68 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारत की मांसी लाठर ने उज्बेकिस्तान की फिरूजा एसेनबाएवा को 14-1 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मुकाबले में मांसी पूरी तरह हावी नजर आईं। 76 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में भारतीय पहलवान काजल ने किर्गिस्तान की ऐजार्किन झानिबेकोवा को 10-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। काजल ने मुकाबले में विपक्षी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। ग्रीको-रोमन 63 किलोग्राम वर्ग में सुमित ने उज्बेकिस्तान के ओजोडबेक खलीलबोएव को 12-2 से हराकर भारत को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। स्वीटी ने फाइनल मुकाबले में कड़ा संघर्ष किया, लेकिन उन्हें वियतनाम की एनगोक एल के खिलाफ 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने रजत पदक हासिल किया।




# 600 रुपये सस्ता हुआ सोना, 1.64 लाख पर आया भाव

**नई दिल्ली।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने से सोने की कीमतों में 600 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, भाव 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आया। सर्राफा बाजार, चांदी के रेट और वैश्विक हलचल का पूरा हाल जानने के लिए पढ़ें हमारी विस्तृत रिपोर्ट।



सोने की लगातार आसमान छूती कीमतों के बीच त्योहारी और शादी के सीजन में खरीदारी का मन बना रहे लोगों के लिए थोड़ी राहत भरी खबर है। अमेरिका और ईरान के बीच चल रही कूटनीतिक बातचीत में प्रारंभिक प्रगति के संकेतों के बाद सर्राफा बाजार में सोने की तेजी पर ब्रेक लग गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को सोने का भाव 600 रुपये टूटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के साथ ही पिछले तीन दिनों से सोने की कीमतों में जारी तेजी का सिलसिला भी थम गया है।

स्थानीय बाजार के जानकारों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये की गिरावट के साथ 1,64,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई है। हालांकि, सोने के विपरीत चांदी की चमक बरकरार है। सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतों में कोई खास बदलाव नहीं हुआ और यह 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो हाजिर सोना (Spot Gold) मामूली गिरावट के साथ 4,522.32 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। वहीं, वैश्विक स्तर पर चांदी 1 प्रतिशत फिसलकर 75.87 डॉलर प्रति औंस पर आ गई है।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail : www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।